**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 24.8 | 14.1 |
| जमशेदपुर | 19.4 | 15.2 |
| डालटनगंज | 22.8 | 10.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* * * *



www.lagatar.in

शनिवार, 20 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल पक्ष 09, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 273

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## शहरी निकाय में बने अवैध भवन नियमितीकरण योजना का फाइनल ड्राफ्ट तैयार

# 7 लाख अवैध भवन नियमित किये जाएंगे

- विधि विभाग से फाइल लौटते ही ली जाएगी कैबिनेट की मंजूरी
- 31 दिसंबर 2019 से पहले बने अवैध भवन होंगे नियमित

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

झारखंड के शहरी निकायों में अवैध नक्शे पर बने 7 लाख से अधिक मकानों को नियमित करने की योजना का फाइनल ड्राफ्ट तैयार हो गया है. ड्राफ्ट तैयार करने के लिए बनी कमेटी ने ओडिशा, मध्यप्रदेश और तेलंगाना राज्य के मॉडल का अध्ययन कर और राज्य के स्टेक होल्डर्स से मिले सुझावों के आधार पर योजना का फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर विधि परामर्श के लिए फाइल विधि विभाग को भेजी है. वहां से फाइल लौटने के बाद कैबिनेट को भेजा जाएगी.

उम्मीद हैं कि जल्द ही इसे कैबिनेट से भी मंजूरी मिल जाएगी. इसके बाद राज्य के विभिन्न शहरी निकायों में बने अवैध मकानों के नियमित होने का रास्ता साफ हो जाएगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवंबर 2022 में ही शहरी निकायों में 31 दिसंबर 2019 के पहले बने अवैध भवनों को नियमित करने की योजना के ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी थी. इसके बाद नगर विकास विभाग ने इस ड्राफ्ट और बेहतर बनाने के लिए एक कमेटी बनाई. इस कमेटी ने प्रारूप पर स्टेक होल्डर्स और आम लोगों की राय और आपत्ति मांगी थी. योजना को लेकर कमिटी ने चैंबर ऑफ कॉमर्स समेत कई स्टेक होल्डर्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की गई थी.



### 75 फीसदी भवनों को नियमित करने का सुझाव दिया है

#### सुझावों और दूसरे राज्यों के मॉडल पर तैयार हुआ ड्राफ्ट

नये ड्राफ्ट का स्वरूप क्या होगा, यह अभी साफ नहीं है. समिति के एक सदस्य ने बताया कि सभी सुझावों और दूसरे राज्यों के ड्राफ्ट का स्टडी करने के बाद ड्राफ्ट बनाया गया है. सभी कमियों को दूर करने की कोशिश की गई है. गौरतलब है कि स्टेक होल्डर्स ने समिति को सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बने 75 फीसदी भवनों को नियमित करने का सुझाव दिया है. साथ ही सिंगल विंडो सिस्टम से योजना को लागू करने को कहा है. कुछ लोगों ने यह भी सुझाव दिया गया है कि मकानों को नियमित करने के लिए मिनिमल लैंड पेपर लिया जाए. जिन भवनों की ऊंचाई 15 मीटर से अधिक और 500 स्क्वायर मीटर प्लिंथ एरिया से ज्यादा है, उसका भी शुल्क के साथ नियमितिकरण का प्रावधान किया जाना चाहिए. साथ ही 15 मीटर से अधिक ऊंचे और 500 स्क्वायर मीटर से अधिक प्लिंथ एरिया वाले रेसिडेंशियल बिल्डिंग को नगर निगम क्षेत्र में 100, नगर परिषद में 75 और नगर पंयायत में 50 रुपये प्रति स्क्वायर मीटर की फीस लेकर रेगुलर किया जाना चाहिए.

#### चैंबर लगातार समिति से ले रही जानकारी : आदित्य मल्होत्रा

इस योजना को जल्द लागू करने को लेकर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स लगातार सरकार पर दबाव बनाये हुए है. चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि विभाग के अधिकारियों से लगातार इसकी प्रगति की जानकारी ली जा रही है. शुरुआत में कुछ लोग सुझाव देने से वंचित रह गये थे. उन लोगों के सुझाव भी समिति को भेजे गये हैं. जल्द ही योजना को लागू करने का आश्वासन मिला है.

---

### किसने क्या कहा

- विदेशी निवेशक अपनी प्रगति का नाता भारत के त्वरित उत्थान से जोड़ें : **नरेंद्र मोदी**
- सभी सीट पर अकेले लड़ने के लिए टीएमसी तैयार : **– ममता बनर्जी**
- महिला हॉकी टीम को विदेशी कोच की जरूर नहीं : **–धनराज पिल्लै**

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,400 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### राबड़ी के आवास पहुंची ईडी लालू-तेजस्वी को दिया समन

**पटना।** ईडी ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव को अपने पटना कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को लेकर फिर से समन जारी किया है. लालू को जहां 29 जनवरी को पेश होने के लिए कहा गया है, वहीं तेजस्वी को 30 को बुलाया गया है. ईडी की टीम समन देने के लिए पूर्व सीएम राबड़ी देवी के पटना स्थित आवास पर गई थी.

#### क्या राम एक मंदिर तक सीमित हैं : फारूक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शुक्रवार को सवाल किया कि क्या भगवान राम एक मंदिर तक ही सीमित हैं. उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए यह भी पूछा कि क्या श्री राम विशेष रूप से भाजपा या आरएसएस के ही हैं.

#### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' भारत के लिए नहीं : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के विषय पर सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिख कर कहा है कि संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाने वाले देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई स्थान नहीं है तथा उनकी पार्टी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध करती है.

#### सपा और रालोद के बीच चुनावी तालमेल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को गठबंधन की औपचारिक घोषणा की. इसके साथ ही रालोद ने कहा कि वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सात सीट पर चुनाव लड़ेगी. हालांकि अभी सीटों का खुलासा नहीं किया गया है.

#### बिलकिस केस में दोषियों की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में आत्मसमर्पण के लिए समय बढ़ाने के अनुरोध संबंधी 11 दोषियों की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी और कहा कि 21 जनवरी तक हर हाल में सरेंडर कर दें.

---

## ईडी के खिलाफ आदिवासी संगठनों का राजभवन मार्च, चेताया

# हेमंत को छुआ, तो जल उठेगा झारखंड





**कौशल आनंद। रांची**

ईडी की करवाई, केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ प्रमुख आदिवासी संगठनों ने शुक्रवार को राजभवन मार्च किया. मोरहाबादी मैदान से पैदल मार्च शुरू हुआ, जो रेडियम रोड, कचहरी चौक होते हुए राजभवन तक पहुंचा. मार्च में भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक हरवे-हथियार के साथ पारंपरिक वेष-भूषा में शामिल हुए. आदिवासी संगठनों ने केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी के समन को राजनीति से प्रेरित और एक आदिवासी सीएम के खिलाफ षडयंत्र करार देते हुए चेतावनी दी कि अगर हेमंत सोरेन को छुआ भी गया, तो झारखंड जल उठेगा.

**यह सीधे आदिवासी समुदाय पर हमला है :** केंद्रीय सरना समिति के बैनर तले आयोजित सभा को संबोधित करते हुए समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि एक आदिवासी सीएम को परेशान किया जा रहा है. उन पर दबाव बनाया जा रहा है. सरकार गठन के बाद से हेमंत सोरेन सरकार को गिराने, अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है. जब इसमें भाजपा के लोग सफल नहीं हो रहे हैं, तो अब हेमंत सोरेन को केंद्रीय जांच एजेंसियों के माध्यम से परेशान करने और तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है. यह सीधे तौर पर आदिवासियों पर हमला है, जिसे सीधा-सादा आदिवासी समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा. अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छुआ भी गया, तो झारखंड जल उठेगा.

-शेष पेज 8 पर

#### पीछे से वार करना छोड़े भाजपा

केंद्रीय सरना समिति के नारायण उरांव ने कहा कि येन-केन प्रकारेण एक आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा परेशान कर रही है. अगर भाजपा में हिम्मत है, तो वह हेमंत सोरेन से राजनीतिक मुकाबला करे. पीछे से वार करना छोड़ दे, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे.

### आठवें समन के बाद सीएम ने पत्र भेज कर ईडी को घर बुलाया

## ईडी आज दोपहर 12 बजे सीएम आवास में

**सौरभ सिंह। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अफसरों की टीम शनिवार दोपहर 12 मुख्यमंत्री आवास पहुंचेगी. ईडी के अफसर जमीन घोटाला मामले में सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज कर सकती है. ईडी के आठवें समन के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी कार्यालय को पत्र भेजा था. पत्र में ईडी अफसरों को पूछताछ के लिए कांके रोड स्थित सीएम आवास बुलाया है. सीएम के पत्र के बाद ईडी ने पूछताछ के लिए शनिवार दोपहर 12 बजे का समय तय किया है. इसे देखते हुए ईडी के रांची जोनल ऑफिस के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं.ऑफिस के बाहर भारी संख्या में सुरक्षा बल के जवानों को तैनात कर दिया गया है. जवानों की तैनाती शनिवार को भी रहेगी. ईडी के जो अफसर पूछताछ के लिए सीएम हाउस जायेंगे, उनके लिए भी हिनू स्थित ईडी कार्यालय से सीएम हाउस तक विशेष तौर पर स्कॉट की व्यवस्था की गयी है. इधर ईडी के विरोध में दर्जनों आदिवासी संगठनों ने राजभवन मार्च किया और ईडी के विरोध में और सीएम हेमंत सोरेन के समर्थन में नारे लगाये.

#### ईडी ऑफिस पुलिस छावनी में तब्दील

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर रांची एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के जोनल कार्यालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है. केंद्रीय बल के जवानों के साथ ही साथ भारी संख्य में झारखंड पुलिस बल के जवानों को तैनात कर दिया गया है. शुक्रवार से शनिवार तक जवान ईडी ऑफिस के बाहर तैनात रहेंगे. सुरक्षा के मद्देनजर दफ्तर के चारों ओर बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता कर दी गयी है. सुरक्षा जांच के बिना कोई भी ईडी दफ्तर में प्रवेश नहीं कर सकेगा. ज्ञात हो कि ईडी ने पूछताछ के दौरान विधि-व्यवस्था न बिगड़े, इसे लेकर गुरुवार को ही राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा था. ईडी के पत्र और आदिवासी संगठनों के विरोध मार्च को देखते हुए शुक्रवार से ही ईडी ऑफिस से लेकर सीएम आवास तक की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है. पूरे शहर में भारी संख्या में सुरक्षा बल के जवानों को तैनात कर दिया है.

#### दूसरे समन पर भी नहीं पहुंचे साहिबगंज डीसी

साहिबगंज में खनन घोटाला व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए दूसरे समन के बाद भी साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल ऑफिस नहीं पहुंचे. इससे पहले 11 जनवरी को ईडी ने रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा था, लेकिन वे नहीं आये थे. फिर 17 जनवरी को ईडी ने दूसरा समन भेजकर 19 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया, लेकिन वे फिर नहीं आये.

#### अवैध खनन की सीबीआई जांच पर हाईकोर्ट की रोक

**रांची।** साहिबगंज जिले रे नींबू पहाड़ के अवैध खनन मामले में की सीबीआई जांच पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है. सीबीआई द्वारा नींबू पहाड़ में अवैध खनन के मामले की जांच की जा रही थी. इस संबंध में सीबीआई ने कांड संख्या 06/23 दर्ज किया है. राज्य सरकार ने सीबीआई जांच के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. राजू सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन और पीयूष चित्रेश ने बहस की. सीबीआई की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजीआई) अनिल कुमार ने बहस की.

---

## रामलला की सौम्य-आकर्षक मूर्ति आई सामने



अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है. इससे पहले गुरुवार को रामलला की प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित कर दिया गया. इस बीच रामलला की पहली तस्वीर भी सामने आई. लेकिन रामलला की इस प्रतिमा को तैयार करने वाले मूर्तिकार अरुण योगीराज की पत्नी का कहना है कि रामलला की मूर्ति की पूर्ण तस्वीर अभी तक सामने नहीं आई हैं. अरुण योगीराज की पत्नी विजेता का कहना है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामलला की तस्वीरें लीक होने की वजह से वे थोड़े दुखी हैं. लेकिन खुशी इस बात की है कि रामलला की मूर्ति को लोगों का प्यार मिल रहा है. इतने प्यार को पाकर हम बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहे हैं. इससे हमारा जीवन धन्य हो गया है.



## असम में राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर केस दर्ज



**जोरहट।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के खिलाफ असम पुलिस ने केस दर्ज किया है. खबरों के अनुसार जोरहट शहर के अंदर तय मार्ग से कथित तौर पर भटकने के आरोप में भारत जोड़ो न्याय यात्रा और इसके मुख्य आयोजक केबी बायजू के खिलाफ पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज की है. पुलिस का कहना है कि न्याय यात्रा केबी रोड की ओर सीधे जाने के बजाय शहर के दूसरे रास्ते पर चली गयी. इस मार्ग की अनुमति नहीं दी गयी थी. पुलिस ने कहा कि इससे अराजक स्थिति पैदा हो गयी. भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी. यात्रा का तय मार्ग बदले जाने के कारण जोरहाट शहर में हमने प्राथमिकी दर्ज की है. इस बीच, विपक्षी नेता देबब्रत सैकिया ने दावा किया कि केस यात्रा के रास्ते में बाधाएं खड़ी करने की चाल है. ट्रैफिक डायवर्जन पर कोई पुलिस तैनात नहीं थी. हमारे साथ भीड़ बहुत बड़ी थी और निर्धारित मार्ग बहुत छोटा था. इसलिए हमने कुछ मीटर का एक संक्षिप्त चक्कर लगाया.

## रो पड़े मोदी, बोले- काश कभी मेरा ऐसा घर होता



**सोलापुर।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर पहुंचे. यहां उन्होंने राज्य के पीएम आवास योजना के लाभार्थियों से बात की. इस दौरान पीएम मोदी अपने बचपन का जिक्र करते हुए भावुक हो गए उनका गला इतना रुंध गया कि उन्हें अपना भाषण बीच में ही रोकना पड़ा. मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि यहां के हजारों गरीबों के लिए, हजारों मजदूर साथियों के लिए हमने जो संकल्प लिया था, वो आज पूरा हो रहा है. और मैं जाकर देख कर आया कि काश मुझे भी बचपन में ऐसे घर में रहने का मौका मिला होता. इतना कह कर पीएम मोदी ने अचानक कुछ देर के लिए भाषण रोक दिया. रुंधे गले से इसके बाद उन्हें भावुक होकर कहा, ये चीजें देखता हूं तो मन को इतना संतोष होता है, ये हजारों परिवारों के सपने जब साकार होते हैं, तो उनके आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी होते हैं. जब मैं इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास करने आया था, तब मैंने आपको गारंटी दी थी कि आपके घरों की चाबी देने भी मैं खुद आऊंगा.

---

**राजनीति** फिर तेज हो गई नीतीश कुमार के एनडीए में वापसी की चर्चा?

# राजद और भाजपा खेमे में हलचल, तेजस्वी बोले- ऑल इज वेल

**विशेष संवाददाता। पटना**

बिहार की सत्ता के पावर सेंटर नीतीश कुमार के फिर से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने की चर्चा तेज हो गई है. बिहार में सियासी पार चढ़ गया है. वहीं अब तक नीतीश के लिए एनडीए के दरवाजे बंद होने की बात करने वाली भाजपा के सुर भी नरम पड़ते जा रहे हैं. इन सबके बीच जदयू से लेकर राजद और भाजपा तक, मेल-मुलाकातों और बैठकों का दौर तेज हो गया है. नीतीश कुमार ने जदयू के सभी सांसदों और विधायकों से अगले आदेश तक पटना में मौजूद रहने के लिए कहा है. नीतीश सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को राजभवन पहुंच कर राज्यपाल से मुलाकात की.

-शेष पेज 8 पर





#### लालू-तेजस्वी ने नीतीश से की मुलाकात

इस बीच, विधायकों को आदेश-निर्देश जारी किए जाने के सिलसिले के बीच राजद के प्रमुख लालू यादव ने अपने पुत्र और बिहार सरकार में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की है. तेजस्वी ने इस मुलाकात को सामान्य बताते हुए सीट शेयरिंग पर चर्चा की बात कही है. उन्होंने यह भी दावा किया कि लालू यादव और नीतीश कुमार एक ही हैं. हम सभी लोग नीतीश कुमार के नेतृत्व में काम कर रहे हैं. तेजस्वी ऑल इज वेल का संदेश दे रहे हैं, तो वहीं राजद और जदयू के बीच क्रेडिट वार भी छिड़ा हुआ है.

#### महागठबंधन में तल्खी के बीच भाजपा के सुर नरम

बिहार भाजपा के नेता नीतीश के महागठबंधन में जाने के बाद से ही उनको लेकर आक्रामक तेवर अख्तियार किए हुए थे. पार्टी का शीर्ष नेतृत्व भी यह कह रहा था कि नीतीश के लिए एनडीए के दरवाजे अब बंद हो चुके हैं. लेकिन गृह मंत्री अमित शाह ने अब नीतीश को लेकर नरमी के संकेत दे दिए हैं. अमित शाह ने एक समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में नीतीश कुमार की पार्टी के एनडीए में शामिल होने को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा कि सियासत में जो और तो नहीं चलता. ऐसा प्रस्ताव मिलता है तो विचार किया जाएगा. इसके बाद बिहार भाजपा के नेता भी नरम पड़ गये हैं. और इनसे अटकलों को बल मिल रहा है.

#### राजद और जदयू में बढ़ी तल्खी

राजद और जदयू, दोनों ही दलों के बीच नीतीश सरकार के कामकाज का क्रेडिट लेने की होड़ चल ही रही है, अब कर्पूरी ठाकुर की जयंती को लेकर भी दोनों दलों के मतभेद सामने आए हैं. पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती को लेकर जदयू और राजद, दोनों ही दल अलग-अलग आयोजन करने जा रहे हैं. जदयू ने पहले कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम रद्द करने का ऐलान कर दिया था, लेकिन तभी राजद ने 23 जनवरी को जयंती समारोह आयोजित करने का ऐलान कर दिया. कर्पूरी ठाकुर बिहार के उन नेताओं में से एक हैं, जिन्हें ओबीसी पॉलिटिक्स का एक तरह से प्रतीक माना जाता है. राजद के दांव से जदयू बैकफुट पर आई और उसके अगले दिन यानी 24 जनवरी को पटना में बड़े कार्यक्रम के आयोजन का ऐलान कर दिया.

## आंध्र प्रदेश में भी शुरू हो गयी जातिगत जनगणना

**एजेंसी। हैदराबाद**

बिहार के बाद अब आंध्र प्रदेश सरकार ने भी शुक्रवार को सभी जातियों की गणना के लिए अपनी व्यापक जातिगत जनगणना शुरू कर दी है. सूचना मंत्री सी. श्रीनिवास वेणुगोपाल कृष्ण ने बताया कि जनगणना का पहला चरण 19 जनवरी से 10 दिनों के लिए तय किया गया है. उन्होंने कहा, जनगणना के एक चरण में केवल 10 दिनों के लिए ही आयोजित होगी. जरूरत पड़ने पर इसे कुछ दिनों के लिए आगे बढ़ाया भी जा सकता है. इसके लिए वॉलंटियर हर घर में जाएंगे. बिहार के बाद आंध्र प्रदेश जातीय जनगणना कराने वाला दूसरा राज्य बन गया है.

मंत्री ने कहा कि ग्राम सचिवालय प्रणाली के अधिकारी अंतिम रिकॉर्ड बनाने से पहले वॉलंटियर्स द्वारा दी गई जानकारी की जांच करेंगे. हर वॉलंटियर 50 घरों में जाएंगे. उन्होंने बताया कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया 15 फरवरी तक पूरी होगी. वाईएसआरसीपी सरकार ने जातिगत जनगणना को प्रमुख लक्ष्य के तौर पर निर्धारित किया है. उनका मानना है कि यह लोगों के जीवन स्तर को बदल सकता है. उन्होंने ने बताया कि कई ऐसी जातियां हैं, जो सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाती हैं, इससे उन्हें मदद मिलेगी. उन्होंने बताया कि आजादी के बाद से ही भारत में जातिगत जनगणना नहीं हुई है.

#### खास बातें

- 15 फरवरी तक जनगणना की प्रक्रिया हो जाएगी पूरी
- बिहार के बाद दूसरा राज्य बन गया आंध्रप्रदेश

# जमीनी हकीकत पार्ट 2 सरकार पर पूरा भरोसा है... बस दे दे रोजगार

# सीआरपीएफ कैंप को मिलता है पानी, ग्रामीण आज भी झरनों के भरोसे

बूढ़ा पहाड़ से लौट कर प्रवीण कुमार

बूढ़ा पहाड़ जहां चार दशकों से माओवादियों की समानान्तर सरकार चला करती थी. वहां आबुआ सरकार की झलक भी मिलनी शुरू हो गई है. लोग बेबाक तरीके से कहते हैं कि सरकार इलाके में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करे, रोजगार उपलब्ध करवा दे, तो सारी समस्या ही खत्म हो जाएगा. बूढ़ा पहाड़ में 10 आदिम जनजाति परिवार रहते हैं. वो आज भी झरनों के पानी से ही अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करते हैं. वहीं सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस का संयुक्त कैंप के लिए ओडिशा के पुंदाग से पानी लाया जाता है. पानी लाने के लिए सात सोलर मोटर पहाड़ों में लगाये गये हैं. गर्मी के दिनों में पहाड़ से बहने वाला झरना सूख जाता है. जिससे वहां रहने वाले परिवारों को काफी परेशानी का समाना करना पड़ता है.



## सरकारी राशन लाने के लिए खर्च करना पड़ता है 200

बूढ़ा पहाड़ के बिरजिया, कोरबा परिवारों को अपने 35 किलो राशन प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बार 200 रुपये खर्च करने पड़ते हैं. ये लोग ट्रैक्टर से 200 रुपये प्रतिव्यक्ति भाड़ा लेकर गांव तक अनाज लाते हैं. यदि जिला प्रशासन चाहे तो बहेराडीह में अनाज वितरण कर इस बेवजह हो रहे खर्चे को कम कर सकती है. साप्ताहिक बाजार के लिए लोग बरगढ़ या भंडरिया जाते हैं. इसके लिए उनको गाड़ी भाड़ा के रूप जाने-आने में 200 रुपए खर्च करने पड़ते हैं. बूढ़ा पहाड़ के मजदूरों का मनरेगा रोजगार कार्ड आज भी मदगड़ी निवासी अब्दुल मियां रखे हुए हैं. अर्जुन बिरजिया के नाम से तो बिचौलिया लोग हरेक साल 100 दिनों का काम दिखा कर पैसे गबन कर रहे हैं.




### पुराने दिनों का खौफ और दर्द जेहन में ताजा

जब कभी नक्सली लोग मीटिंग बुलाते थे, तो सभी बाल बच्चों सहित बैठक में उपस्थित होना हमारी मजबूरी थी. किसी परिवार ने घर में रहते बैठक में शामिल नहीं हुआ, तो उसे संगठन के सदस्यों द्वारा बेरहमी से सार्वजनिक दंड स्वरूप लाठी डंडों से पीटा जाता था, दिन हो या रात कभी भी संगठन के लोग आते तो उनको खाना बना कर खिलाने के लिए बाध्य किया जाता था. किसी को भी पुलिस मुखबिरी के नाम पर हत्या कर जी जाती थी.

### लड़के आज भी रोजगार के लिए कर रहे पलायन

गांव के रिहुल बिरजिया, सुहैल बिरजिया, दिनेश बिरजिया, दीपक बिरजिया, निर्मल बिरजिया, महेंद्र बिरजिया, दीपक कोरवा, प्रभु कोरबा, अशोक कोरबा, मनोहर कोरबा सरीखे युवाओं को आज भी मजदूरी के लिए केरल और बेंगलुरु का रुख करना पड़ रहा है. पहले ये सभी मओवादियों के डर से रोजगार के लिए पलायन चोरी- चुपके करते थे. आज मजबूरी में काम नहीं होने के कारण पलायन करने को मजबूर हैं.

### जबरन काम कराते थे माओवादी



बूढ़ा पहाड़ में रहने वाली **फूल कुमारी बिरजिया** अपने पुराने दिनों को याद करते हुए डरते हुए कहती है कि हम का खाना बनाया करते थे. माओवादी गांव के लोगों से जबरन काम करवाते थे. यहां पर कई जनअदालत लगयी गयी. जिसमें लोगो को पीटा भी जाता था. अब भी मन में यह डर लगा रहता है कहीं फिर से वही दिन ना आ जाएं. मुझे माओवादियों के लिए काम करने के आरोप में जेल भी जाना पड़ा था. जेल से छूटने के बाद हम लोग अपने गांव लौटे हैं, अभी सीआरपीएफ कैंप में काम करते हैं.

### तब जनअदालत आम बात थी




बहेराडीह के **बिफा बिरजिया** कहते हैं कि चार साल पहले अपने कुछ पैसों से छत्तीसगढ़ से एक पुरानी मोटरसाइकिल खरीदी थी. जिससे बाजार आना-जाना करते थे. माओवादियों ने उनकी मोटरसाइकिल ले ली और उन्हें पुलिस के मुखबिरी के तौर पर चिन्हित कर जनअदालत में में पिटाई की. उस दौर में जन अदालत आम बात थी.

### बच्चे को पढ़ता देख खुशी होती है



20 वर्षीय **गंगोत्री** पिता बलदेव बिरजिया कहती हैं कि 10 लड़कियां बूढ़ा पहाड़ में हैं, जो कभी स्कूल नहीं गयीं. एक साल पहले तक कोई बच्चा भी स्कूल नहीं गया था. अब बच्चों को स्कूल जाता हुआ देख, अच्छा लगता है. हम लोग पढ़े-लिखे नहीं हैं.

### पहले कैदियों की तरह थे हम



**नोमिया कुमारी** कहती हैं कि मैं भी स्कूल नहीं गई .पहले बूढ़ा पहाड़ में लोगो का जीवन कैदियों की तरह था. हमलोग बहुत कष्ट में रहते थे. सरकार हम लोग को प्रशिक्षण देकर अपने पैरों पर खड़ा करे. अभी कैंप में काम मिल रहा है.

## अन्नपूर्णा देवी ने किया गावां प्रखंड के कई गांवों का दौरा

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है : अन्नपूर्णा

प्रमुख संवाददाता। रांची/गिरिडीह

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह के साथ गिरिडीह के गावां प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया. उन्होंने माल्डा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी हिस्सा लिया और उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर का वितरण किया.

लोगों के संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश में कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है. इससे आम लोगों को काफी लाभ मिल रहा है. पीएम ने सभी वर्गों के विकास का ध्यान रखा है, जिसके कारण काफी संख्या में योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं. अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है. उसे हम सबको मिलकर 2047 तक पूरा करना है. हमें संकल्प लेना है कि जब देश की आजादी का शताब्दी वर्ष हो तब हमारा देश पूर्ण विकसित हो.



### भाजपा सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही : लक्ष्मण सिंह

लक्ष्मण सिंह ने कहा कि भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरे इसके लिए हम सबों को मिलकर काम करना है. मोदी सरकार के द्वारा उज्ज्वला, आयुष्मान भारत जैसी दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे काफी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं. भाजपा सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है.

### सांसद ने सुनी लोगों की समस्याएं

सांसद ने पटना, माल्डा, गावां, बिरने, मंझने समेत कई गांवों का दौरा कर लोगो की समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन दिया. मंझने गांव में सड़क हादसे में मृत भाजपा कार्यकर्ता सह उपमुखिया सबिता देवी के पति अशोक पंडित के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स भी बंधाया. मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, गिरिडीह जिला महिला सांसद प्रतिनिधि उषा देवी, बीडीओ महेंद्र रविदास, सीओ अविनाश रंजन, मुखिया गायत्री देवी, अनिता देवी समेत कई लोग मौजूद थे.

## यूजीसी नेट दिसंबर सेशन का रिजल्ट जारी

**रांची।** यूजीसी नेट दिसंबर सेशन का रिजल्ट जारी कर दिया गया है. हालांकि इसका सर्टिफिकेट अभी जारी नहीं किया गया है. यूजीसी का रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट ugcnet.nta.ac.in पर जाकर देख सकते हैं. एनटीए ने रिजल्ट की घोषणा गुरुवार देर रात कर दी. रिजल्ट देखने के लिए अभ्यर्थियों का अप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ का होना अनिवार्य है. ugcnet.nta.ac.in में जाकर छात्र स्कोर कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं. नेट की परीक्षा दिसंबर 2023 में ली गयी थी.

# उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रबंधक नियुक्त

संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में पठन-पाठन और शिक्षण गतिविधियों को अच्छा बनाने के लिए स्कूलों में प्रबंधकों की नियुक्ति की गई है. नियुक्त प्रबंधक अपने संचार कौशल और प्रबंधन से स्कूलों की देखरेख करेंगे. ये शिक्षक, अभिभावकों और छात्रों के बीच आपसी संबंध बनाएंगे. पहले 7 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नियुक्ति की गई है. ये नियुक्ति झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा की गई है. बाकी 73 स्कूलों में दूसरे फेज में नियुक्ति की जाएगी. छात्रों को शैक्षणिक वातावरण में रखना और स्कूल की बुनियादी ढांचे को देखने का जिम्मा प्रबंधकों के जिम्मे होगी. स्कूलों की आर्थिक कोष की देखभाल करना. स्कूल में स्वच्छता, प्रतियोगिताओं, गतिविधियों, वनभोज पर इन्हें ध्यान रखना होगा.

### इन स्कूलों में की गई नियुक्ति

- एसएम ओमाइर, टीवीएस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, जगन्नाथपुर, रांची
- **संजय झा, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, बर्मामाइंस, जमशेदपुर**
- शमी अख्तर जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, धनबाद
- **अनिल कुमार पांडेय, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू**
- वरत्न प्रसाद, बरियातू बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, रांची
- **शुभेंदु मजूमदार, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, चाईबासा**
- राम प्यारे सिंह, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, हजारीबाग

# बाबूलाल ने लॉन्च किया लोकगायक आशुतोष का अवध में राम आए हैं...

संवाददाता। रांची

अयोध्या में 22 जनवरी को विश्व के सबसे बड़े राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान है. इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के आशुतोष द्विवेदी का गाना अवध में राम आए हैं लॉन्च हुआ. झारखंड के पहले सीएम सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गाने के पोस्टर का अनावरण यूट्यूब पर अपलोड करके किया. इस अवसर मुख्य रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, भाजपा रांची महानगर के सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश पांडेय, सिंधु बाला, गीत के प्रोड्यूसर एके दिवाकर, संगीतकार हर्ष उपाध्याय, गीतकार अंबुज राय समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. आशुतोष द्विवेदी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर लोकगायक आशुतोष द्विवेदी के गाना अवध में राम आए हैं... प्रभु श्रीराम के जीवन और महिमा का पूर्ण वर्णन है. इस एलबम के लिए आशुतोष द्विवेदी की मां संगीता रानी, पिता तुहिन शरद द्विवेदी समेत रांची के कई संगीत प्रेमियों ने उन्हें बधाई और आशीर्वाद दिया है.




लोकगायक आशुतोष द्विवेदी का एलबम लांच करते बाबूलाल व अन्य.

## राजद लोकतांत्रिक के कैलाश यादव आज राजद में शामिल होंगे

**रांची।** राजद लोकतांत्रिक के कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश यादव पूरी टीम के साथ शनिवार को फिर से राजद में शामिल होंगे. उनके नेतृत्व में चंद्रिका यादव, चंदन यादव, आकाश यादव,सुनील यादव, समीर यादव, ललन यादव, नंदकिशोर ठाकुर, गोल्डन यादव, प्रिंस ठाकुर, मनीषा दास, उषा देवी, उमेश यादव, शंकर यादव, दिलीप यादव रोहित पांडेय, सौरभ सिंह, इम्तियाज रहमान, टिंकू खान, बॉबी खान, बीएल पासवान, दीनानाथ डॉन, मो. समसुद्दीन सहित भारी संख्या में आजसू, भाजपा, कांग्रेस, जदयू, बीजेएम के विभिन्न जिलों के नेता शामिल होंगे. जानकारी पार्टी के महासचिव नंदन यादव ने दी.


CLASSIFIED

































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शनिवार, 20 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल पक्ष 09, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 1, अंक : 273 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र



पेज 10



हार के बाद आंखें हुईं नम





जीत के बाद जश्न मनातीं खिलाड़ी

### पेरिस ओलंपिक का नहीं मिल पाया टिकट, प्रशंसकों का टूटा दिल

# जापान से हार कर टूटा भारत का सपना

**शुभम किशोर। रांची**

भारतीय महिला हॉकी टीम शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई, जिसे एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में जापान ने 1 . 0 से हराया. तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला हॉकी टीम की इस हार ने प्रशंसकों के दिल तोड़ दिये तो पेरिस में पदक की उम्मीद कर रहे थे. जापान के लिए काना उराता ने छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया. यह बढत आखिरी मिनट तक बनी रही, जबकि भारतीय टीम एक भी गोल नहीं कर सकी. भारत को मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका. अमेरिका और जर्मनी फाइनल में पहुंच कर पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं. रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के खेले गए भारत और जापान के मुकाबले में जापान शुरुआत से ही भारत पर हावी रही. जापान ने पहले क्वार्टर के छठें मिनट में गोल दागकर प्रेशर बना दिया. यह गोल टीम की कना उराता ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर किया. ये मुबाकले का एक मात्र गोल था. इसके बाद दोनों ही टीमों ने गोल के लिए लंबा संघर्ष किया.

लेकिन टीम गोल करने में नाकाम रहीं. मुकाबले में भारतीय टीम में तालमेल के कमी देखी गई. भारत की ओर से उदिता, बलजीत, सलीमा, संगीता ने काफी कोशिश की, बार-बार गेंद को गोल पोस्ट में डालने की कोशिश की, लेकिन टीम नाकाम रही. पूरे मुकाबले में जापान ने शानदार डिफेंस कर भारत के सभी प्रहारों को विफल किया. पूरे मैच में जापान को 4 पेनाल्टी कॉर्नर मिले, इसमें एक को टीम ने गोल में बदल डाला.

## अनुभव की कमी पड़ी भारीः धनराज पिल्लै



चार बार के ओलंपियन महान फॉरवर्ड धनराज पिल्ले ने कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूकी भारतीय महिला हॉकी टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की कमी नजर आई और उन्हें नहीं लगता कि टीम को विदेशी कोच की जरूरत है. धनराज ने कहा , पिछले एक डेढ साल में महिला हॉकी कोच को पूरी स्वतंत्रता दी गई . लेकिन तीन चार अनुभवी खिलाड़ी टीम में वापसी के लिए तरसते रहे जिन्हें सीनियर बोलकर टीम से निकाल दिया . उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में टीम की कप्तान रही रानी रामपाल का नाम लिये बगैर कहा, इन लड़कियों ने घरेलू हॉकी और राष्ट्रीय खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया . सीनियर खिलाड़ियों को टीम में रख कर कैसे अच्छा प्रदर्शन कराना है, यह कोच के हाथ में होता है . उन्हें मौका दिये बिना बाहर करना सही नहीं था . इसका नतीजा सामने है . उन्होंने कहा, यही समय था कि अनुभवी खिलाड़ियों को जूनियर खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए टीम में होना चाहिए था . फॉरवर्ड लाइन में तालमेल नहीं था हालांकि टीम को वंदना कटारिया की कमी खली जो चोट के कारण बाहर थी . धनराज ने कहा, मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ था जब 1998 एशियाई खेलों के बाद मेरे समेत सात लोगों को बाहर किया था लेकिन मैं छह साल और खेला . धनराज ने कहा कि अब इस झटके से महिला हॉकी को उबरने में काफी समय लगेगा .

---

## बेस्ट ग्रीन बिल्डिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनी रांची

**रांची ।** रांची स्मार्ट सिटी को एक बार फिर राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है. स्मार्ट सिटी को नई दिल्ली में बेस्ट ग्रीन बिल्डिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए अवार्ड मिला है. प्रगति मैदान में आयोजित कन्वर्जेंस इंडिया और स्मार्ट सिटी इंडिया एक्सपो में ग्रीनफिल्ड टाउनशिप के प्रोत्साहन के लिए भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन और एक्जीविशन इंडिया की ओर से सम्मानित किया गया. रूस के मास्को शहर के मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने झारखंड को अवार्ड दिया. रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ अमित कुमार और जीएम (टेक्निकल) राकेश कुमार नंदक्योलियार ने अवार्ड ग्रहण किया. रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने ग्रीन इनीशिएटिव के रूप में कई कदम उठाये हैं. नियम बनाया गया है कि धुर्वा में 656 एकड़ जमीन पर विकसित हो रहे एबीडी एरिया में बनने वाली हर बिल्डिंग को कम से कम ग्रिहा 2 रेटिंग का होना चाहिए.

## केलूडीह भुइयां धौडा में पड़ी दरारों का सर्वे

**कतरास ।** आकाशकिनारी कोलियरी के कैलुडीह भुइयां धौड़ा में आधा दर्जन आवासों व जमीन पर पड़ी दरार के बाद जीएम जीसी साहा, अवधेश कुमार सहित सर्वे विभाग के कई पदाधिकारी ने मौके का जायजा लिया. टीम ने मकान व जमीन पर पड़े दरारों का अवलोकन कर लोगों से जानकारी ली. परियोजना पदाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि यहां आग लगी हुई है. फिलहाल 4 लोगो का दूसरी जगह पुर्नवास करना है. इसके लिये उनका आधार कार्ड लिया गया है.जल्द ही उन्हें बसाया जाएगा. पीओ ने बताया कि यहां से लोगो को हटने के लिये कई बार नोटिस भी दिया जा चुका है.निकट के बिसपट्टिया के भी लोगो को हटने का नोटिस व जगह दिया गया है.लेकिन अभी-तक लोग डेंजर जोन में ही रह रहे है.बता दे कि गुरुवार को अचानक घरो में दरार पड़ने के साथ गैस रिसाव होने लगा था. इससे यहां के लोग सकते में है.

### मंडल संसदीय समिति की बैठक में धनबाद, गिरिडीह, चतरा व पलामू के सांसद समेत जुटे कई प्रतिनिधि, बोले

# धनबाद से और नई ट्रेनें चलायें

**संवाददाता। धनबाद**

शुक्रवार को धनबाद डीआरएम कायार्लय में मंडल संसदीय समिति की बैठक में धनबाद, गिरिडीह, चतरा और पलामू के सांसद समेत कई जिलों के सांसद और उनके प्रतिनिधि जुटे. इनके अलावा ईसीआर हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक एके खंडेलवाल भी थे. बैठक की अध्यक्षता धनबाद के सांसद पीएन सिंह ने की. सांसद ने कहा कि धनबाद से दिल्ली, बेंगलुरु और गोरखपुर के लिए रेलवे नई ट्रेन चलाए. ताकि धनबाद समेत आसपास के जिलों के लोगों को भी फायदा हो सके. धनबाद से इलाज के लिए महानगरों के अस्पतालों में रोजाना सैकड़ों लोग जाते हैं. पढ़ाई व जरूरी काम से भी लोगों का आना-जाना लगा रहता है. नई दिल्ली व बेंगलुरु की ट्रेन मिलने से काफी सुविधा होगी. इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना काल में बंद धनबाद-सिंदरी-गोमो पैसेंजर और धनबाद-आसनसोल पैसेंजर को पुनः चलाएं. ताकि यात्रियों की परेशानी दूर हो सके. टाटा-स्वर्णरेखा एक्सप्रेस को रखितपुर स्टेशन पर ठहराव कराया जाए. रांची कामाख्या समेत एक दर्जन ट्रेनों में आपातकाल कोटा से टिकट उपलब्ध कराएं. इन ट्रेनों में आपातकाल कोटा से टिकट उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है.

गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह, पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने भी अपने संसदीय क्षेत्र से गुजरनेवाली ट्रेनों और स्टेशनों में सुविधा बढ़ाने की मांग की. बैठक में शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि नागेन्द्र महतो, सांसद जयंत सिन्हा प्रतिनिधि चन्द्र भूषण प्रसाद, सांसद संजय सेठ के प्रतिनिधि प्रीतम साहू, सांसद अजय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि विक्रम सिंह चंदेल, सांसद पकौड़ी लाल के प्रतिनिधि कृष्णा गौतम, सांसद विजय कुमार के प्रतिनिधि अजय कुमार सिन्हा उपस्थित थे.



- कोरोना काल में बंद सिंदरी और धनबाद-आसनसोल पैसेंजर ट्रेन पुन : चलाने की मांग
- रांची-कामाख्या समेत एक दर्जन ट्रेनों में आपातकाल कोटा से टिकट करायें उपलब्ध

### देर शाम ईसीआर जीएम ने धनबाद स्टेशन परिसर का किया निरीक्षण

मंडल संसदीय समिति की बैठक के बाद ईसीआर हाजीपुर जोन के जीएम एके खंडेलवाल देर शाम धनबाद स्टेशन पहुंचे और स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया . फ्लाई ओवर ब्रिज, क्रू लॉबी, प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, स्टॉल, सफाई की जायजा लिया . जहां – जहां गड़बड़ी देखी उसे दुरूस्त करने को कहा गया . जीएम के साथ रेलवे के कई अधिकारी व कर्मी थे .

झारखंड में बढ़ता अपराध

# छतरपुर में दिनदहाड़े सीएसपी से 4.5 लाख रुपये की हुई लूट

**संवाददाता। छतरपुर (पलामू)**

छतरपुर थाना के सटे व्यवसायी पुत्र की सरेआम हत्या के 24 घंटों के अंदर बेखौफ अपराधियों ने क्षेत्र के खजूरी नोडीहा पंचायत के खजूरी गांव में दिन दहाड़े चार अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर सीएसपी संचालक से लगभग साढे. चार लाख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया है.

सीएसपी संचालक नागेंद्र यादव ने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति उच्च विद्यालय के समीप अपने सीएसपी का संचालन कर रहे थे. इसी बीच लगभग दिन के करीब एक बजे करीब दो बाइक सवार चार अपराधी आए. इसमें एक बाइक पर ही था. तीन हथियार लहराते हुए सीएसपी के अंदर घुस कर उनके उपर हथियार तान कर काउंटर में रखें 4.5 लाख रुपए लूट लिए. इस दौरान अपराधियों ने वहां पास में खड़े दो ग्राहकों से मोबाइल भी लूट लिया.

**खास बातें**

- जाते वक्त दो ग्राहकों से मोबाइल भी लूट लिए
- पुलिस कर रही जांच, मोबाइल हुआ बरामद

### घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हुए

घटना के बाद अपराधी बाहर से गेट बंद कर फरार हो गए . बाद में वे किसी तरह लोगो को बुला कर दरवाजा खुलवाया . मामले की जानकारी छतरपुर थाना की पुलिस को दी . बाद में पुलिस जांच में आधा किलोमीटर दूर लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया . इस संबंध में छतरपुर थाना की पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है . अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा . छतरपुर में बढ़ते अपराध से लोग भयभीत हैं .

## आईटी रेड जारी, 5 करोड़ नकद, जेवर मिले

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद में आयकर विभाग की छापेमारी तीसरे दिन भी जारी रही. इस छापेमारी में अब तक 5 करोड रुपए नगद, 3 किलो सोना के जेवरात और 14 लॉकर मिले हैं. इसके अलावा जांच टीम कोयला कारोबारियों के भट्टे में मौजूद कोयले का मूल्यांकन कर रही है. साथ ही कोयले के खरीद फरोख्त की भी जांच जारी है, अब तक सूत्रों के अनुमान के मुताबिक कोयले का मूल्यांकन कई सौ करोड़ की राशि तक पहुंचा है. कोयला कारोबारियों के14 लॉकर सील किए गए हैं, जिनकी जांच बाद में होनी है. कोलकाता, पुरुलिया और रायपुर से टीम रात में लौट आई है, जबकि अन्य स्थानों में टीम की दबिश जारी है.

बता दें कि धनबाद के कोयला कारोबारियों के खिलाफ आयकर विभाग की टीम छापेमारी कर रही है. ये रेड तीन दिनों से जारी है. शनिवार को भी जारी रहेगी. इन तीन दिनों में टीम ने कोयला कारोबारी के करीब 56 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी थी. टीम ने कोयला कारोबारियों के भट्ठे में मौजूद कोयले का मूल्यांकन कराया है, टीम ने बीसीसीएल, ईसीएल और सीएमपीडीआई से प्रतिनिधि बुलाए थे, इसके अलावा पूर्व में खरीद बिक्री हो चुके कोयले का भी हिसाब किताब किया जा रहा है. आयकर विभाग की टीम बारीकी से जांच कर रही है. जांच में एक सौ से अधिक अधिकारियों व कर्मियों को लगाया गया है. दीपक पोद्दार का वैडलॉक होटल और रिजॉर्ट समेत निर्माणाधीन फाइव स्टार होटल भी जांच के दायरे में है. कई कोयला व्यवसायियों ने कारोबार में कितना निवेश किया है, इसकी भी जांच की जा रही है. आयकर विभाग यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि दोनों कोयला कारोबारी के कारोबार में किसी नेता या अधिकारी का पैसा लगा हुआ है. शनिवार को भी जांच जारी रहने की संभावना है. टीम में बिहार के भी आयकर विभाग के अधिकारी व कर्मी हैं.

## कोयला कंपनी के दफ्तर में की गयी गोलीबारी

**हजारीबाग।** अपराधी विकास तिवारी के नाम पर अपराधियों ने गोलीबारी की है. गिद्दी थाना क्षेत्र के बैंक आफ इंडिया के पास शुक्रवार की देर शाम हुई है. जहां कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगी कंपनी के कार्यालय में घुसकर बाइक पर सवार दो अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, और मारपीट की, इसके बाद अपराधी कर्मियों का मोबाइल फोन लेकर भी भाग गये. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. इससे पहले भी गिद्दी में अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था. इसके बाद केरेडारी में दो दिन पहले अपराधियों ने एनटीपीसी पर गोलीबारी की थी. हाल के दिनों में रंगदारी मांगने की घटना में बढ़ोतरी हुई है.

## विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**संवाददाता। जमशेदपुर**



मृतक

सिदगोड़ा के न्यू बारीडीह स्थित जेपीएस स्कूल के पास विवाद के बाद जोन नंबर 7 के 30 वर्षीय जगदीप सिंह उर्फ गोलू की पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी. घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए. इधर, गुस्साए लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जम कर उत्पात मचाया. लोगों ने मैदान में खड़े कन्वाई में जमकर तोड़फोड़ की.

स्थानीय लोगों ने सिदगोड़ा थाने का भी घेराव कर दिया. इधर, कार्रवाई करते हुए सिदगोड़ा पुलिस आरोपियों के परिजनों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई. जगदीप टिनप्लेट कंपनी में ठेकाकर्मी था. वह कंपनी में वाहन चलाने का काम करता था.



परिजन को ले जाती पुलिस.

**दोस्त को घर छोड़ने के बाद हुई घटना :** परिजनों ने बताया कि गुरुवार को जगदीप अपने साथी विक्की को उसके घर कालूबगान में छोड़ने जा रहा था. इसी बीच रास्ते में बस्ती के ही कर्में, नंदे और रोहित से उसका विवाद हो गया. हालांकि मौके पर स्थानीय लोगों ने दोनों के बीच सुलह करवा दी.

जगदीप जब विक्की को उसके घर छोड़ कर वापस लौट रहा था तभी रास्ते में 15-20 युवकों ने उसे रोका और उसकी पिटाई करने लगे. सभी के पास हॉकी स्टिक और बैट था. मारपीट करने के बाद सभी मौके से फरार हो गए. स्थानीय लोगों द्वारा जगदीप को इलाज के लिए टिनप्लेट अस्पताल लेकर पहुंचे पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया.फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

**अनदेखी** 125 एकड़ का तालाब सिकुड़ कर हो गया 35 एकड़ का, 100 साल से अधिक पुराना है तालाब

# भू-माफिया का निवाला बने रेलवे के दो तालाब, 90 एकड़ पर कब्जा

**रंजीत कुमार। धनबाद**

पर्यावरण को हरा-भरा रखने और भूगर्भ के जलस्तर को ऊपर तक रखने के लिए धनबाद में अंग्रेजों के जमाने में रेलवे के साथ-साथ शहरी व ग्रामीण इलाके में सैकड़ों तालाब बने, लेकिन अधिकतर तालाब आज की तारीख में लुप्त हो चुके हैं और कई लुप्त होने के कगार पर है. ऐसे ही तालाबों में रेलवे के दो ऐसे तालाब हैं, जो धनबाद स्टेशन के पूर्व व पशिचम दिशा में एक-एक किमी की दूरी पर हैं. अंग्रेजों के जमाने में बना रेलवे के तालाब का 90 एकड़ हिस्सा भू-माफिया का निवाला बन चुका है.


तालाब के किनारे के हिस्से को जमीन तैयार कर सैकड़ों घर बन गए है, जो खुद को अब रैयती बता रहे हैं. बकायदा गृह स्वामी के पास रजिस्ट्री की हुई जमीन के कागजात भी हैं. निगम को होल्डिंग टैक्स भी दे रहे हैं. आजादी से पहले दोनों तालाब 125 एकड़ का था, लेकिन वही तालाब 76 साल बाद सिकुड़ कर 35 एकड़ का हो गया.

## आजादी के बाद किनारे-किनारे वर्षों तक कूड़ा भर तैयार कर ली जमीन, फिर बन गये मकान

### कार्यालय व सैकड़ों क्वार्टरों में होती थी दोनों तालाब के पानी की सप्लाई

दोनों तालाब 100 साल से अधिक पुराने है. इसका इस्तेमाल स्टीम इंजन के चलाने के साथ-साथ रेलवे क्वार्टरों में पानी की सप्लाई भी होता था. एक दर्जन से अधिक रेलवे के क्वार्टरों, कार्यालयों, स्टेशन में फिल्टर किया हुआ पानी पाइप से पहुंचाया जाता था, जो अब स्टेशन को छोड़ कर बाकी जगहों पर बंद हो गया. दोनों तालाबों पर कब्जा करने के लिए आजादी के बाद आसपास के लोग किनारे-किनारे कई वर्षों तक कूड़ा डालते रहे. फिर जमीन तैयार घर-मकान-फ्लैट बनाते चले गए. अधिकारियों की अनदेखी से कहीं दोनों तालाब अतीत न बो जाएं. अभी क्वार्टरों व कार्यालयों में बोरिंग के साथ मैथन जलापूर्ति योजना के तहत पानी सप्लाई होती है.





### रेलवे के पास तालाब का नक्शा तक नहीं, घर बनाने वाले बता रहे रैयती

धनबाद रेल मंडल पहले पूर्व रेलवे कोलकाता जोन के अधीन था. वर्ष 2000 के बाद पूर्व मध्य रेलवे जोन हाजीपुर के अधीन आया. तालाब के किनारे जमीन कब्जा कर घर बनाने का विवाद छिड़ा तो दोनों पक्ष आमने सामने आ गए. घर बनाने वालों ने अधिकारियों को रैयती का डीड दिखायी और कहा कि वे लोग होल्डिंग टैक्स भी दे रहे हैं. मामला कोर्ट पहुंचा तो रेलवे से नक्शा मांगा गया. फिर पता चला कि पहले धनबाद समेत दर्जनों स्टेशन आसनसोल रेल मंडल का हिस्सा थे. आसनसोल रेल मंडल के पास ही नक्शा है. अधिकारियों ने आसनसोल मंडल से नक्शा मांगा तो जवाब आया कि नक्शा उनके पास भी नहीं है. यही हाल रहा तो आनेवाले दोनों तालाब लुप्त हो जाएंगे.

## साइबर अपराधी को पकड़ने में नदी में डूबे सिपाही का पता नहीं

**संवाददाता । धनबाद**

टुंडी के मधुरसा बेजराबाद में साइबर अपराधी को पकड़ने के दौरान बराकर नदी में डूबे सिपाही संदीप मंडल का 36 घंटे बाद भी पता नहीं चला. देवघर से टुंडी पहुंची एवडीआरएफ की टीम भी दिनभर में नदीं में सिपाही की तलाश नहीं कर पायी. टीम में शामिल गोताखोरों ने काफी प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक पता नहीं चला.

साइबर थाना के अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को दोपहर में पता चला था कि साइबर अपराधियों की टीम मधुरसा में है और यहां से देशभर के लोगों से ऑनलाइन व मोबाइल के माध्यम से ठगी का काम करते है. धनबाद से साइबर थाना की टीम टुंडी के मधुरसा पहुंची और साइबर अपराधियों को घेर लिया. खुद को घिरता देख गली और झाड़ियों से होकर भागने लगे. भाग दौड़ में दो सिपाही दो साइबर अपराधियों के पीछे दौड़े तो वे लोग नदी में छलांग लगा दी. फिर दोनों सिपाही भी नदीं में कूद गए, लेकिन अपराधी तेज से तैर कर नदी पार कर गए और भाग निकले. नदी में कूदे सिपाही वापस तैर कर लौट रहे थे, तभी संदीप मंडल डूब गया और दूसरा सिपाही निकल आया. गुरुवार से शुक्रवार तक दो दिन स्थानीय गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम सिपाही को नहीं खोज पायी. नदी में काफी पत्थर है और तेज बहाव है, टीम का मानना है कि संभवतः शनिवार या रविवार को ही पता चल पाएगा. मौत हो गई है तो लाश स्वतः तैर कर उपर आ जाएगा. सिपाही संदीप के भाई व मामा बोकारो से टुंडी पहुंचे हैं. घरवाले अनहोनी की आशंका से काफी डरे हुए है.

### ब्रीफ खबरें

### कल शांति भवन से निकलेगी शोभायात्रा

**धनबाद ।** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा धनबाद भी राममय हो चुका है. शहर की हृदयस्थली बैंक मोड़ के शांति भवन स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से रविवार को भव्य राम ध्वजाशोभा यात्रा निकाली जाएगी. रविवार प्रातः 8 बजे शांति भवन से 300 भक्त राम ध्वजा लेकर शोभा यात्रा लेकर निकलेंगे, जिसमें आकर्षण का केंद्र घोड़े की बग्घी पर सवार राम दरबार, साथ में आधा दर्जन घोड़े, रामगढ़ की सुनामी ताशा पार्टी, डीजे, केसरिया पगड़ी में रामभक्त, आतिशबाजी, होली के रंग होंगे.

### मीडिया कोषांग की जानकारी दी गई

**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है, अगले दो माह में चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार और चुनाव से जुड़े अन्य कार्यों में तेजी आएगी. इस दौरान चुनाव आयोग की पेड न्यूज, फेक न्यूज पर कड़ी नजर रहेगी. वाट्सएप्प, टिविटर, फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम आदि पर भ्रामक खबरें फैलाने से कर किसी को बचने की जरूरत है. यह जानकारी शुक्रवार जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय ने दी.

### 20 फरवरी तक आरा भूल रास्ता रहेगा बंद

**धनबाद।** नया बाजार से वासेपुर होकर भूली आने जाने वाले लोगों को अगले एक माह तक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता दिनेश प्रसाद ने बताया कि भूली जानेवाले वाला पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसका मरम्मत कार्य 20 जनवरी तक पूरा होना था, लेकिन कार्य पूरा नहीं हो सका है. आरा मोड़ से भूली मोड़ तक एक किलोमीटर सड़क मार्ग अब 19 फरवरी तक अवरुद्ध रहेगा.

### माले नेत्री सोनामुन्नी को श्रद्धांजलि दी गई

**मैथन।** भाकपा माले की नेत्री सोनामुनि कर्मकार के निधन पर शुक्रवार को मैथन के नयानगर में श्रद्धांजलि दी गई. कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर और दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि दी. 75 वर्षीय सोनामुनि कर्मकार नयानगर की रहने वाली थीं. वह अपने रिश्तेदार के पास चंद्रपुरा गई थीं, जहां उनका निधन हो गया. कुछ वर्ष पहले उनके पति इस दुनिया से चल बसे थे. सोनामुनि कर्मकार को कोई संतान नही थी.

### ग्रामीण बैंक में आग,दो लाख रु. का नुकसान

**कतरास।** कतरास के भगत सिंह चौक स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में गुरुवार की देर रात आग लग गई. अगलगी की घटना में बैंक में रखा कंप्यूटर सेट, नोट काउंटिंग मशीन, कैश काउंटर व सीसीटीवी कैमरे जल गए हैं. कुल करीब दो लाख की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है. बैंक मैनेजर पल्लवी कुमारी साहा ने बताया कि गुरुवार की शाम लगभग 6:30 बजे बैंक को बंद कर वह अन्य कर्मियों के साथ घर चली गईं शुक्रवार की सुबह लगभग 9:45 बजे जब बैंक पहुंचीं, तो घटना की जानकारी मिली.

### मतगणना स्थल नहीं बनाने का किया अनुरोध

**धनबाद।** बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल धनबाद जिला चैंबर के अध्यक्ष चेतन गोयनका के नेतृत्व में धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन से मिला. बाजार समिति चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने उपायुक्त को बताया कि बाजार समिति परिसर से धनबाद जिले के साथ-साथ अन्य कई जिलों में खाद्यान्न फल एवं आलू प्याज इत्यादि की आपूर्ति की जाती है. यहां स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल बनाने से मंडी में एक से डेढ़ महीने तक माल का आवागमन बाधित होता है.

### बीमा राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया गया

**धनबाद।** धनबाद में बीमा कर्मचारी संघ की ओर से जीवन बीमा राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया गया. इस अवसर पर बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के धनबाद क्षेत्र के इकाइयों द्वारा शुक्रवार की शाम रणधीर वर्मा चौक पर मोमबत्ती जुलूस निकाला गया. हेमंत मिश्रा ने बताया कि 19 जनवरी 1956 को तत्कालीन वित्त मंत्री सी डी देशमुख ने संसद में अध्यादेश लाकर देश में जीवन बीमा व्यावसाय के राष्ट्रीयकरण की घोषणा की थी.

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए जोर-शोर से चल रही है तैयारी

# कोयलांचल के मंदिर होंगे जगमग

संवाददाता ।धनबाद

अयोध्या में हो रहे राम लला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कोयलांचल के विभिन्न मंदिरों में भी तैयारी जोरों पर है .पूरा शहर राममय हो गया है .इस ऐतिहासिक पल में कोई कमी न रहे इसके लिए मंदिर के अध्यक्ष ,सचिव ,पुजारी और सदस्यगण खुद जुटे हुए हैं.धनबाद के सिंदरी स्थित आरएमके-4 जयहिंद क्लब काली मंदिर में 22 जनवरी को 2051 दीपक जलाए जाएंगे. मंदिर परिसर को लाइट बत्ती से सजाया जाएगा .अयोधया में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त यहां भी राम जी की पूजा की जाएगी . इसके बाद आरती होगी और 12 बजे भक्तों को प्रसाद विरतण किया जाएगा .शाम को महाआरती होगी और फिर भक्तों के बीच बूंदी प्रसाद का वितरण किया जाएगा .इसके बाद पूरे मंदिर परिसर को दीपक से सजाया जाएगा.इसके लिए आरएमके फोर के सभी भक्त भी अपने अपने घरों से 5 -5 दीपक ले कर मंदिर परिसर पहुंचेंगे.यह जानकारी मंदिर के पुजारी सुकुमार बैनर्जी , टुटुल चटर्जी .ओपी कपूर,डॉक्टर बापी देवनाथ ने दी .

**1001 दीपक जलाए जाएंगे :** धनबाद के सिंदरी स्थित साईं मंदिर मे 22 जनवरी को 1001 दीपक जलाए जाएंगे .सुंदरकांड पाठ किया जाएगा .गर्भगृह में पूजा के वक्त यहां भी पंडित विभाष ठाकुर के द्वारा राम जी की पूजा की जाएगी .पूरे मंदिर परिसर को फूल माला के साथ साथ रंग बिरंगे लाइट से सजाया जाएगा .और भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेग .उक्त जानकारी मंदिर के संरक्षक रविंद्र प्रसाद सिंह,पुजारी सहदेव बैनर्जी ,अरुण सिंह ,जय प्रकाश शर्मा,राजू पांडेय ,सतीश सिंह और अशोक सिंह ने दी.

**तालाब में गंगा महाआरती :** धनबाद सिंदरी के शाहरपुरा स्थित शिव मंदिर में 22 जनवरी को 1001 दीपक के साथ साथ मंदिर प्रांगण में बने तालाब में गंगा महाआरती भी की





### 22 के कार्यक्रम को लेकर सिंदरी में हुई शांति समिति की बैठक

**सिंदरी ।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में स्थित प्रभु श्री राम लला मंदिर के गर्भगृह में रखे गए मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को सिंदरी के विभिन्न मंदिरों सहित धार्मिक स्थलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इसको लेकर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में सिंदरी थाना सभागार और गौशाला ओपी प्रभारी बिरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गौशाला ओपी में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. सिंदरी थाने में आयोजित बैठक में प्रभारी ने सदस्यों को बताया कि डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है. इसके साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाहों की पुलिस को सूचना देने सहित समिति को सतर्क रहने की सलाह दी गई. बैठक में सिंदरी थाना के थाना प्रभारी सह निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह, एसआई अनूप साव, एसआई आदर्श कुमार, एसआई इतु आचार्या, एएसआई विनय कुमार दुबे, महेंद्र पांडेय, अजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार, सुखलाल मरांडी, पवन शर्मा, भक्तिपद पाल, छोटन चटर्जी, राकेश तिवारी, विजय सिंह, आलोक बनर्जी, रंटू ओझा, पवन ओझा, प्रशांत कुमार दुबे, सुरेश राउत, रंजना शर्मा, कांति सिंह शामिल थे.

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर किया रक्तदान

**कतरास।** श्री राम मंदिर प्रांगण प्रतिष्ठा को लेकर राजस्थानी समाज भवन कतरास हटिया में राम भक्तों के द्वारा शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो चिकित्सक बी एन चौधरी ,डॉक्टर उमाशंकर सिंह एवं मारवाड़ी महिला समिति सुनीता अग्रवाल एवं यूथ ब्रिगेड के कुलदीप अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया. मालूम हो कि रक्तदान शिविर का आयोजन मारवाड़ी महिला समिति कतरास मारवाड़ी सम्मेलन कतरास, डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान ( राजेंद्र क्लब ) कतरास ,दाता का दरबार श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम कतरास, श्री श्री सर्वजनिक काली पूजा समिति कतरास एवं लायंस क्लब का कतरास के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया.शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से मारवाड़ी महिला समिति की राखी चौधरी, रितु अग्रवाल ,दीपा अग्रवाल ,शिल्पा गोयल, मीना अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, रूपा खंडेलवाल, अंशु अग्रवाल, कविता अग्रवाल, डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान राजेंद्र क्लब के अध्यक्ष अशोक चौरसिया ,सचिव बिनोद रजक वरीय सदस्य शिवेश विश्वकर्मा सोनू शर्मा दुर्गा पूजा समिति के सचिव मुकेश भट्ट की सराहनीय भूमिका रही.

### कतरास, तेतुलामारी और महुदा में हुई शांति समिति की बैठक

**कतरास/महुदा/तेतुलामारी ।** राम जन्म भूमि अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शुक्रवार को कतरास रामकनाली ओपी तेतुलामारी भाटडीह ओपी एवं महुदा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई. महुदा थाना में निरीक्षक अलविनूस इंदवार व थानेदार योगेश कुमार महतो , कतरास थाना प्रभारी,रामकनाली ओपी प्रभारी जितेन्द्र कुमार तेतुलामारी थाना प्रभारी,भाटडीह ओपी में प्रभारी सौरभ चौबे की अध्यक्षता मे बैठक संपन्न हुई. बैठक में धार्मिक उत्सव को शांति एवं सौहार्दपुर्ण रूप से मनाने की अपील की गई.इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों से 22 जनवरी को राम जन्म भूमी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित क्षेत्र में जुलूस के दौरान डीजे की जगह छोटे साउंड सेट को प्रयोग में लाने का आग्रह किया. क्षेत्र में किसी प्रकार का द्वेश भावना नहीं रखने का निर्देश दिया. असमाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाने वालों से सचेत रहने का अपील की. महुदा थाना की बैठक में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, मुखिया सुर्यकांत महतो, भरत महतो, इदरीस मियां, समीम शेख, सदर मुजीबूल रहमान, संजय सिंह, मनोहर यादव, श्याम किशोर शर्मा उपस्थित थे.

### निरसा में 22 को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**निरसा।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दिन 22 जनवरी को निरसा में भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी. यह जानकारी निरसा मध्य पंचायत की मुखिया रीता देवी ने दी. उन्होंने कहा कि इस विशेष मौके पर उन्होंने निजी फंड से पूरे पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई करवाई है. 22 जनवरी को पंचायत के सभी गली-मोहल्लों व मंदिरों को फूल-माला, लाइट व दीपों से सजाया जाएगा. दोपहर बाद 3 बजे से गोपीनाथपुर मंदिर से गजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गोपीनाथपुर, सिनेमा हॉल मोड़ ,निरसा चौक, निरसा हटिया मोड़ होते हुए इंस्पेक्टर ऑफिस जाएगी. इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जायेगा.

## अपराध रोक के लिए जन सहयोग समिति की भूमिका महत्वपूर्ण : ग्रामीण एसपी

संवाददाता ।तेतुलामारी

ईस्ट बसुरिया ओपी अंतर्गत मोहलीडीह पंचायत के भूली तेतुलमार मुख्य मार्ग में ईस्ट बसुरिया ओपी का चेक पोस्ट का उद्घाटन शुक्रवार को ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने फीता किया . जिसके बाद ग्रामीण एसपी बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू व ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा को लेकर काम कर रही है. वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी थाना और ओपी में पुलिस जन सहयोग समिति बनाया गया है. समय समय पर इसकी बैठक होती है. अपराध पर लगाम लगाने में जन सहयोग समिति की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है. ईस्ट बसुरिया ओपी अंतर्गत चेक पोस्ट के निर्माण में भी जन सहयोग समिति की भूमिका रही है. चेक पोस्ट के निर्माण से क्षेत्र के स्थानीय को अपराध पर लगाम लगाने में सहायता मिलेगी. चेक पोस्ट में ईस्ट बसुरिया के जवानों के साथ साथ पुलिस लाइन से जवानों को तैनाती सुनिश्चित की जायेगी. चेक पोस्ट निर्माण के दौरान गरीब असहाय लोगों के बीच में कंबल वितरण किया गया. और समर्पण एक नेक पहल के द्वारा रक्तदान शिविर काआयोजन किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य रूप से तेतुलमारी थाना प्रभारी आलमचंद महतो, जिला परिषद सदस्य इसराफिल उर्फ लाला, पूर्व मुखिया मोहम्मद आजाद, पूर्व जिप सदस्य पवन महतो, रणजीत सिंह, रामप्रित यादव, रिजवान अंसारी, लक्ष्मण पासवान, संजय निषाद, दयानंद महतो अन्य कई लोग मौजूद थे.

## जनता दरबार में जमीन कब्जा का मामला, कार्रवाई का आदेश

संवाददाता ।धनबाद

साहब, हीरापुर, हरि मंदिर के पास सरकारी जमीन पर कुछ लोगों जबरन कब्जा कर रहे हैं. विरोध करने पर ये लोग मरने मारने पर उतारू हो जाते हैं. त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो इस सरकारी जमीन का बंदरबांट हो जायेगा. यह जानकारी शुक्रवार को डीसी वरुण रंजन के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में एक व्यक्ति ने दी. डीसी ने संज्ञान लेते हुए अंचल अधिकारी धनबाद को उक्त सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करा कर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

वहीं बलियापुर से आए एक व्यक्ति ने कहा कि दबंगों ने मेरी 2 एकड़ से अधिक जमीन पर जबरन कब्जा कर अलकतरा प्लांट स्थापित कर दिया है. इसके अलावा चिरागोड़ा में सरकारी जमीन पर जबरन दीवाल खड़ी कर आवागमन का रास्ता रोकने, जमीन पर अवैध कब्जा करने, जालसाजी कर जमीन बेच देने, पुटकी आंचल में ब्लास्टिंग से तालाब क्षतिग्रस्त होने, भौंरा में घर से 30 मीटर दूर ब्लास्टिंग होने से घर क्षतिग्रस्त होने सहित अन्य मामले प्राप्त हुए.

### दीपक से जगमगायेगा राजेंद्र सरोवर : चंद्रशेखर

**धनबाद ।** अयोध्या में रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को धनबाद के राजेंद्र सरोवर ( बेकारबांध ) में श्री राम महादीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. जिसमे 01 लाख 51हजार दीप प्रज्ज्वलित किये जाएंगे.उक्त जानकारी 19 जनवरी को पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने रूबी सर्कुलर रोड स्थित लेक्स इन होटल में प्रेस वार्ता के दौरान दी .उन्होंने कहा कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी लोग अयोध्या नहीं जा सकते. इसलिए हम सभी लोग धनबाद में ही कमेटी बनाकर उत्सव का आयोजन कर रहे हैं. जिसमें जिले के कई वार्ड पार्षद समाजसेवी और कई दल के लोग शामिल होंगे.

## सेल और ग्रामीणों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता विफल

संवाददाता।सिंदरी

सेल चासनाला कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को आयोजित सेल प्रबंधन, संवेदक केटीएमपीएल और ग्रामीणों के बीच 12 सूत्री मांगों पर त्रिपक्षीय वार्ता विफल रही. सेल टासरा प्रोजेक्ट का चक्का जाम की तैयारी स्थानीय ग्रामीण कर रहे हैं. इसकी सूचना टासरा रोहड़ाबाँध रैयत ग्रामीण संघर्ष समिति के गोवर्धन मंडल ने शुक्रवार को दी. उन्होंने बताया कि सेल चासनाला कार्यालय के सभागार में आयोजित ग्रामीणों की 12 सूत्री मांगों पर त्रिपक्षीय वार्ता विफल रही है. उन्होंने बताया कि सेल प्रबंधन रोहड़ाबाँध और टासरा मौजा के रैयतों की 224 एकड़ भूमि का



एकमुश्त अधिग्रहण के लिए तैयार नहीं है.

उन्होंने बताया कि प्रबंधन अपने अड़ियल रवैये के साथ काम करना चाह रही है. उन्होंने बताया कि सेल की संवेदक कंपनी केटीएमपीएल धरातल पर कार्य कर रही है. वहीं टासरा प्रोजेक्ट के आसपास के रैयतों और ग्रामीणों की उपेक्षा की जा रही है. उन्होंने बताया कि विगत 8 जनवरी को सेल प्रबंधन को दिए मांग पत्र में वर्ष 2015 के विस्थापित परिवारों को नियोजन, सभी 224 एकड़ भूमि के रैयतों को समान अधिकार, विस्थापित रैयतों को पीढ़ी दर पीढ़ी नियोजन, ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण और रैयतों को विस्थापन से पूर्व बिजली, पानी व सड़क की व्यवस्था करने की मांग की गई थी. उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए बताया कि वार्ता विफल होने पर समिति चरणबद्ध आंदोलन के लिए तैयारी कर रही है.

त्रिपक्षीय वार्ता में सेल जीएम शिवराम बनर्जी, पंकज मंडल, पंकज यादव, केटीएमपीएल के विजय शर्मा और मनीष रंजन, ग्रामीणों में गोवर्धन मंडल, गर्जन सिंह, देवेन मंडल, मिहिर मंडल, अनिल सिंह, जीतू सिंह, सहदेव मंडल, गोपाल महतो, गोपाल मुखर्जी, राहुल देव सिंह, पूरण सिंह, विनोद सिंह, परमेश्वर मंडल, वीरु मंडल सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे.

**खुशखबरी** पूर्व रेलवे ने पूर्व मध्य रेलवे परिवहन प्रबंधक को भेजा रैक उपलब्ध करने का पत्र

# 24 से गंगा-दामोदर पटना पहुंचने के बाद दुमका तक चलेगी

संवाददाता ।धनबाद

धनबाद से पटना के लिए खुलनेवाली गंगा-दामोदर धनबाद से 24 को खुलने के बाद 25 को सुबह पटना पहुंचते ही वहां से दुमका के लिए रवाना हो जाएगी. रेलवे अधिकारी के अनुसार दुमका से 24 जनवरी और पटना से 25 जनवरी से नई ट्रेन के रूप में चलेगी. 24 जनवरी को दुमका में इस ट्रेन का उद्घाटन होगा. इसे लेकर पूर्व रेलवे ने पूर्व मध्य रेल के मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक को समय से रैक उपलब्ध कराने का पत्र भेज दिया है. सुबह आठ बजे तक पूर्व रेलवे को रैक उपलब्ध कराया जाएगा, जो नई ट्रेन की तरह सजकर दुमका से रवाना होगी.



### मंडल संसदीय समिति की बैठक में उठाया गया मामला

धनबाद डीआरएम कार्यालय में 19 जनवरी को मंडल संसदीय समिति की बैठक में पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक के साथ चार राज्यों के 13 जिलों के सांसद व उनके प्रतिनिधियों में यह मामला उठाया. कहा कि ट्रेन को आरा तक चलाने की मांग थी, लेकिन इसे दुमका तक चलाया जा रहा है. गंगा-दामोदर एक्सप्रेस धनबाद, गिरिडीह व कोडरमा संसदीय क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण ट्रेन है. 13334 पटना-दुमका एक्सप्रेस, पटना से सुबह 6:40 बजे खुलकर 11:05 बजे भागलपुर व दोपहर 1:30 बजे दुमका पहुंचेगी. वापसी में 13333 दुमका-पटना एक्सप्रेस दुमका से दोपहर 2:05 बजे खुलकर रात 9:45 बजे पटना पहुंचेगी. फिर पटना से पहले की तरह रात 11:30 बजे खुलकर सुबह धनबाद आएगी. वर्तमान में गंगा-दामोदर एक्सप्रेस समय का पालन करने में नंबर वन पर है. धनबाद से पटना और पटना स दुमका तक जाने से भविष्य में गंगा-दामोदर एक्सप्रेस को लेटलतीफी का शिकार होना पड़ सकता है.

### जनप्रतिनिधियों ने टाटा जाने से रोका, अब सभी हैं मौन

रेलवे के अनुसार गंगा-दामोदर एक्सप्रेस को पिछले साल टाटानगर से धनबाद होकर पटना से चलाने की तैयारी थी. टाटा से धनबाद होकर पटना तक का टाइम टेबल भी जारी हो गया था. धनबाद-टाटा स्वर्णरेखा एक्सप्रेस के टाइम टेबल में भी फेरबदल किया गया. उस समय धनबाद के जनप्रतिनिधियों ने धनबाद से लेकर हाजीपुर जोन व रेल मंत्रालय तक हंगामा खड़ा कर दिया. काफी विरोध होने से टाटानगर से ट्रेन को चलाने की योजना स्थगित कर दी गई, लेकिन इसी ट्रेन को धनबाद से पटना होकर दुमका तक चलाया जा रहा है, तो विरोध नहीं हो रहा है.

### न्यूज अपडेट

### आग को अवसर बना रहे बिजलीकर्मी

**धनबाद।** धनबाद के थाना में पास बिजली ऑफिस में स्थित टीआरडब्लू ( ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप ) में लगी आग में कई ट्रांसफार्मर के जलने के बाद बिजली कर्मी ने इसका फायदा उठाना शुरू कर दिया है. ट्रांसफार्मर के जलने पर नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पैसे की अवैध वसूली की जा रही है. आपदा को बिजली कर्मियों ने अवसर बना दिया है . दो दिनों पहले बिनोद नगर के अंबेडकर नगर में लगा ट्रांसफार्मर जल गया . जिसे ठीक कराने के एवज में बिजली कर्मी ने स्थानीय लोगों से प्रति घर 150 से 200 रुपये वसूल किया है.

### गैस एजेंसी के रवैये से ग्राहक परेशान

**धनबाद।** शहर में रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के साथ गैस एजेंसियां ग्राहकों के साथ मनमाना रवैया अपना रही है. गैस बुकिंग करने के बाद न गोदाम से गैस मिल रही है और न ही होम डिलेवरी ही की जा रही है. सबसे बुरा हाल श्री विघ्नेश इंडेन गैस एजेंसी की है. एजेंसी के ज्यादातर ग्राहक संचालक के रवैये से परेशान हैं. कर्मी सीधे मुंह बात नहीं करते एजेंसी के ग्राहक गिरधारी प्रसाद ने बताया कि मैं बुजुर्ग व्यक्ति हूं, घर में पिछले छह माह से गैस नहीं पहुंच रही है. घर में अकेला रहता हूं, बच्चे बाहर काम करते हैं, गैस नहीं पहुंचने के कारण काफी परेशानी होती है.

### डीएवी में हस्तशिल्प जागरुकता कार्यशाला

**सिंदरी ।** बच्चों में हस्तशिल्प कला उद्योग और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय की ओर से डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में तीन दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शन व जागरूकता कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ. कार्यशाला में कुशल हस्तशिल्पियों ने डीएवी सिंदरी, मदर टेरेसा स्कूल सिंदरी और उत्क्रमित मध्य उच्च विद्यालय सिंदरी की कक्षा 6 से 12वीं तक के 500 बच्चों को प्रशिक्षण दिया.स्कूली बच्चों ने बांस शिल्पकला, आर्टिस्टिक टेक्सटाइल, सोहराय लोक चित्रकला, अप्लिक, मणिपुरी लूम और हैंड एम्ब्रोइडरी कला सीखी.

### युवा महोत्सव में कलाकार दिखाएंगे हुनर

**धनबाद ।** 5 से सात फरवरी तक होने वाले युवा महोत्सव 2024 को लेकर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि जोर शोर से लगा हुआ है. राज्य भवन से मंजूरी मिलने के बाद कॉलेजों में भी हलचल होना शुरू हो गई है. वहीं कई कॉलेजों में तो एक महीना पहले से ही युवा महोत्सव को लेकर तैयारी चल रही थी. बाकी कॉलेज राज्य भवन से आदेश के इंतजार में थे. जैसे ही आदेश आया कई कॉलेज कलाकारों के चयन की प्रक्रिया पूरी करने में लग गया.युवा महोत्सव में 28 प्रतियोगिता में कलाकार अपना हुनर दिखाएंगे .

### राजपुरा खदान से जलापूर्ति फिर शुरू हुई



**मैथन।** शिवलीबाड़ी में ईसीएल के राजपुरा कोलियरी खदान से एक माह से बंद जलापूर्ति शुक्रवार के दोपहर चालू कर दी गयी. लेकिन इसका श्रेय लेने के लिए शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के मुखिया मलका मेहर निगार व पूर्व मुखिया मो. सनोव्वर आमने सामने खड़े हो गए हैं. पूर्व मुखिया ने कहा कि एक माह से राजपुरा खदान से जलापूर्ति बंद रहने के कारण ग्रामीण काफी परेशान थे. जानकारी मिलने पर कोलियरी प्रबंधक से बातचीत कर जलापूर्ति चालू करवायी गयी. इधर जलापूर्ति चालू होने की सूचना पर मुखिया मलका मेहर निगार राजपुरा खादान पहुंची. कहा गया कि जलापूर्ति चालू कराने को लेकर लगातार राजपुरा कोलियरी प्रबंधक से संपर्क में रही. आज के दिन ही जलापूर्ति चालू कराने का आश्वासन मिला था. कुछ लोग इसका नाजायज फायदा उठाकर वाहवाही लूटने का प्रयास कर रहे हैं.

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बैठक की

**धनबाद ।** राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम के तहत संभवत फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में भारत जोड़ो न्याय यात्रा धनबाद में प्रवेश करेंगी. उक्त कार्यक्रम को सफल व ऐतिहासिक बनाने को लेकर शुक्रवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में पूर्व मंत्रीगण, एआईसीसी के सभी सदस्य, प्रदेश डेलीगेट एवं प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारीगण की आवश्यक बैठक आयोजित की गई. जिला स्तरीय प्रचार प्रसार कमेट बैठक में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी का धनबाद आगमन हो रहा है. कार्यक्रम को सफल व ऐतिहासिक बनाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला स्तरीय प्रचार प्रसार कमेटी एवं स्वागत कमेटी बनाई जाएगी. राहुल गांधी लगभग 4000 किलोमीटर भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में प्रेम, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देने का काम किया है. भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में देश के लाखों लाख लोग जुड़े और राहुल के यात्रा का समर्थन किया.

### 24 तक स्कूल-कॉलेजों में चलेगा जागरूकता अभियान

**धनबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को नए समाहरणालय भवन में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने विभागीय कर्मियों के साथ बैठक की. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने इस बार 80 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य रखा है. इसके लिए प्रचार प्रसार के साथ वोटरों को जागरूक किया जाएगा. इस बार महिलाओं, ट्रांसजेडर, कार्पोरेट और नए वोटरों पर विशेष फोकस करना है. इसके लिए 19 से 24 जनवरी तक सभी प्लस टू विद्यालय और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा. इसमें जन संपर्क विभाग की महत्तवूर्ण भूमिका होगी.

### सड़क सुरक्षा पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**धनबाद ।** सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उनके कार्यालय में सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर अभय कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार तथा कार्यालय के कर्मियों ने सड़कों पर सुरक्षित आचरण के प्रति शपथ ग्रहण की गई.साथ ही लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाने के लिए जिले के विभिन्न चौराहों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित पैंपलेट वितरित किए गए.

## भूली ए ब्लॉक में घर में लगी आग, लाखों का नुकसान



संवाददाता ।धनबाद

धनबाद के भूली ए ब्लॉक हनुमान मंदिर के समीप शुक्रवार की सुबह बिजली मिस्त्री मनोज सिंह के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. आग से लाखों रुपए की संपत्ति जल गई. गृहस्वामी मनोज सिंह की पत्नी सुबह पूजा कर दीपक जलाकर कामकाज में लग गईं. दोनों बच्चे घर में सोए हुए थे. सुबह करीब 8 बजे घर से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया और घर पर जाकर सूचना दी. सभी लोग आग बुझाने की कोशिश में जुट गए. लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि घर के अंदर रखे कपड़े, अलमीरा, उसमें रखे नकद रुपए, सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामान जलकर राख हो गए. मनोज सिंह ने बताया कि 50 हजार रुपए बच्चों की पढ़ाई के लिए जमा कर रखे थे जो जल गए.

## ब्रीफ खबरें

### बुजुर्ग महिला की आग से झुलसकर मौत

**बोकारो ।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर गांव के छतरबर टोला निवासी स्वर्गीय मानिक महतो की पत्नी प्रमिला देवी उर्फ पेनिया (उम्र 70 वर्ष) की शुक्रवार को आग से जलकर मौत हो गई. जानकारी के अनुसार सुबह करीब नौ बजे ठंड में आग सेंकने के लिए वह घर में अलाव (बोरसी) जला रही थी. इसी दौरान कपड़े ने आग पकड़ ली और वह पूरी तरह से जल गई. आनन-फानन में उसे सामुदायिक अस्पताल, कसमार ले जाया गया, जहां डॉक्टर एचपी सोरेन ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. डॉ सोरेन ने बताया कि पीड़िता शत-प्रतिशत बुरी तरह से जल गई थी. इधर, परिजनों के अनुसार जिस कमरे में वह आग जला रही थी, वहां वह अकेले थी. इस कारण वह बुरी तरह से जल गई. उसकी साड़ी व अन्य कपड़े शरीर पर पूरी तरह से चिपक गए थे.

### पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

**गोड्डा ।** पेड़ से रस्सी के सहारे लटककर सोलह वर्षीय किशोर ने आत्महत्या कर ली. घटना मुफस्सिल थाना अंतर्गत ग्राम परसपानी की है. बताया जाता है कि ग्राम पचरूखी निवासी यशवंत कुमार महतो जो पिछले तीन चार वर्षों से अपने नानी के घर में रह रहा था. वो मवेशी को लेकर बहियार के तरफ गया हुआ था. देर शाम घर नहीं लौटने पर जब खोजबीन की गई तो देखा कि परसपानी पंचायत भवन के समीप पेड़ से लटकते हुए शव को देखा, जिसकी पहचान यशवंत महतो के रूप में हुई. मृतक युवक के पिता को पूर्व में मौत हो चुकी थी. पिता की मौत के बाद युवक अपने मामा अशोक महतो के साथ ग्राम परसपानी में ही रह रहा था. मौके पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया.

### बाइक व स्कार्पियो में भिड़ंत, दो की मौत

**साहिबगंज।** पतना-हिरणपुर मुख्य पथ पर विजयपुर मोड़ के पास शुक्रवार को बाइक व स्कार्पियो में भिड़ंत हो गई. इसमें बाइक पर सवार रांगा थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी 19 वर्षीय सनोत किस्कू व सिमलजोड़ी निवासी 42 वर्षीय मामू किस्कू की मौत हो गई. शुक्रवार को एक बाइक से दोनों केंदुआ गांव में हो रहे भैंसा लड़ाई देखने जा रहे थे. वहीं विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो से विजयपुर मोड़ के पास भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. बाइक का कुछ पाट्‌र्स टूटकर करीब 20 फीट दूर जा गिरा. वहीं, घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों व राहगीर की मदद से दोनों को कल्याण अस्पताल केंदुआ गांव पहुंचाया गया.

### दो वाहनों से 104 पेटी अवैध शराब जब्त

**गिरिडीह ।** जिले की पचम्बा थाना पुलिस ने डाक पार्सल और स्कार्पियो में लोड 104 पेटी अवैध शराब जब्त किया है. इस बाबत शुक्रवार को पचम्बा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह बताया कि गुरुवार देर रात हुई छापेमारी के दौरान जब्त दोनों गाड़ियों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के बेगूसराय के भगवानपुर थाना इलाके के राजन कुमार, बोकारो के गांधीनगर थाना इलाके के जरीडीह सूरज सोनी और चंद्रपुरा निवासी आशीष रंजन शामिल हैं. पूछताछ में तीनों ने बताया कि डाक पार्सल और स्कार्पियो में लोड शराब के सारे स्टॉक को बिहार भेजा जा रहा था.

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर निकाली शोभायात्रा

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**



आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर शुक्रवार को बेंगाबाद में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा में श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता और भगवान हनुमान की झांकी निकाली गई. यात्रा में काफी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लिया. शोभा यात्रा बेंगाबाद दुर्गा मंडप से निकली और पूरे बाजार एवं बेंगाबाद बस्ती एवं आस-पास के गांव का भ्रमण करने के बाद वापस दुर्गा मंडप पहुंची. इस दौरान पूरा माहौल भक्ति भाव में डूबा रहा और श्री राम का जयकारा गूंजता रहा. श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए और श्री राम मंदिर निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा की खुशियां बांटते नजर आये. शोभा यात्रा के पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा अयोध्या से आये अक्षत का वितरण किया गया. बताया गया कि इस अवसर पर बेंगाबाद दुर्गा मंडप प्रांगण में 21 जनवरी को सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा और 22 जनवरी को दीप यज्ञ एवं भजन संध्या का आयोजन होगा. शोभा यात्रा में विजय सिंह, प्रवीण राम, रामरतन राम, शिवकुमार राम, सुरेंद्र लाल, शिवपूजन राम, प्रतिमा सेठ, अनिता देवी, संध्या गुप्ता, नीलम देवी, पूर्व मुखिया रीता गुप्ता, पूनम गुप्ता, पूनम रानी, विजय कुमार चरण पहाड़ी, राजेश ठाकुर, बीरबल राणा समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे.

## सेक्टर 12 मोड़ हनुमान मंदिर में होगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**बोकारो ।** बोकारो के सेक्टर 12 मोड़ दुन्दीबाग स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में नवयुवक बजरंग दल द्वारा तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन किया जाएगा. यह समारोह अयोध्या में निर्माणाधीन भव्य श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया जा रहा है. 20 जनवरी को प्रातः 9 बजे से कलश यात्रा प्रारम्भ होगा. यह कलश यात्रा हनुमान मंदिर से टूटैंक गार्डेन तक जाएगा. इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे. 21 जनवरी को 24 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन का भी शुभारंभ होगा. इसी दिन बजरंग बली के प्रतिमा का नगर भ्रमण एवं शाम में मंदिर में आरती होगी. 22 जनवरी को प्रातः 8 बजे से प्राण प्रतिष्ठा, दिन में अष्टयाम विसर्जन एवं भंडारा का आयोजन होगा. यह धार्मिक अनुष्ठान आचार्य सुखदेव बाबा एवं संतोष उपाध्याय के द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा. इस आशय की जानकारी अध्यक्ष अशर्फी शाह, सिकंदर यादव, महामंत्री लालबाबू, कोषाध्यक्ष पतिनाथ साह एवं दीपक कुमार ने दी.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- सामान्य ज्ञानवर्ष 1905 में बंगाल विभाजन की घोषणा किसने की थी – **लार्ड कर्जन**
- सबसे बड़ा जीवित पक्षी का नाम – **शुतुरमुर्ग**
- लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे – **जीवी मावलंकर**
- दूध में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व – **कैल्सियम**
- गीतांजलि की रचना किसने की थी – **रवीन्द्रनाथ टैगोर**
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष – **एनी बेसेंट**
- सर्वाधिक स्थायी तत्व का नाम – **सीसा**
- कौन सा ग्रह जल में तैरता हुआ प्रतीत होता है – शनि
- देश की किस नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया है – गंगा
- भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी होता है – **अटॉर्नी जनरल**

डीडीसी की अध्यक्षता में बीसी सखी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

# बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट सखी बनाने में बोकारो बना अव्वल : डीडीसी

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी. की अध्यक्षता में नव चयनित बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट (बीसी) सखी का इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया. इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों में झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बीसी सखी दीदी शामिल हुई. मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी ने बताया कि वित्त मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त पहल पर प्रति वर्ष स्वयं सहायता समूह के दीदीओं के बीच से बीसी सखी चयनित करने के लिए राज्य व जिलों को लक्ष्य प्राप्त होता है. वित्तीय वर्ष 23-24 में बोकारो जिला को 27 बीसी सखी बनाने को लेकर लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरूद्ध जेएसएलपीएस, विभिन्न बैंकों के सहयोग से जिला ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले के अलग-अलग प्रखंडों के गांव से कुल 52 बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट (बीसी) सखी को चयनित, प्रशिक्षित कर बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट (बीसी) सखी बनाया गया है. यह आंकड़ा पूरे राज्य में बोकारो को अव्वल बनाता है. इंडक्शन प्रोग्राम में कई बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट (बीसी) सखी ने अपने अब तक के कार्य अनुभव, वित्तीय ट्रांजेक्शन, प्राप्त पारिश्रमिक, परिवार व समाज में उन्हें देखने का नजरिया आदि के संबंध में विस्तार से अपनी बात साझा की. मौके पर सभी बीसी सखी को विभिन्न बैंकों द्वारा जारी बीसी आइडी का प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया. वहीं, बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट बीसी सखी बनाने में अहम योगदान को लेकर लीड बैंक मैनेजर बोकारो को प्रशस्ति पत्र दिया गया. मौके पर जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, अविनाश कुमार, अमरनाथ सिंह, मनीष कुमार चंचल, रविंद्र कुमार महतो, शैलेंद्र कुमार मिश्र, शबाना, धीरज कुमार महतो, सूरज कुमार आदि उपस्थित थे.

## महिलाएं समूह बनाकर अपने उत्पाद का ब्रांडिंग करें : बीडीओ



**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को आयोजित कृषक महिला गोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीडीओ निशा कुमारी ने कहा कि महिलाएं कृषि उत्पाद का प्रसंस्करण कर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकती है. वह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शरीक थी. महिला कृषकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कृषि में जैविक खेती, फूल की खेती, फलदार वृक्ष, बांस की खेती के साथ बकरी बत्तख एवं मुर्गी पालन के जरिये अपने आजीविका की सुरक्षा के साथ आर्थिक सुरक्षा कर सकती हैं. महिलाएं समूह बना कर अपने उत्पाद का ब्रांडिंग कर बाजार में उतार सकती हैं और अपना सतत विकास कर सकती हैं. वहीं, कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के हेड वैज्ञानिक डॉ पंकज सेठ ने कहा कि महिला कृषक अपने घरों में पोषण वाटिका का निर्माण करें.

## जो अहर्ता रखता है उन्हें ही राशन दें : डीएसओ

**बेरमो ।** गोमिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बोकारो के जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खलखो ने प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक किया. इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों से कहा कि राशन उन्हीं लोगों को देना है जो अहर्ता रखते हैं. कहा कि सभी दुकानदार पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि एवं निगरानी समिति से संपर्क कर नियमित बैठक करें और योग्य लाभुकों के बीच पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न का वितरण करें. वहीं, दुकान को नियमित रूप से खोलें और दुकान में स्टॉक, समय सारणी, ग्राहकों के नाम की लिस्टिंग आदि सूचना पट्ट में देना आवश्यक है. वहीं दुकान का रंग गुलाबी होना चाहिए. कहा कि कई लोग छः महीने तक राशन का उठाव नहीं करते हैं और वे राशन कार्ड सिर्फ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए रखते हैं. मौके पर एजीएम राजीव रंजन, संतोष कुमार, गुलाबचंद हांसदा, मुरली रविदास, राजेंद्र रजक, रामलखन प्रसाद, प्रकाश गंझू, चिड़न राम, मनोहर कुमार, अटल हलधर, जयंत कुमार आदि शामिल थे.

एकता महिला शक्ति संगठन का संगठनात्मक कार्यक्रम, बोले विधायक-

# सामाजिक कार्यों में महिलाएं आगे

**संवाददाता। बेरमो**



गोमिया एकता महिला शक्ति संगठन का संगठनात्मक कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया. कार्यक्रम में पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए. संगठन की सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया. महतो ने कहा कि गोमिया एकता महिला शक्ति संगठन अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन बेहतर तरीके से कर रहा है. वंचितों, जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाने से लेकर समाज के उत्थान और विकास का जो बीड़ा इस संगठन ने उठाया है, वह काफी सराहनीय है. इस काम में उन्होंने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया.

उन्होंने कहा कि महिलाएं अब अबला नहीं, सबला हैं. समाज, राज्य और देश के विकास में पुरुषों के बराबर भूमिका निभा रही हैं. स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन रही हैं. मौके पर ससबेड़ा पूर्वी की मुखिया शांति देवी, खम्हरा मुखिया बंटी उरांव, गणक यादव, गणेश यादव, धनंजय सिंह, अमित पासवान, घनश्याम महतो, विशाल जायसवाल, दीपक रजक, विनोद यादव, विकास यादव आदि उपस्थित थे. आयोजन में संगठन की कार्यकारी अध्यक्ष ललिता देवी, सचिव सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष पूजा देवी, लक्ष्मी देवी, लीला देवी, आशा देवी, सारिका देवी, बॉबी देवी, शुचिता देवी, देवंती देवी, वीणा देवी, शोभा देवी आदि का अहम योगदान रहा.

## बैंक ऑफ इंडिया की ऋण समझौता शिविर में पहुंचे उपभोक्ता

**कसमार (बोकारो) ।** कसमार प्रखंड के गर्री पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को बैंक ऑफ इंडिया कसमार शाखा की ओर से केसीसी ऋण को लेकर ऋण समझौता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बीओआई के 94 केसीसी धारक ऋण समझौता शिविर में शामिल हुए. शिविर में लाभुकों को जानकारी देते हुए उप आंचलिक प्रबंधक लक्ष्मी नारायण ब्रजकिशोर डागरा ने बताया कि इस शिविर में केसीसी को लेकर न्यूनतम राशि चुकाकर ऋण धारक समझौता कर नया ऋण प्राप्त कर सकते हैं. बीओआई हमेशा ग्राहकों को उनके व्यापार को बढ़ाने के लिए योजनाएं लाकर उसे बेहतर करने का काम कर रही है. शाखा प्रबंधक मंटु कुमार रजक ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया के कसमार शाखा से जुड़े कसमार, गर्री, मंजुरा, टांगटोना, बगदा समेत अन्य पंचायतों के ग्रामीण आकर ऋण समझौता कर सकते हैं.

# उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त करने के प्रस्ताव का किया विरोध

**संवाददाता। बेरमो**

नमाज जुमा जामा मस्जिद बेरमो के कुरपनिया के सामने अंजुमन तरक्की उर्दू बोकारो जिला के बैनर तले उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त करने के प्रस्ताव का विरोध किया गया. प्रस्ताव के प्रारूप को फाड़ कर लोगों ने विरोध जताया. अंजुमन तरक्की उर्दू बोकारो जिला के संयोजक अफजल अनीस ने बताया कि पिछले दिनों झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जारी प्रोन्नति नियमावली 2024 के प्रारूप पत्र में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित, सहायक शिक्षक अथवा इंटरमीडिएट उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील बताया है. प्रारूप का विरोध कर रहे अवकाश प्राप्त शिक्षक मो नसीम अहमद ने कहा कि बिहार के समय से उर्दू जबान को दूसरा दर्जा प्राप्त रहा है. समय-समय पर राज्य सरकार उर्दू शिक्षक की नियुक्ति करती रही है परंतु शिक्षा विभाग ने प्रारूप बनाकर उर्दू शिक्षक के पद को मरणशील घोषित कर दिया है.




**AFFIDAVIT**

I, Urvashi D/o Basudeo Baraik Resident of 2159/C, Bariatu Housing Colony near 2K/70 P.O. and P. S. Bariatu, Dist. - Ranchi, Jharkhand-834009 do hereby affirm and declare as follows :-

1. That I am Indian national and resident of the above mentioned address.
2. That I have passed the Indian School Certificate Examination, New Delhi in the year 2020 bearing unique I. D. No. 7094350. (St. Thomans School, Dhurwa, Ranchi).
3. That my Statement of Marks and Pass Certificate have been misplaced/Lost anywhere and it is not traced out till date after my best efforts.
4. That this affidavit is for issuance of duplicate of the aforesaid lost certificates.

Aff. No. 268/04-01-24

# जिला बनाने की मांग को लेकर धरना स्थल पर पहुंचे विधायक



**संवाददाता। तेनुघाट**

बेरमो जिला बनाने को लेकर धरना स्थल पर गुरुवार देर रात गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो पहुंचे. कहा कि जिला की मांग को लेकर 29 जनवरी को समिति के द्वारा बंद का आह्वान किया गया है. उस बंदी को ऐतिहासिक बंदी बनाया जाएगा. सरकार जल्द से जल्द जिला का दर्जा दे. आंदोलनकारी 45 दिन से समिति के संयोजक संतोष नायक धरना पर बैठे हुए हैं. इनका साथ दे रहे रात्रि सहयोगी मिथुन चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना श्रीवास्तव, अरुण महतो, मुकेश कुमार, कुलदीप प्रजापति लगातार साथ रहे हैं. धरना प्रदर्शन पर पहुंचे सोशलिस्ट पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय मंत्री मृणाल कांति देव ने कहा कि अगर सरकार के द्वारा बेरमो को जनवरी तक जिला का दर्जा देने का ऐलान नहीं किया जाएगा तो फरवरी को वे भूख-हड़ताल पर बैठने को तैयार रहेंगे. मौके पर राजेश कुमार पांडेय, यदुनंदन जयसवाल, तुलसी जायसवाल, प्रताप सिंह, महादेव, प्रदीप, अनिल, बर्णवाल, हरि महतो, नौशाद आदि शामिल थे.

# फोरलेन निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने किया बाधित



**संवाददाता। गोड्डा**

हंसडीहा से पीरपैंती भाया महगामा बन रहे फोरलेन कार्य को ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह बंद करवा दिया. घटना गोड्डा कॉलेज मोड़ के आगे जमुआ कुरमन के बीच की है. ग्रामीणों की टोली ने कार्यस्थल पर पहुंचकर नारेबाजी करने लगे और काम कर रहे मजदूरों को वहां से भगा दिया. ग्रामीणों का आरोप था कि फोरलेन निर्माण के दौरान जो पुल बनाया जा रहा है वह काफी छोटा है और उस पर अभी से ही जल जमाव होता है. इस वजह से ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतें होगी. ग्रामीणों का कहना है कि जब निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा तब हमारी मांगों को कोई सुनने वाला भी नहीं रहेगा. अधिकारियों को कई बार कहने के बाद भी अब तक किसी भी अधिकारी ने आकर सर्वेक्षण करने का काम नहीं किया, ना ही कोई सुध लिया है. अब आगे किसी भी कीमत पर कार्य नहीं होने दिया जाएगा.

**आयोजन** गोमिया विधायक व डीएफओ ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन, बोले विधायक

# हमारी सांस्कृतिक मेलाओं व स्थलों को सहेज कर रखना

**संवाददाता। बोकारो**



सेवाती में विजेता एवं उपविजेता टीम के साथ विधायक, डीएफओ व अन्य.

### खास बातें

- तीन दिवसीय टुसू मेले का हुआ समापन
- टुसू मेला का अपना एक विशेष महत्व है : डीएफओ

कसमार प्रखंड के बंगाल बॉर्डर पर स्थित सेवाती घाटी में आयोजित तीन दिवसीय टुसू मेले के तीसरे दिन शुक्रवार को पुरुष टीमों के बीच फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ. इसमें झारखंड और बंगाल की आठ टीमों ने हिस्सा लिया. फाइनल में पवन स्पोर्टिंग, दामबेड़ा पुनदाग (बंगाल) ने संजीत स्पोर्टिंग, कोचाजारा (बंगाल) को पेनाल्टी में एक गोल से हराकर खिताब जीता. इससे पहले मधु स्पोर्टिंग को हराकर पवन स्पोर्टिंग तथा तनासि की टीम को हराकर संजीत स्पोर्टिंग ने फाइनल में जगह बनाई थी. फाइनल मैच का उद्घाटन स्थानीय विधायक डॉ लंबोदर महतो तथा बोकारो डीएफओ रजनीश कुमार ने फीता काटकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि संस्कृति से हमारी पहचान है, इसलिए सांस्कृतिक मेलाओं व स्थलों को भी सहेजना उनकी प्राथमिकता रही है. डीएफओ रजनीश कुमार ने कहा कि टुसू मेला का अपना एक विशेष महत्व है. इसके संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सभी को निरंतर सजग रहने की जरूरत है. कार्यक्रम को केंद्रीय वन-पर्यावरण सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जगदीश महतो ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन आजसू प्रखंड अध्यक्ष महेंद्रनाथ महतो तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद उमेश कुमार जायसवाल ने किया. मौके पर गोमिया विधायक की धर्मपत्नी कौशल्या देवी, कमेटी के अध्यक्ष प्रशांत कुमार महतो, मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो, उमेश कुमार मुंडा, गोविंद मुंडा, रूपेश कुमार महतो, राजेंद्र महतो, राकेश कुमार महतो, रमेश मुर्मू, डॉ जीतलाल महतो, पंकज कुमार जायसवाल, हीरालाल महतो, अजित महतो, संजय महतो, सुनील कुमार महतो, मुकेश महतो, जितेंद्र महतो, रूपेश कुमार, समीर कुमार, रेफरी सूजन लोहार, लाइनमैन विशाल गंझू व रामनाथ गंझू आदि मौजूद थे.



## बढ़ती आर्थिक असमानता

देश में बढ़ती आर्थिक असमानता को नजरंदाज करना उचित नहीं है. वक्त आ गया है कि देश में असमानता के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से सोचा जाए. किसी भी देश में यह नहीं चल सकता कि एक ओर तो अमीरों की संख्या और प्रभाव बढ़े और उससे कहीं तेज गति से मुफ्त राशन की लाइन में भीड़ भी बढ़े. उन्नत देश के लिए समानता का पहलू बेहद जरूरी तत्व है. आर्थिक नीतियों का ही यह परिणाम है कि असमानता तेजी से बढ़ती जा रही है. इसलिए अब समय आ गया है कि आर्थिक नीतियों में बदलाव के लिए प्रयास किये जायें और देश को यह अहसास कराया जाये कि संसाधनों का समान वितरण असंभव नहीं है. भारत के उन्नत राष्ट्र होने का सपना इस लक्ष्य को हासिल किए बगैर शायद ही संभव हो. अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्था ऑक्सफेम की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि हर वर्ष जब स्विट्जरलैंड के शहर दावोस में दुनिया भर के आर्थिक एवं राजनीतिक कर्ता-धर्ता जुटते हैं तो वह उन्हें आगाह करता है. वह बताता है कि ये कर्ता-धर्ता जिन नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं, वे सबकी खुशहाली लाने के अपने वायदे में लगातार फेल हो रही हैं. ऑक्सफेम तथ्यों के साथ बताता है कि इन नीतियों में आर्थिक गैर-बराबरी को किस हद तक बढ़ा दिया है. इस संस्था ने अपनी ताजा रिपोर्ट में विश्व अर्थव्यवस्था पर अरबपतियों के बढ़ते शिकंजे पर रोशनी डाली है. उसने बताया है कि शीर्ष पांच अरबपतियों की संपत्ति 2020 के बाद से दोगुनी हो गई है. यानी जब कोरोना महामारी की मार से आम जन की अर्थव्यवस्था बिगड़ी, इन अरबपतियों के लिए ये आपदा एक बेहतरीन अवसर साबित हुई. ऑक्सफेम ने बताया है कि 2020 के बाद से अरबपतियों की संपत्ति और भी बढ़ गई है, जबकि दुनिया की 60 फीसदी आबादी की आय घट गई है. ऑक्सफेम की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के शीर्ष पांच सबसे अमीर व्यक्तियों- इलॉन मस्क, बर्नार्ड अरनॉल्ट, जेफ बेजोस, लैरी एलिसन और मार्क जकरबर्ग- की संयुक्त संपत्ति साल 2020 के बाद 114 फीसदी या 464 अरब डॉलर से बढ़कर 869 अरब डॉलर हो गई है. ऑक्सफेम ने पाया कि एक अरबपति या तो बड़ी कंपनियां चलाता है या दुनिया की दस सबसे बड़ी कंपनियों में से सात में प्रमुख शेयरधारक होता है. एक अनुमान के मुताबिक शीर्ष 148 कंपनियों ने 1.8 ट्रिलियन डॉलर का मुनाफा कमाया, जो तीन साल के औसत से 52 प्रतिशत अधिक है. इससे शेयरधारकों को भारी रिटर्न मिला, जबकि लाखों श्रमिकों को जीवनयापन संकट का सामना करना पड़ा, क्योंकि महंगाई के कारण वास्तविक रूप से वेतन में कटौती हुई. ऑक्सफेम ने कहा है कि यह असमानता कोई संयोग नहीं है. बल्कि अरबपति वर्ग यह सुनिश्चित कर रहा है कि मौजूदा व्यवस्था अन्य सभी की कीमत पर उन्हें ज्यादा फायदा पहुंचाएं. यही कारण है कि जहां अरबों लोग महामारी, आर्थिक बदहाली, महंगाई और युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं, वहीं अरबपतियों की संपत्ति में उछाल आ रही है.

> अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्था ऑक्सफेम की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि हर वर्ष जब स्विट्जरलैंड के शहर दावोस में दुनिया भर के आर्थिक एवं राजनीतिक कर्ता-धर्ता जुटते हैं तो वह उन्हें आगाह करता है.

### सुभाषित

**बलवानप्यशक्तोऽसौ धनवानपि निर्धनः।**
**श्रुतवानपि मूर्खो सौ यो धर्मविमुखो जनः ।।**

जो व्यक्ति अपने कर्तव्य से विमुख हो जाता है, वह व्यक्ति बलवान होने पर भी असमर्थ, धनवान होने पर भी निर्धन व ज्ञानी होने पर भी मूर्ख होता है. आशय यह कि मनुष्य के जीवन में कर्तव्य का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है, इसलिए कर्तव्य से कभी विमुख नहीं होना चाहिए.

# कहां खड़ा पांच महीने का रगड़ा

**रांची जिले में जमीन के अवैध खरीद-बिक्री मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच के दौरान उसने पिछले साल राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को उसके घर पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था. वह जेल में है. छापेमारी के दौरान उसके घर से 11 ट्रंक दस्तावेज मिले थे. उनमें बड़गाई अंचल स्थित 8.46 एकड़ जमीन के दस्तावेज भी थे. उसी जमीन के संदर्भ में हेमंत का बयान लिया जाना है. ईडी सत्यापन करना चाहता है कि इस जमीन की खरीद-बिक्री में उनकी भूमिका तो नहीं!**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

पांच महीने के रगड़े के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने को राजी हो गए. उन्होंने 15 जनवरी को दूत के माध्यम से भेजे पत्र में आज यानी 20 जनवरी को अपने सरकारी आवास पर बयान लेने की ईडी को इजाजत दे दी है. जांच एजेंसी उनसे बड़गाई मौजे की 8.46 एकड़ जमीन के संदर्भ में पूछताछ करना चाहती है. रांची जिले में जमीन के अवैध खरीद-बिक्री मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच के दौरान उसने पिछले साल राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को उसके घर पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था. वह जेल में है. छापेमारी के दौरान उसके घर से 11 ट्रंक दस्तावेज मिले थे. उनमें बड़गाई अंचल स्थित 8.46 एकड़ जमीन के दस्तावेज भी थे. उसी जमीन के संदर्भ में हेमंत का बयान लिया जाना है. ईडी सत्यापन करना चाहता है कि इस जमीन की खरीद-बिक्री में उनकी भूमिका तो नहीं! जैसी कि खबरें आई हैं, ईडी ने 13 जनवरी को भेजे आठवें समन में कहा था कि आप हमारे कार्यालय में पूछताछ के लिए 16 से 20 जनवरी तक आएं. अभी तक आप असहयोग करते रहे हैं. इस मामले में पब्लिक मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई भी हो सकती है. इसके पूर्व 29 दिसंबर 2023 को भेजे गए सातवें समन में ईडी ने हेमंत से कहा था कि उसके अधिकारी उनके द्वारा निर्धारित स्थान और समय पर पूछताछ करने को तैयार हैं.

जवाब में इधर से कहा गया था कि उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है और उनका मीडिया ट्रायल हो रहा है.

लगभग 21 महीने पूर्व मई 2022 में खान सचिव आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की गिरफ्तारी के बाद से ही अनुमानों का दौर चल निकला था. भाजपा रोज-रोज कोई न कोई नई बात कहती आई है. पूजा की गिरफ्तारी 12 साल पुराने मनरेगा घोटाले में की गई थी. तब से अबतक रांची के तत्कालीन डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित दर्जनाधिक लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है. छवि रंजन पर जमीन घोटाला मामले में कार्रवाई हुई थी. उसी संदर्भ में भानु प्रसाद भी पकड़ा गया था. यूं, हेमंत सोरेन से ईडी लगभग पंद्रह महीने पहले 17 नवंबर 2022 को अपने कार्यालय में पूछताछ कर चुका है. तबतक यह जांच एजेंसी साहिबगंज में पत्थर खनन घोटाला और रांची में जमीन घोटाला पर काम करने लगी थी. उसके बाद कुछ काल तक लगा कि उसकी कार्रवाइयां मुख्यमंत्री की ओर रुख नहीं करेंगी, लेकिन सवा पांच महीने पहले 14 अगस्त 2023 को उसने समन जारी कर आशंकाओं-अनुमानों को हवा दे दी. इसके बाद 24 अगस्त, 09 सितंबर, 21 सितंबर, 04 अक्टूबर और 12 दिसंबर 2023 को भी हेमंत को समन भेजा गया. वे इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट तक गये. इस प्रकार दोनों तरफ से एक-दूसरे को घेरने का प्रयास किया जाता रहा. इस बीच 03 जनवरी को ईडी ने साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव और सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू के ठिकानों पर छापामारी कर दी. फिर दोनों को समन जारी कर पूछताछ के लिए अपने कार्यालय में तलब किया. सरकार ने कैबिनेट निर्णय लेकर अधिसूचित कर दिया कि लोक सेवकों से पूछताछ के लिए सहमति लेनी होगी. इतना ही नहीं, केंद्रीय जांच एजेंसियों को कोई भी लोक सेवक सरकार की सहमति से ही कोई दस्तावेज देगा. कैबिनेट सचिव ने 11 जनवरी को पत्र जारी कर ईडी को कहा कि किसी भी सरकारी कर्मी को बिना सरकार की सहमति के पूछताछ के लिए नहीं बुलाया जा सकता. समझा जाता है कि इसी आड़ में रामनिवास यादव और पिंटू क्रमशः 11 जनवरी और 16 जनवरी को ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए. हालांकि 17 जनवरी को ईडी ने कैबिनेट सचिव को सख्त पत्र भेजकर पूछा, आपको आदेश जारी करने को किसने कहा? आपका पत्र गैरकानूनी है. यह जांच प्रभावित करने की कोशिश/साजिश माना जा सकता है. 17 जनवरी को ही खबर आई कि पिंटू ने 22 जनवरी के बाद उपस्थित होने की सूचना दे दी है.

इसके पहले 16 जनवरी को ईडी ने जेएसएमडीसी से कोल लिंकेज मामले में हजारीबाग के कोयला व्यवसायी इजहार अंसारी को गिरफ्तार कर लिया. उसके ठिकानों पर 03 मार्च 2023 को हुई छापेमारी में 3.58 करोड़ कैश मिला था. उसको 71.32 करोड़ के कोयला घोटाले का किंगपिन कहा जा रहा है. उसके तार पूजा सिंघल और उनके सीए सुमन कुमार से जुड़े बताये जाते हैं. मई 2022 में गिरफ्तारी के बाद सुमन को हाल ही जमानत मिली है. इन घटनाओं पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी. 17 जनवरी को उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को ईडी के सवालों का जवाब देना होगा. इस मसले पर बढ़ रहे आक्रोश के सवाल पर उनका कहना था कि कानून-व्यवस्था पर असर क्यों पड़ेगा? पत्रकारों से उन्होंने ये बातें उस सवाल पर कही, जिसमें कांग्रेस नेता बंधु तिर्की और झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा था कि ईडी चुनी हुई सरकार को चुनौती न दे. इससे प्रदेश की जनता आक्रोश में है, कहीं यह वीभत्स रूप न ले ले. इसका असर कानून-व्यवस्था पर भी पड़ सकता है. यह हेमंत के चुनाव क्षेत्र वाले जिले साहिबगंज में 16 जनवरी की संध्या मशाल जुलूस और 17 जनवरी को बंद के रूप में झलका भी. कतिपय आदिवासी संगठनों ने 19 जनवरी को रांची में भी प्रदर्शन किया. पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली में 05 जनवरी को छापेमारी के दौरान ईडी पर हमला हुआ था. झारखंड कहां खड़ा रहेगा, अभी पक्के तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## दुर्गम पथ सदाचार

युग चाहे कोई भी हो, सदैव जीवन-मूल्य ही इन्सान को सभ्य और सुसंस्कृत बनाते हैं. जीवन मूल्य ही हमें प्राणी से इन्सान बनाते हैं. नैतिक जीवन मूल्य ही शान्त और संतुष्ट से जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करते हैं, किन्तु हमारे जीवन में बरसों के जमे जमाए उटपटांग आचार-विचार के कारण, जीवन में सार्थक जीवन मूल्यों को स्थापित करना अत्यंत कष्टकर होता है. हमारे आचार विचार इतने सुविधाभोगी हो चले हैं कि आचारों में विकार भी सहज सामान्य ग्राह्य हो गए हैं. सदाचार धारण करना कठिन ही नहीं, दुष्कर भी प्रतीत होता है. तब हम घोषणा ही कर देते हैं कि साधारण से जीवन में ऐसे सत्कर्मों को अपनाना असम्भव है और फिर शुरू हो जाते है हमारे बहाने 'आज के कलयुग में भला यह सम्भव है?' या 'तब तो फिर जीना ही छोड दें?'. 'आज कौन है जो यह सब निभा सकता है?', ऐसे आदर्श सदाचारों को अंगीकार कर कोई जिन्दा ही नहीं रह सकता. वगैरह ऐसी दशा में कोई सदाचारी मिल भी जाय तो हमारे मन में संशय ही उत्पन्न होता है, आज के जमाने में ऐसा कोई हो ही नहीं सकता, शायद यह दिखावा मात्र है. यदि उस संशय का समाधान भी हो जाय और किसी सदाचारी से मिलना भी हो जाय तब भी उसे संदिग्ध साबित करने का हमारा प्रयास और भी प्रबल हो जाता है. हम अपनी बुराइयों को सदैव ढककर ही रखना चाहते हैं. जो थोड़ी सी अच्छाइयां हों तो उसे तिल का ताड़ बनाकर प्रस्तुत करते हैं. किसी अन्य में हमें हमसे अधिक अच्छाइयां बर्दास्त नहीं होती, जबकि अच्छाइयां चढाई का कठिन मार्ग. इसलिए बुराई की तरफ ढल जाना सहज, सरल और आसान होता है, जबकि अच्छाई की तरफ बढना अति कठिन और श्रमयुक्त पुरुषार्थ. मुश्किल यह है कि अच्छा कहलाने का यश सभी लेना चाहते है, पर जब कठिन श्रम और बलिदान की बात आती है तो हम मुफ्त श्रेय का शॉर्ट-कट ढूंढते हैं. किन्तु सदाचार और गुणवर्धन के श्रम व त्याग का कोई शोर्ट-कट विकल्प नहीं होता. यही वह कारण है कि जब हमारे सम्मुख सद्विचार आते है तो अतिशय लुभावने प्रतीत होने के उपरान्त भी सहसा मुंह से निकल पडता है 'इस पर चलना बड़ा कठिन है'. यह हमारे सुविधाभोगी मानस की ही प्रतिक्रिया होती है. हम कठिन, कष्टकर, त्यागमय प्रक्रिया से गुजरना नहीं चाहते.

# पाकिस्तान और अमेरिका का दोरंगी रवैया

• देशांतर

जी. पार्थसारथी

यूं तो भारत अपने पड़ोसियों के आंतरिक मामलों के बारे में टिप्पणी करने से बचता है, लेकिन जब बात अपने कुछ पड़ोसी मुल्कों के आंतरिक मामलों को लेकर अमेरिका के रवैये की आए, तो उसके साथ मतभेदों की संभावना बनी रहती है. पाकिस्तान ने एक लंबा अरसा सैन्य शासन के अधीन गुजारा है. अमेरिका ने फील्ड मार्शल अयूब खान से लेकर जनरल याह्या खान, जनरल परवेज़ मुशर्रफ तक, सैन्य शासकों पर वरदहस्त बनाए रखा. पाकिस्तान के वर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर के हालिया अमेरिका दौरे पर, वाशिंगटन पहुंचने पर उन्हें हाथों-हाथ लिया गया, हालांकि पाकिस्तान में आगामी 8 फरवरी को आम चुनाव होने जा रहे हैं. मुनीर उन जनरल बाजवा के जानशीन हैं, जिनकी अमेरिका के साथ निजी तौर पर बहुत नजदीकियां रहीं. यह कोई रहस्य नहीं कि अमेरिका जब मर्जी हो पाकिस्तान की निर्वाचित सरकार को दरकिनार कर पाकिस्तानी सेना के साथ सीधा संपर्क कर लेता है. तय मानकर चलिए, पाकिस्तानी सेना द्वारा किए तख्तापलटों को अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठान का अनुमोदन रहा है. अमेरिका के एक के बाद आये राष्ट्रपतियों के साथ पाकिस्तान के सैन्य शासकों के गर्माहट भरे संबंध रहे हैं. पाकिस्तान के साथ उक्त व्यवहार के बरअक्स, अमेरिका के बांग्लादेश से रिश्ते बनिस्बत कम गर्मजोशी या मित्रतापूर्ण रहे हैं. यह उस वक्त अधिक स्पष्ट हो जाता है, जब बांग्लादेश में आवामी लीग, जिसकी स्थापना मुल्क के संस्थापक राष्ट्रपिता शेख मुजीब-उर-रहमान ने की थी, ने हालिया चुनाव में लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव जीतकर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई है. गौरतलब है, 1971 में बांग्लादेश को आज़ादी मिलने के बाद, विभिन्न कारणों से अमेरिका बांग्लादेश में धार्मिक कट्टरपंथ की ओर झुकाव रखने वाले दक्षिणपंथी राजनीतिक दलों को समर्थन देता आया है, जैसे कि जनरल जिया-उर-रहमान द्वारा बनाई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी. अमेरिका का उसके प्रति रवैया धर्मनिरपेक्ष बांग्लादेश आवामी लीग को लेकर रहे रुख के विपरीत है. अभी भी, बांग्लादेश को लेकर अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं है. शेख हसीना की सरकार द्वारा करवाए हालिया आम चुनावों को लेकर अमेरिका ने काफी प्रचार चलाया. इसमें कोई शक नहीं कि वर्तमान में बांग्लादेश में शेख हसीना सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं. जहां तक भारत का संदर्भ है, बेगम खालिदा ज़िया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का भारत के प्रति रवैया कम मित्रतापूर्ण रहा है. शेख मुजीब की हत्या को लेकर बहुत से सवाल अनुत्तरित हैं, जबकि स्वयं श्रेय लेने वाले दो हत्यारे, अमेरिका और कनाडा में आराम से रह रहे हैं. भारत को अब अपने विदेश संबंधों में नई चुनौतियां दरपेश हैं. हमें ज़हन में रखना होगा कि अमेरिका का यह बहुप्रचारित दावा कि वह लोकतंत्र को बढ़ावा देने में पहरुआ है, सबके लिए एक-समान नहीं है. इसी बीच, पाकिस्तान की सेना विपक्षी नेताओं से सांठ-गांठ करके खेल रच रही है ताकि तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान को इस्लामाबाद में सत्ता के गलियारों से दूर रखा जाए. चूंकि इमरान खान को अमेरिकी भी खासतौर पर पसंद नहीं करते लिहाजा किनारे होना ही है. हालांकि जुल्फिकार अली भुट्टो द्वारा स्थापित पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को आरंभिक वर्षों में पश्चिम में शक की निगाह से देखा जाता था. वह उन्हें चीन-परस्त वामपंथी मानता था. उनकी पुत्री बेनज़ीर भुट्टो को इस राजनीतिक झुकाव को लेकर रहा अमेरिकी शक दूर करने को बहुत मशक्कत करनी पड़ी और सत्ता संभालने से पूर्व इसमें कुछ सफलता मिली. इसी बीच, पाकिस्तान को आतंकी गुटों का प्रायोजन करने से पहले अब बहुत सावधानी से विचार करना पड़ेगा. संयुक्त राष्ट्र द्वारा अब यह साफ कर दिया गया है, लश्कर-ए-तैयबा सरगना हाफिज़ सईद, जो कि 26/11 के मुम्बई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था, उसे 78 साल का कारावास भुगतने की सज़ा सुनाई गई है, जिस पर 2020 से अमल जारी है. उस पर आतंकवाद को वित्तीय मदद देने का दोष है. हालांकि देखना यह है कि क्या वाकई वह जेल में है या फिर पहले की तरह आईएसआई के संरक्षण में फर्जी हिरासत में आरामदायक जिंदगी बसर कर रहा है. लेकिन लगता है कि पाकिस्तान को आईंदा लश्कर-ए-तैयबा जैसे गुटों को प्रायोजित करने से पहले बहुत सावधानी बरतनी पड़ेगी. उम्मीद है पाकिस्तान को अब यह बात समझ में भी आ चुकी होगी कि भारत तैयार है और हाफिज़ सईद जैसों को पुनः मदद करने की एवज में बहुत बड़ी कीमत चुकाने का पूरा इंतजाम कर देगा.

> पाकिस्तान के साथ उक्त व्यवहार के बरअक्स, अमेरिका के बांग्लादेश से रिश्ते बनिस्बत कम गर्मजोशी या मित्रतापूर्ण रहे हैं. यह उस वक्त अधिक स्पष्ट हो जाता है, जब बांग्लादेश में आवामी लीग, जिसकी स्थापना मुल्क के संस्थापक राष्ट्रपिता शेख मुजीब-उर-रहमान ने की थी, ने हालिया चुनाव में लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव जीतकर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई है.

# सीमा पर सालों भर तैयार रहेगी भारतीय सेना

• सामयिकी

डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव

थल सेनाध्यक्ष की टिप्पणी कि चीन सीमा के पास हालात स्थिर हैं पर संवेदनशील हैं, गहरे निहितार्थ लिए हुए है. यह हकीकत है कि चीन की सीमा पर उसके साथ पिछले वर्ष जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है. अब चीन सीमा के नजदीक भारतीय सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी. रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण सेला टनल के तैयार हो जाने से भारतीय सेना के जवानों की पहुंच हर मौसम में चीन सीमा तक बनी रहेगी. यह टनल चीन सीमा तक पहुंचने के लिए प्राकृतिक रास्ते सेला दर्रे से 4200 मीटर तक खुदाई करके बनाई गई है. सेला दर्रा जहां कुछ माह बर्फ से ढके रहने के कारण बंद रहता है वहीं सेला टनल पूरे वर्ष आवागमन के लिए खुली रहेगी. इस टनल की मदद से भारतीय सेना पूरे वर्ष आसानी से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों एवं हथियारों की तैनाती कर सकेगी. इसके अलावा यह टनल चीन के सीमावर्ती इलाके से अरुणाचल प्रदेश और देश के बाकी हिस्से को पूरे वर्ष जोड़े रखेगी. दरअसल, इस सुरंग का शिलान्यास 1 अप्रैल, 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था. अब इसका काम पूरा होने वाला है और अब प्रधानमंत्री कभी भी इसे देश को समर्पित कर सकते हैं. चीन ने पैंगांग झील के उत्तरी हिस्से में अपनी सेनाएं तैनात कर रखी हैं. ऐसे में भारतीय सेना अपने नियंत्रण वाले ऊंचाइयों के स्थानों को छोड़ने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है. चीन सीमा पर भयंकर सर्दी पड़ने के कारण मौसम खराब रहता है इसके बावजूद सेना ने वहां पर जमे रहने की अपनी पूरी तैयारी कर रखी है. ऐसे में चीन सीमा पर बराबर लम्बे समय तक डटे रहने और सर्दी से बचने के उपायों की तैयारी पूरी कर ली गई है. उल्लेखनीय है कि दोनों देशों की सेनाओं के कमांडरों के बीच कई दौर की वार्ता बेनतीजा रही है. ऐसे में एलएसी पर तैनाती बनाए रखना आवश्यक है क्योंकि चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड से सटी अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है. इस बार जब पंद्रह जनवरी को देश सेना दिवस मनाएगा, तो सेना नये आत्मविश्वास से भरी होगी. सेना के आधुनिकीकरण के तमाम उपायों को मूर्त रूप दिया गया है. चालू वर्ष में भारतीय सेना हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट से लैस हो जाएगी. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने दुनिया की पहली बीआईएस लेबल 5 एवं बीआईएस लेबल 6 की सबसे हल्की एवं मजबूत मेड इन इंडिया अभेद्य दो तरह की बुलेटप्रूफ जैकेट बनाने में सफलता हासिल कर ली है. फिलहाल भारतीय सेना के जवान बीआईएस लेबल 5 की 10 किलोग्राम वजन वाली विदेशी जैकेटों का प्रयोग करते हैं. नई जैकेटें वजन में हल्की होने के साथ ही साइज में अधिक चौड़ी हैं व स्नाइपर गन की 6 से 8 गोलियां झेल सकती हैं. चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए थल सेना के सभी कमांड केन्द्र व अन्य सेनाओं से तालमेल बनाए रखने हेतु जल्द ही नया सेटेलाइट बनाया जाएगा. इसका निर्माण इसरो द्वारा किया जाना है. इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने गत वर्ष न्यू स्पेस इंडिया से 2963 करोड़ रुपये का समझौता किया था. यह सैन्य उपग्रह तकरीबन पांच टन वजन का होगा. यह एक एडवांस्ड कम्यूनिकेशन सेटेलाइट होगा जो सेना के हर मिशन की सटीक जानकारी देगा और खुफिया संचार में भी मदद करेगा. यह एक प्रकार का जियोस्टेशनरी उपग्रह होगा, जिससे रियल टाइम इमेजरी हो सकेगी तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस के जरिए सर्विलांस करना आसान होगा. वहीं किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है. चीन सीमा पर सैन्य ऑपरेशन के दौरान गोला-बारूद की आपूर्ति, मशीनगनों और राइफलों के मेंटिनेंस पर भी सेना सजग है. इन मसलों को लेकर अक्तूबर, 2023 में मध्य भारत एरिया के सैन्य मुख्यालय में 6 राज्यों के सैन्य कमांडर एवं वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एकत्र हुए थे. मुख्य मुद्दा गोला-बारूद के स्टॉक को तत्काल सीमा तक पहुंचाने का था. भारतीय सेना ने अपनी हवाई रक्षा क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में भी अपने कदम बढ़ा लिए हैं. इसके लिए सेना ने जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइल रेजिमेंट को गठित किया है. इसे पूर्वी कमांड के क्षेत्र में स्थापित किया गया है. यह रेजिमेंट लड़ाकू विमानों, यूएवी, हेलिकॉप्टर, सुपरसोनिक मिसाइल जैसे हवाई लक्ष्यों का एक साथ सामना करने एवं हवाई सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है.

> सेला दर्रा जहां कुछ माह बर्फ से ढके रहने के कारण बंद रहता है वहीं सेला टनल पूरे वर्ष आवागमन के लिए खुली रहेगी. इस टनल की मदद से भारतीय सेना पूरे वर्ष आसानी से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों एवं हथियारों की तैनाती कर सकेगी. इसके अलावा यह टनल चीन के सीमावर्ती इलाके से अरुणाचल प्रदेश और देश के बाकी हिस्से को पूरे वर्ष जोड़े रखेगी.

### मीडिया में अन्यत्र

## चीन की हरकतों पर सतर्क निगाह रहे

**पिछले दिनों** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का एक बयान मीडिया की सुर्खियां बना था कि 'भारत-चीन सीमा पर स्थिति स्थिर है, लेकिन बेहद संवेदनशील है.' तब इस वक्तव्य को लेकर कयास लगाये जा रहे थे कि इस बयान के तात्कालिक निहितार्थ क्या हैं. जाहिर है इस स्थिति के चलते हम अपने सतर्कता प्रयासों को कम नहीं कर सकते हैं. पीएलए के किसी भी दुस्साहस को रोकने के लिये चौबीसों घंटे निगरानी की जरूरत महसूस की जा रही है. यह बात तो तय है कि मौजूदा हालात में भारत अपनी सुरक्षा तैयारियों को लेकर किसी तरह की ढील नहीं दे सकता. थल सेनाध्यक्ष के बयान के निहितार्थ तब सामने आए जब द ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि सितंबर 2021 और नवंबर 2022 के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर भारतीय और चीनी सैनिक कम से कम दो बार भिड़े हैं. इस पंद्रह महीने की अवधि के दौरान भारत ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी यानी पीएलए की निगरानी के उद्देश्य से कई गुप्त अभियान भी चलाए. दरअसल, ये झड़पें और ऑपरेशन पहले सार्वजनिक विमर्श में नहीं आए. पिछले दिनों पश्चिमी और मध्य सेना कमांड के एक कार्यक्रम में आयोजित अलंकरण समारोह के दौरान वीरता पुरस्कारों के लिये प्रशस्ति पत्र पढ़ने के दौरान इन तथ्यों का खुलासा हुआ.



दरअसल, ये स्थितियां सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे द्वारा एलएसी को संवेदनशील बताये जाने की पुष्टि करती हैं. जिसका साफ निष्कर्ष यह भी है कि हम अपनी सुरक्षा तैयारियों से किसी भी तरह का समझौता नहीं कर सकते. यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि क्षेत्र में अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को अंजाम देने के लिये चीन लगातार ताकत के बल पर अपने भू-भाग को विस्तार देने की कुत्सित कोशिश में लगा रहता है. भारत ही नहीं, अपने दर्जन भर पड़ोसियों से उसका लगातार सीमा विवाद चलता रहता है. यहां तक कि विवाद के ये मामले अंतरराष्ट्रीय न्यायालय तक भी पहुंचे हैं. दरअसल, अब चाहे थल सीमा हो या समुद्री सीमा, चीन की कोशिश लगातार छोटे देशों को दबाने की होती है. इसी तरह वह भारत की सीमा पर अतिक्रमण करके सामरिक बढ़त लेने की फिराक में रहता है. ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत किसी भी उकसावे का सावधानीपूर्वक, लेकिन दृढ़ता से चीन को जवाब दे. यहां उल्लेखनीय है कि भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष से दो टूक शब्दों में कह दिया है कि जब तक सीमा पर कोई मान्य समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक दोनों देशों के बीच अन्य संबंधों को सामान्य रूप से आगे बढ़ाने की कोई गुंजाइश नहीं रहती है.

**(दैनिक ट्रिब्यून से)**

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## भरत/भरण

**भरत** बाबू अपने परिवार के साथ अपनी बहन के परिवार का भी भरण-पोषण करते हैं. यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है. वरना आज के जमाने में अपने परिवार के सिवा किसी और के बारे में सोचना भी कौन पसंद करता है. भरत बाबू पर उनके नाम का प्रभाव है. अगर नाम का प्रभाव है तो उनके नाम का अर्थ क्या है? आइए, जानते हैं. हिंदी शब्द सागर के अनुसार भरत और भरण दोनों ही संस्कृत तत्सम शब्द हैं. भरत हमारे देश के कई महापुरुषों का नाम रहा है. उनमें से एक हैं, भगवान श्रीरामचंद्र के अनुज, अयोध्या नरेश दशरथ और कैकेयी के पुत्र, जिनका विवाह मांडवी के साथ हुआ था. भागवत महापुराण के अनुसार भरत ऋषभदेव के पुत्र का भी नाम था. उन्हें जड़भरत भी कहा जाता था. शकुंतला के गर्भ से उत्पन्न दुष्यंत के पुत्र का नाम भी भरत था, जिनका जन्म कण्व ऋषि के आश्रम में हुआ था. जन्म के समय ऋषि ने इनका नाम सर्पदमन रखा था और इनको शकुंतला के साथ दुष्यंत के पास भेज दिया था. बड़े होने पर भरत बड़े प्रतापी और सार्वभौम राजा हुए थे. उनके नाम पर ही इस देश का नाम भारतवर्ष और भरतखंड पड़ा था. भारत का शाब्दिक अर्थ है भरत की भूमि. एक पुराण प्रसिद्ध मुनि का नाम भरत था, जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं. इन्होंने नाट्य शास्त्र नामक एक ग्रंथ की रचना की थी. संगीत शास्त्र के एक आचार्य का नाम भी भरत है. इसके अलावा भरत का अर्थ है वह जो नाटकों में अभिनय करता हो, नट, शबर, जुलाहा, क्षेत्र, खेत, सैनिक, जैन धर्मग्रंथों के अनुसार प्रथम तीर्थंकर ऋषभ के ज्येष्ठ पुत्र का नाम. कांसा नामक एक धातु को भी भरत कहा जाता है और कांसा का व्यापार करनेवाले को भरतिया. वहीं भरण का अर्थ है पालन-पोषण करना, ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 27 नक्षत्रों में दूसरा, यमदेवता, वेतन, वहन करना, पुष्टिदायक अन्न या आहार.

# सच्चा मूर्ख कभी धूर्त्त नहीं होता!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

दुनिया मूर्खों से भरी पड़ी है. एक ढूंढो हज़ार मिलते हैं. कुछ अक्लमंद लोग मूर्खों से इतना परहेज़ करते हैं कि वे उनकी शक्ल तक नहीं देखना चाहते. ऐसे लोगों को एक महामूर्ख ने कहा है कि उन्हें अपने को किसी अकेली अंधी कोठरी में बंद कर लेना चाहिए. बल्कि उन्हें तो अपना आईना तक फोड़ देना चाहिए. ऐसा नहीं है कि बुद्धिमान लोग मूर्खता नहीं करते. लेकिन वे बस, शुरू शुरू में ही मूर्खता करते हैं. बाद में संभल जाते हैं. किन्तु बाद में जब वे मूर्खता करते हैं तो वह छोटी-मोटी मूर्खता नहीं होती. वह हिमालयी- मूर्खता होती है. किसी बड़े पद पर यदि कोई मूर्ख बैठा दिया जाता है तो एक पहाड़ पर बैठे इंसान की तरह उसे नीचे सब लोग बौने दिखाई देने लगते हैं और मज़ा यह है कि नीचे के लोगों को वह भी बौना ही दीखता है! हमारा प्रजातंत्र जनता का राज है. ज़ाहिर है, जनता में बुद्धिमानों की बजाय अधिकतर लोग मूर्ख ही होते हैं और बुद्धिमान भी मूर्खता करने से बाज़ नहीं आते. हम मूर्खों में से ही अपना नेता चुनते हैं और बाद में खुद ही रोते हैं कि हम बड़े मूर्ख हैं जो ऐसा नेता चुन लिया. ऐसी गलती न करने की हम कसम खाते हैं, लेकिन बार बार यही गलती कर बैठते हैं, क्या किया जाए, मूर्ख जो ठहरे. हमें कोई अधिकार नहीं है कि हम अपने को मूर्ख बनाएं, लेकिन दूसरों को मूर्ख बनाने में हम खुद ही बन बैठते हैं. एक मूर्ख और एक धूर्त में फर्क करना बड़ा कठिन होता है. जो वास्तव में मूर्ख है वह सच्चा मूर्ख होता है, धूर्त नहीं होता. वह कभी धूर्त बनने की कोशिश करे तो भी मूर्ख ही बन जाता है. मुश्किल तब आती है कि जब एक धूर्त अपनी धूर्तता कारगर करने के लिए एक मूर्ख का सफल अभिनय करने लगता है और लोग, जो कि अधिकतर मूर्ख ही होते हैं, उसके जाल में फंस जाते हैं. धूर्तों की सफलता मूर्खों पर ही आश्रित है. मुझे हमेशा मूर्खों से डर बना रहता है क्योंकि मैं कभी स्वयं को आश्वस्त नहीं कर पाता कि सामनेवाला मूर्ख है या धूर्त. मूर्खों का भी एक प्रारूप-शास्त्र (टाइपोलाजी) है. सभी मूर्ख एक ही कोटि के नहीं होते. मूर्खता में वे भी कम और अधिक होते हैं. मूर्खता की मात्रा में अंतर रहता है. हर मूर्ख को अपनी प्रशंसा के लिए कोई न कोई उससे थोड़ा अधिक मूर्ख मिल ही जाता है.



लोगों ने कहा- यह राज्य सरकार की नासमझी है

मामले पर सभी को सोचने की जरूरत है

राज्य में उर्दू भाषा का प्रयोग लंबे समय से होता रहा है

यह भाषा और समुदाय के साथ साजिश हो रही है


**उर्दू** शिक्षकों की बहाली को लेकर इस समुदाय की नाराजगी जारी है. लोग इसे राज्य सरकार की नासमझी बता रहे हैं. उनका कहना है कि उर्दू भाषा का प्रयोग लंबे समय से होता रहा है. राज्य में बहुत सारे उर्दू शिक्षक कार्यरत भी हैं. ऐसे में नई शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक लगना कहां तक जायज है. सरकार को इस मालले में फिर से विचार करना चाहिए. सरकार के इस निर्णय का राज्य में दूरगामी प्रभाव पड़ेगा. कारण अविभाजित बिहार के समय से उर्दू को महत्व दिया जाता रहा है. हमारी नई पीढ़ी इस भाषा से अनभिज्ञ रह जाएगी. यह ठीक नहीं होगा. अचानक इस तरह का निर्णय लिया जाना उर्दू भाषा और इसे बोलने वाले समुदाय के साथ साजिश है. उर्दू भाषा-भाषी समुदाय इस निर्णय को बर्दाश्त नहीं करेगा. इससे मुस्लिम समाज आहत तो है ही. इसके विरोध में सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन किया जाएगा. अगर राज्य सरकार इस मामले में फिर से विचार नहीं करती है तो इसे अगले चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ेगा. मालूम हो कि सरकार ने उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को 'मरणशील' संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी है. अब उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति किए जाने के बजाय पदों को ही समाप्त करने का निर्णय शिक्षा विभाग ने लिया है. शुभम संदेश की टीम ने इस मामले में राज्य के विभिन्न जिलों में लोगों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.



# ...तो धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी उर्दू

## राज्य में उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक का विरोध जारी

### फैसले का शिक्षा पर दूरगामी असर पड़ेगा



## चांडिल

### उर्दू शिक्षकों के पदों के समाप्त करने का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण : मो. मुरतेज अंसारी



झामुमो के वारिष्ठ नेता मो. मुरतेज अंसारी ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति की बजाय पदों को ही समाप्त करने का निर्णय लिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है. शिक्षा विभाग का निर्णय उर्दू भाषा को समूल समाप्त करने जैसा है. ऐसे में उर्दू प्रमियों और मुस्लिम समाज का नाराजगी जायज है. शिक्षा विभाग के इस निर्णय के खिलाफ मुख्यमंत्री से मिलकर विरोध दर्ज कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि राज्य में उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर तत्काल नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री से मांग की जाएगी. उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील संवर्ग घोषित करना गलत है.

### उर्दू के साथ शिक्षा विभाग सौतेला व्यवहार कर रहा है : मो. अब्दुल कलाम अंसारी



कुकड़ू प्रखंड के चौड़ा निवासी मो. अब्दुल कलाम अंसारी ने कहा कि उर्दू भाषा के साथ शिक्षा विभाग सौतेला व्यवहार कर रहा है. सरकार को इस निर्णय को अविलंब वापस लेना चाहिए. सरकार के इस निर्णय से उर्दू भाषा पर प्रतिकुल असर पड़ेगा. इसका असर उर्दू शिक्षकों के साथ विद्यार्थी व आम लोगों पर भी पड़ेगा जो पढ़ने-लिखने में उर्दू का उपयोग करते हैं. ऐसे में उर्दू भाषा का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा. सरकार राज्य में बांग्ला और ओड़या भाषा की तरह ही उर्दू को भी समाप्त करना चाहती है. झारखंड के बांग्ला और ओडिया माध्यम के विद्यालयों को हिंदी माध्यम में बदल दिया गया है. आने वाले दिनों में सरकार उर्दू स्कूलों के साथ भी ऐसा ही करने वाली है. इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा.

### यह तो उर्दू के साथ घोर अन्याय हो रहा है, सरकार ध्यान दे : अमानत हुसैन



उर्दू प्रेमी अमानत हुसैन ने कहा कि झारखंड की दूसरी राजभाषा के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी ऐसा बर्ताव कैसे कर सकते हैं. शिक्षा विभाग का निर्णय उर्दू भाषा, उर्दू के शिक्षक व छात्र सभी के साथ अन्याय करने जैसा है. इसे लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में तीव्र रोष व्याप्त है. मुस्लिम समाज के लोग इसे उर्दू भाषी लोगों के साथ अन्याय बता रहे हैं. उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति करने के बजाय शिक्षा विभाग पद को ही समाप्त कर रही है. यह कैसा न्याय है. ऐसे में राज्य का विकास कैसे होगा. इस मामले में मुख्यमंत्री को तत्काल हस्तक्षेप करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देना चाहिए कि पदों के विरूद्ध बहाली करें न कि पदों को समाप्त करें.

## लातेहार

### साजिश नहीं होनी चाहिए सरकार को यह निर्णय वापस लेना चाहिए: मो. नेसार



लातेहार निवासी नेसार अहमद ने कहा कि सरकार को यह निर्णय वापस लेना चाहिए. झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा उर्दू शिक्षक व सहायक शिक्षक के पद को समाप्त कर देना दुर्भाग्यपूर्ण है. सरकार को इस प्रस्ताव को वापस लेना चाहिए. यह उर्दू एवं उर्दू भाषियों के साथ अन्याय है. इसे कतई बरदास्त नहीं किया जा सकता है. उर्दू को हासिये पर लाने की यह साजिश है. तमाम उर्दू भाषियों को इसका विरोध करना चाहिए, नहीं तो उर्दू की अस्मिता पर सवाल उठ जायेगा.

### उर्दू भाषी लोगों के साथ यह अन्याय है पदों को भरा जाना चाहिए : मो. सदीक



दस्तावेज नवीस संघ के मो. सदीक ने कहा सरकार का यह निर्णय उर्दूभाषी लोगों के साथ अन्याय है. उर्दू शिक्षकों की बहाली करनी चाहिए तो उल्टे सरकार उन पदों को ही समाप्त कर रही है. राज्य में 3500 उर्दू के पद रिक्त हैं, इन पदों को भरा जाना चाहिए, उलटा सरकार कार्यरत शिक्षकों को भी हटाना चाह रही है. आखिर सरकार की मंशा क्या है. यह उर्दू के साथ अन्याय है.

### यह सौतेला व्यवहार है, शिक्षक नहीं रहेंगे तो लोग कैसे पढ़ेंगे : इसराफिल अंसारी



सेवानिवृत प्रधानाध्यापक इसराफिक अंसारी कहा कि यह उर्दू भाषा के साथ सौतेला व्यवहार है. अगर विद्यालयों में उर्दू शिक्षक नहीं रहेगें तो उर्दू के साथ उर्दू कैसे पढ़ेगें. उर्दू हमारी दूसरी सरकारी भाषा है. उर्दू और हिंदी में कोई भेद नहीं होना चाहिए. भारत गंगा व जमुनी तहजीब वाला देश है. सरकार को इस प्रस्ताव को वापस लेना चाहिए. आखिर पहले पदस्थापित उर्दू के शिक्षक कहां जाएंगे

### सरकार के इस फैसले से उर्दू भाषी हतप्रभ हैं, फिर से विचार किया जाए: कमाल अंसारी



लातेहार के तरवाडीह ग्राम के मो कमाल अंसारी ने कहा कि सरकार के इस फैसले से उर्दू भाषी हतप्रभ हैं. आखिर प्राथमिक विद्यालयों में उर्दू के शिक्षक नहीं रहेगें तो उर्दूभाषी बच्चे कैसे उर्दू पढ़ेगें. सरकार को यह फैसला उर्दू व उर्दू विरोधी है. इस पर सरकार को फिर से विचार करना चाहिए. आखिर प्राथमिक शिक्षा निदेशालय बिना सरकार के आदेश के यह कैसे फैसला ले सकता है. सरकार को इस पर त्वरित संज्ञान ले कर पहल करना चाहिए, नहीं तो समाज में असंतोष पैदा होगा. उर्दूभाषी हीन भावना से ग्रसित हो जाएंगे

## रांची

### फैसले में बदलाव होना चाहिए : महताब



हरमू मुस्लिम पंचायक के सेक्रेटरी महताब फारुकी ने कहा कि उर्दू के प्रति आया फसला दुर्भाग्यपूर्ण है. सरकार को इसके प्रति संज्ञान लेकर आये फैसले को बदलने की जरूरत है. ताकि इसका उर्दू शिक्षकों को उनका हक अधिकार मिल सके. उर्दू की अपनी पहचान है और काफी समय से प्रचलन में रहा है. ऐसे में सरकार का यह निर्णय ठीक नहीं है. इस पर फिर विचार होना चाहिए.

### सरकार को ध्यान देने की जरूरत : मुमताज



मोअज्जिन मो मुमताज अंसारी ने कहा कि उर्दू दूसरी जबान है. उर्दू को जो हक मिलना चाहिये वह अब तक नहीं मिल पाया है. राज्य गठन के 24 वर्ष होने को हैं, पर उर्दू को वह हक नहीं मिल पाया है., सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. जितनी जल्दी हो इस निर्णय में बदलाव लाना चाहिए. ताकि उर्दू को उसका हक मिल सके.

## जमशेदपुर

### यह सोची समझी साजिश : गौहर अजीज



करीम सिटी कॉलेज के उर्दू विभाग के शिक्षक गौहर अजीज ने कहा कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों से उर्दू शिक्षक के पदों को समाप्त कर देने की खबर निंदनीय है. राज्य में ऐसे नागरिकों की संख्या बहुत बड़ी है जिनकी मातृभाषा उर्दू है. उनकी शिक्षा उर्दू माध्यम से ही होती है. सरकार क्या चाहती है कि ऐसे नागरिकों के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाए.

### उर्दू हिन्दुस्तानी तहजीब पेश करती है : शहबाज



करीम सिटी कॉलेज के शिक्षक शहबाज कहते है कि उर्दू जुबान हिंदूस्तान की दूसरी सरकारी जुबान है. यह जुबान सिर्फ बोलने और समझने की जुबान नहीं है बल्कि यह हिंदुस्तानी तहजीब को पेश करती है. यह तमाम जुबानों से शेरेजुबां है. हिंदूस्तान के संविधान में हर मजहब और धर्म को मानने की आजादी है.

## घाटशिला

### मुस्लिम समाज को निराशा हुई है : वसीम राजा



दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे वसीम राजा ने कहा कि सरकार के स्कूली साक्षरता विभाग के द्वारा जो नियमावली लाई गई है इससे मुस्लिम समाज को बहुत निराशा हुई है. यह अत्यंत दुखद है. उर्दू प्रशिक्षित शिक्षकों को शत प्रतिशत पद पर स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग में 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद पर मरणशील संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी गई है. यह उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति की जाने के बजाय पदों को भी समाप्त करने का निर्णय शिक्षा विभाग के द्वारा लिया गया वह काफी दुखद है.

### नई नियमावली पूरी तरह गलत है : मकसूद



क्षेत्र के उर्दू लाइब्रेरी के सचिव मकसूद शेख ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा उर्दू शिक्षक व सहायक शिक्षक के पदों को समाप्त करने के लिए बनाए गए झारखंड राज्यकृत प्राथमिक विद्यालय शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2024 पूरी तरह गलत है. इससे समूचे जिले में विरोध हो रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार खाली पड़े पद 3721 उर्दू शिक्षकों के पदों को कक्षा एक से पांच तक तथा कक्षा 6 से 8 तक में बंद कर नियुक्ति नियमावली 2012 के अनुसार बहाली करने के बजाय पदों को सरेंडर करने में लगी है. सरकार इस नियमावली को वापस करें.

### सीट उर्दू शिक्षकों को ही मिले : तबस्सुम निगार



चाकुलिया प्रखंड की उर्दू शिक्षिका तबस्सुम निगार उर्दू भाषा के लिए सरकार से मांग की है कि उर्दू की सीट हर हाल में उर्दू के शिक्षक को ही मिले. उर्दू के साथ अन्याय न हो. उर्दू हमारी मातृभाषा है. यह गंगा जमुनी तहजीब की पहचान है. उर्दू हमारे दिलों में बसती है. वैसे ही उर्दू की बहाली कम होती है. अब उसमें भी अगर सीट की कटौती की जाएगी तो उर्दू जुबान मर जाएगी. उर्दू हमारे मुल्क की पहचान है. ऐसे में उर्दू भाषी लोगों के लिए भेदभाव किया जा रहा है. शिक्षकों के वित्त पड़े पदों पर बहाली के बजाय पदों कोई समाप्त करने की साजिश की गई है. राज्य के उर्दू भाषी लोगों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई गई है.यह भाषा बहुत पहले से ही क्षेत्र में प्रचलित है.

## चंदवा

### यह फैसला तुगलकी फरमानः असगर खान



राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान उर्दू शिक्षकों के पद समाप्त किये जाने पर कहा कि झारखंड सरकार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी यह आदेश सरकार का तुगलकी फरमान है. इससे उर्दू भाषियों के बीच असंतोष की भावना जगेगी और टकराव की स्थिति होगी. सरकार पर से लोगों का विश्वास कम होगा और नफरत पनपेगी. सरकार को इस तरह के फैसला लेने से पहले इसके परिणाम पर विचार करना चाहिए. सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाना चाहिए.

### फैसला वापस लेना चाहिए : अयूब खान



चंदवा के अयूब खान ने कहा कि इस फैसला को सरकार को वापस लेना चाहिए. सरकार ने उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी है. यह कहीं से उचित नहीं है. प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की इस कार्रवाई से मुस्लिम समुदाय हतप्रभ हैं. निदेशालय का यह कदम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा के अनुरूप नहीं है.

## धनबाद

### उर्दू के साथ राजनीति हो रही है : एजाज खान



एजाज खान कहते हैं कि झारखंड सरकार उर्दू के साथ अन्याय कर रही है. हम लोगों ने उर्दू भाषा में शिक्षा ग्रहण की थी, तब उर्दू के टीचर थे लेकिन अब उर्दू पढ़ने वाले बच्चे भी खत्म हो रहे हैं. ऐसा इसलिए हो रहा है कि उर्दू के साथ राजनीति हो रही है. यदि उर्दू टीचर ही नहीं बहाल होंगे तो उर्दू जैसी भाषा धीरे-धीरे अपने अंत तक पहुंच जाएगी. उर्दू टीचर की बहाली नहीं होना वाकई दुखदायक है. आखिरी कब तक सरकार ऐसी राजनीति करेगी. सरकार से मांग है कि राज्य में उर्दू शिक्षकों के जितने पद हैं, सभी पर बहाली की जाए.


### उर्दू भाषा ही गायब हो रही है : शेख वारिफ



शेख वारिफ ने कहा कि सरकार ने झारखंड में उर्दू स्कूलों को बोर्ड में नाम तो रहने दिया, बाकी सबकुछ खत्म कर दिया. उर्दू के शिक्षकों की दशकों से बहाली नहीं होने के कारण उर्दू भाषा ही गायब होती जा रही है. कहते हैं कि मिल्लत आकदमी में उनकी पढ़ाई उर्दू बोर्ड से हुई थी. कई विषय उर्दू भाषा में पढ़े थे, लेकिन अब सिर्फ उर्दू भाषा की एक किताब की ही पढ़ाई होती है, वह भी आधी-अधूरी. ऐसे में उर्दू भाषा का विकास कहां से संभव है, ऊपर से शिक्षकों की बहाली पर तरह-तरह के प्रपंच रचे गए हैं.

## गिरिडीह

### मुस्लिम समुदाय में काफी रोष : वहाब खान



गावां प्रखंड के समाजसेवी वहाब खान ने कहा कि उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया समाप्त करने की राज्य सरकार कोशिश कर रही है . इससे मुस्लिम वर्ग में काफी रोष है. उर्दू शिक्षकों का यूनिट एकीकृत बिहार राज्य से ही स्वीकृत है. झारखंड में इस यूनिट को बढ़ाने की बजाय राज्य सरकार इसे समाप्त करना चाह रही है. इससे उर्दू पढ़ने वालों छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा. इस पर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को एक बार फिर से विचार करना चाहिए .

### पद को निरस्त करना उचित नहीं : अब्दुल हफीज



समाजसेवी सह मुखिया अब्दुल हफीज ने कहा कि उर्दू शिक्षकों के रिक्त पद को निरस्त करना उचित नहीं है . राज्य में उर्दू दूसरी राजभाषा है,इसके बाद इस भाषा की उपेक्षा हो रही है . राज्य सरकार उर्दू भाषा को खत्म करने की कोशिश कर रही है . इससे मुस्लिम समाज के लोगों में काफी निराशा है . इस पर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा पुनर्विचार नही किया गया तो मुस्लिम समुदाय के लोग जोरदार आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे .

### सरकार का गलत निर्णय : इम्तियाज अहमद



बेंगाबाद के इम्तियाज अहमद ने कहा कि उर्दू शिक्षकों के पद को समाप्त करना राज्य सरकार का गलत निर्णय है. राज्य सरकार उर्दू भाषा और उर्दू भाषियों के साथ शुरू से ही सौतेला व्यवहार कर रही है. उर्दू को दरकिनार कर इस भाषा के छात्रों के अवसर को समाप्त करने का काम किया जा रहा हैं.

## चक्रधरपुर

### राज्य में जो भी सरकार आती है उर्दू के साथ खिलवाड़ करती है : बैरम खान




अंजुमन इस्लामिया के सचिव बैरम खान ने कहा कि राज्य में जो भी सरकार आती है वह उर्दू भाषा के साथ खिलवाड़ करती है. राज्य के सरकारी विभाग में करीब 3500 पद रिक्त हैं . उन्हें भरने के बजाय सरकार उर्दू के करीब 3700 शिक्षकों का पद ही समाप्त कर रही है. अल्पसंख्यक विद्यालय के श्रेणी को भी समाप्त कर सामान्य श्रेणी का दर्जा कर देती है. झारखंड के मुस्लिम सामाज में भारी रोष है. अफसरशाही पर लगता है माननीय मुख्यमंत्री जी का कोई लगाम नही है. मुख्यमंत्री को खुद इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेना चाहिए.

### उर्दू भाषा को खत्म करने की हो रही साजिश,यह दुखद है : असद अनीस



चक्रधरपुर निवासी शिक्षक असद अनीस ने कहा कि उर्दू भाषा को खत्म करने की साजिश सरकर कर रही है. उर्दू दूसरी सरकारी भाषा है, इसके बावजूद उर्दू शिक्षकों के पद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, यह चिंतनीय है.उर्दू भाषा लोगों के साथ पूरी तरह अन्याय किया जा रहा है.हमारे देश में उर्दू भाषा के लोग बड़ी तादाद में है. गीत, गाने, गजल इत्यादि उर्दू भाषा के ही होते हैं. ऐसे में उर्दू भाषा की पढ़ाई बंद किया जाना पूरी तरह गलत है. राज्य में इसका पूरजोर तरीके से विरोध होगा. सरकार को अपना निर्णय वापस लेने की आवश्यकता है. अगर उर्दू की पढ़ाई नहीं होगी तो आने वाली पीढ़ी इस भाषा से अनभिज्ञ रह जाएगी. यह अच्छा नहीं होगा.

### भेदभाव कर रही सरकारः फिरदौस नुजला



चक्रधरपुर के जवाहर लाल नेहरु कॉलेज की उर्दू भाषा की शिक्षिका फिरदौस नुजला ने कहा कि उर्दू भाषी लोगों के साथ सरकार भेदभाव कर रही है. उन्होंने कहा कि उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति को समाप्त करना गलत है. वर्षों से उर्दू स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हुये हैं.सरकार को इस ओर विचार करने की आवश्यकता है,अगर उर्दू स्कूलों में शिक्षक नहीं होंगे तो बड़ी संख्या में विद्यार्थी उर्दू शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाएंगे.

### यह अन्याय है, वापस ले निर्णय : शाह आजम




चक्रधरपुर निवासी अंजुमन उर्दू तरक्की के खजांची शाह आजम ने कहा कि सरकार उर्दू भाषी लोगों के साथ अन्याय कर रही है. उर्दू को राज्य की दूसरी भाषा का दर्जा देने की मांग लंबे समय से चल रही है. इस हालत में सरकार उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति करने की जगह पद को ही समाप्त कर उर्दू भाषी लोगों के साथ गलत कर रही है. इसका पूरे राज्य में विरोध होगा.

### निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है : जरार अहमद



चक्रधरपुर निवासी ने कहा कि उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त करने का निर्णय लिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है.वर्षो से उर्दू विद्यालयों में शिक्षकों की बहाली नहीं हुई है. बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हुए हैं. इससे उर्दू भाषा की पढ़ाई करने वाले बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, लेकिन सरकार बहाली लेने की जगह उर्दू शिक्षक के पद को ही समाप्त कर रही है,ऐसा लगता है राज्य सरकार अपने विवेक से कार्य नहीं कर रही है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** इस राशि का चंद्रमा बहुत ही अनुकूल है. रुके कार्य पूर्ण होंगे. अध्यात्म में रुचि रहेगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में उचित लाभ हो सकेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. अन्न दान करें.

**वृषभ** कार्य नहीं होने से क्रोध बढ़ेगा. विवाद को बढ़ावा न दें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा. आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी. मित्रों की मदद से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होने के आसार हैं.

**मिथुन** खर्च में वृद्धि होगी. पर समाज में या घर-बाहर पूछ-परख बढ़ेगी. कार्यसिद्धि होगी. व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. आत्मविश्वास बढ़ने से व्यापारिक लाभ अधिक होने के योग हैं. यात्रा में सावधानी रखें.

**कर्क** आय के लिए अच्छी खबरें मिलेंगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. व्यापार अच्छा चलेगा. पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहेगा. आपकी बुद्धिमानी से समस्याओं का समाधान संभव है.

**सिंह** लेन-देन में सावधानी रखें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. विवाद न करें. आर्थिक समस्या रह सकती है. नए कामों में सफलता मिलेगी. व्यापार अच्छा चलेगा. स्वास्थ्य में सुधार होगा. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** रोजगार में वृद्धि होगी. यात्रा सफल रहेगी. प्रसन्नता बनी रहेगी. अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखना चाहिए. श्रम अधिक करना होगा. आपके कार्यों की समाज एवं परिवार में आलोचना हो सकती है.

**तुला** किसी परिचित से कोई विवाद हो सकता है. छोटी यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर बढ़ेंगे. जोखिम न लें. आवास संबंधी समस्या रहेगी. रचनात्मक कामों का प्रतिफल मिलेगा. पूर्व में किए गए कार्यों का शुभ फल प्राप्त हो सकेगा.

**वृश्चिक** जीवनसाथी के साथ अच्छा सामंजस्य स्थापित होगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा. बड़े लोगों से भेंट होगी, जिसका लाभ भविष्य में मिलेगा. शत्रु परास्त होंगे.

**धनु** मौसमी बीमारियों से बचाव जरूरी है. बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. दिन प्रतिकूल रह सकता है. सामाजिक स्तर पर परिवर्तन एवं प्रतिष्ठा को लेकर चिंतित रहेंगे. दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा.

**मकर** संतान के कार्य में गति मिलेगी, पर कार्य के लिए भागदौड़ अधिक होगी. थकान रहेगी. वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है. माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा. दिन प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा. व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी.

**कुंभ** सुख का सामग्री एकत्र होगा. माता से सहयोग मिलेगा. थकान रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. विवाद से बचें. नए कार्यों में लाभ होने की संभावना है. परिवार की तरक्की होगी. काली वस्तु का दान करें.

**मीन** पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा. संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं. बड़ा लाभ होगा. जल्दबाजी न करें. प्रमाद से बचें. दूरदर्शिता एवं बुद्धिमानी से कई रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है. खर्चों में कमी करनी होगी. गुरु मंत्र का जाप करें.

## रांममय : कला शिक्षक ने कराया मार्गदर्शन, आठ घंटे का लगा समय, रंगों फूलों और पत्तियों का किया इस्तेमाल

# श्रीअग्रसेन स्कूल बच्चों ने बनाई 15 हजार वर्गफीट की राम दरबार रंगोली







**रांची ।** श्री अग्रसेन स्कूल के बच्चों ने विभिन्न रंगों से राम दरबार की करीब 15 हजार वर्गफीट की भव्य रंगोली बनाई. 400 बच्चों ने कला शिक्षक कुंदन विश्वकर्मा के नेतृत्व में यह रंगोली तैयार की. रंगोली तैयार करने में करीब आठ घंटे का समय लगा. बता दें कि राम दरबार रंगोली तैयार करने में विभिन्न रंगों, फूलों और पत्तियों का इस्तेमाल कर बनाया गया था. रंगोली की खूबसूरती और भव्यता देखकर अभिभावक और क्षेत्र के लोगों ने बच्चों की मेहनत की सराहना की. इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा राष्ट्र के इतिहास का एक खास पल है. श्री राम के स्वागत को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरा देश तैयारी में जुटा है. वहीं प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि इस अभूतपूर्व आयोजन का उद्देश्य उत्सव को यादगार बनाने के साथ-साथ बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ते हुए कला के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है.

## विधायक ढुल्लू पर लगाया जमीन हड़पने का आरोप

# मंदिर परिसर में रैयत ने किया आत्मदाह का प्रयास

संवाददाता। कतरास/बरोरा

राम राज मंदिर परिसर में शुक्रवार को चिटाही निवासी रैयत अशोक महतो ने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया, जिसे वहां मौजूद पुलिस के जवान एवं स्थानीय लोगों ने विफल कर दिया. मंदिर कमेटी के लोगों ने उसके हाथ से माचिस छीन कर उसे आत्मदाह करने से रोका. साथ ही परिवार वालों को भी समझा-बुझा कर शांत कराया. अशोक महतो ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो पर रैयती जमीन हड़पने का आरोप लगाया. इस दौरान करीब चार घंटे तक मंदिर परिसर में गहमागहमी का माहौल बना रहा.

**घंटों मंदिर परिसर में गहमागहमी का माहौल बना रहा**





दुकानदार अशोक महतो ने बताया कि वह पहले से ही मंदिर से लगभग 50 फीट की दूरी पर इडली डोसा आदि बेचने का काम करता रहा है. आगामी 22 जनवरी को राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने के नाम पर विधायक ढुल्लू महतो साजिश के तहत हमारी दुकान हटा कर जमीन हड़पना चाहता है. उन्होंने बताया कि सुबह-सुबह जब वे घर पर इडली बना रहे थे तो किसी ने बताया कि तुम्हारी दुकान तोड़ी जा रही है. जब वे दुकान पर पहुंचे तो देखा कि विधायक के आदमी ने दुकान में तोड़ फोड़ की है, ताला भी तोड़ दिया है. जब उन्होंने दुकान तोड़ने का विरोध किया तो वे लोग नहीं माने. इसके बाद आत्मदाह की कोशिश की.

उसने आरोप लगाया कि विधायक ढुल्लू महतो राम मंदिर के आसपास के सभी रैयतों की जमीन हड़पना चाहते हैं, जबकि मंदिर के निर्माण में 13 डिसमिल जमीन अशोक की भी है, उसका कोई मुआवजा नहीं मिला है, जबकि मंदिर में प्रति माह करीब 15 लाख रुपये की आमदनी होती है.

इधर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि 22 जनवरी को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामराज मंदिर में भी भव्य आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है. जिसके आलोक में मंदिर के सामने के दुकान को निवेदन पूर्वक हटाने का आग्रह किया गया है. कार्यक्रम के बाद दुकानों को लेकर सीओ एवं दुकानदारों के बीच एक बैठक की जाएगी. बैठक में जो भी निर्णय होगा मंदिर कमेटी उसका पालन करेगी.

वहीं मामले की जानकारी मिलने पर बरोरा थानेदार नंदू पाल अपने दल बल के साथ मौके पर पहुँचे. दुकानदार अशोक महतो के परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया तथा बताया कि 22 जनवरी के कार्यक्रम के बाद दुकान को पुनः उसी स्थान पर लगवा दिया जाएगा. लेकिन दुकानदार अशोक महतो व उसके परिजन इसी बात की गारंटी के लिए लिखित रूप से मांग कर रहे थे. जबकि कमेटी की ओर से दिए गए पत्र में इस बात का उल्लेख नहीं था कि दुकान हटाने के पश्चात पुनः उसी स्थान पर दुकान लगाने दिया जाएगा. थाना प्रभारी ने मामले की जानकारी ग्रामीण एसपी को दूरभाष पर दी. एसपी ने दूरभाष पर दुकानदार अशोक से बातचीत की. बाद में बरोदा थाना प्रभारी ने मंदिर कमेटी के द्वारा दिए गए पत्र में ही लिखा की 24 जनवरी को पुनः इसी स्थान पर दुकान लगवा दिया जाएगा. इसके पश्चात मामला शांत हो गया.

## मारवाड़ी सम्मेलन रांची का पदस्थापना समारोह कल

**रांची।** अग्रसेन भवन में रविवार को दिन के 11 बजे से मारवाड़ी सम्मेलन रांची का जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह होगा. इसमें नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार लेंगे शपथ ग्रहण करेंगे. अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष कमल कुमार केडिया और स्वागत मंत्री पवन शर्मा ने बताया कि इसमें सांसद संजय सेठ बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगे. हटिया विधायक नवीन कुमार जायसवाल उद्घाटनकर्ता के रूप में भागीदारी निभायेंगे. साथ ही अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा नीरा बथवाल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया सम्मानित के रूप में शामिल होंगे. पवन शर्मा ने बताया कि अधिवेशन में 101 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है.

## राजद की बैठक आज

**रांची।** प्रदेश राजद कार्यकारिणी की बैठक 20 जनवरी को सुबह 11 बजे प्रदेश कार्यालय में होगी. प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि बैठक के उपरांत राजद का मिलन समारोह होगा, जिसमें अन्य दल के सैकड़ों नेता कार्यकर्ता राजद की सदस्यता ग्रहण करेंगे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव,राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव,पूर्व मंत्री बिहार सरकार श्याम रजक उपस्थित रहेंगे. बैठक की अध्यक्षता संजय सिंह यादव करेंगे. बैठक में शामिल होने के लिए झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव रांची पहुंचे. बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर राजद नेताओं ने जोरदार स्वागत किया. स्वागत करने में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा, युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव,मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, लक्ष्मण यादव, कैलाश यादव, कमलेश यादव, अंजल किशोर सिंह आदि शामिल थे.

# थोरैसिक व एसोफैगल कैंसर का इलाज अब रांची में संभव



संवाददाता। रांची

थोरैसिक और एसोफैगल कैंसर का इलाज अब रांची के पारस अस्पताल में संभव हो गया है. प्रदेश में सामान्य तौर पर इस बीमारी का इलाज उपलब्ध नहीं था, हालांकि कुछ अस्पतालों में थोरैसिक और एसोफैगल कैंसर (फूड पाइप कैंसर) का सर्जरी के माध्यम से इलाज किया गया है, लेकिन अब रांची के पारस एचईसी अस्पताल में थोरैसिक और फूड पाइप कैंसर का नियमित रूप से डॉ प्रभात कुमार रैना की निगरानी में सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होगी.

पारस एचईसी अस्पताल के कैंसर सर्जन डॉ. प्रभात कुमार रैना ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि फेफड़े की यह बीमारी ज़्यादातर तंबाकू के सेवन से होती है और कैंसर की सबसे ख़तरनाक बीमारियों में से एक है. इस बीमारी का सर्जरी से इलाज संभव है, जो मरीज़ को एक सामान्य जीवन दे सकता है. राँची के पारस एचईसी अस्पताल में कैंसर की उत्कृष्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है. दुनिया भर में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में से एक, फेफड़ों का कैंसर तब विकसित होता है, जब वायुमार्ग की कोशिकाओं में असामान्य परिवर्तन होते हैं. जैसे-जैसे असामान्य कोशिकाएं बढ़ती हैं और विभाजित होती हैं, वे एक साथ एकत्रित हो सकती हैं और घातक ट्यूमर बना सकती हैं, जो संभावित रूप से आस-पास के ऊतकों पर आक्रमण कर सकते हैं. यदि ट्यूमर कोशिकाएं रक्तप्रवाह या लसीका तंत्र में प्रवेश करती हैं, तो फेफड़ों का कैंसर शरीर के दूर-दराज के क्षेत्रों में भी फैल सकता है.

अस्पताल के क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख डॉ. शिव अक्षत ने कहा कि इस जटिल सर्जरी में एनेस्थीसिया की टीम के साथ-साथ सर्जिकल और क्रिटिकल केयर की टीम के बेहतर समन्वय के कारण मरीज़ को एक स्वस्थ जीवन देने में सफलता पाई है. मेडिकल ऑनकोलॉजिस्ट डॉ गौरव कुमार ने बताया कि इस तरह के कैंसर के मरीज़ ज़्यादातर ठीक हो सकते हैं. सर्जरी के बाद मरीज़ अब अच्छा महसूस कर रही है और उनका कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी चल रहा है. अगर किसी को भी खाने में परेशानी या गले में भोजन अटक रहा है तो तत्काल चिकित्सक से मिलें और समय रहते इलाज करवायें.

### एसोफैगल कैंसर के लक्षण

- निगलने में कठिनाई (डिस्पैगिया)
- बिना प्रयास किये वजन कम होना
- सीने में दर्द, दबाव या जलन
- अपच या सीने में जलन का बिगड़ना
- खांसी या आवाज बैठ जाना

## संत पॉल्स दिवस 25 जनवरी को



**रांची ।** रांची के बहूबाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल में संत पॉल्स दिवस पर शुक्रवार को बैठक की गई. संत पॉल्स दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा. इस दिन को संत पॉल्स के हृदय परिवर्तन का दिन माना जाता है. इसी दिन संत पॉल ने ख्रीस्त का दर्शन पाया तथा उस पर विश्वास कर दृढ़ता से यीशु ख्रीस्त के रास्ते पर चलने का निर्णय लिया था. इस दिन की पूर्व संध्या 24 जनवरी को प्रार्थना की जाएगी, एवं 25 जनवरी की सुबह धार्मिक जलूस निकाली जाएगी, जिनमें संत पॉल्स से जुड़ी शाखाए इस जलूस में शामिल होंगे. संत पॉल्स कैथेड्रल में सुबह 6: 30 प्रार्थना अनुष्ठान रेव्य डेविड आनंद द्वारा किया जाएगा. धार्मिक जलूस संत पॉल्स हाई स्कूल 8: 30 से शुरू होगी, एवं संत पॉल्स मिडिल स्कूल एवं प्राईमरी स्कूल और कॉलेज होते हुए संत पॉल्स ऑफिस में समापन किया जाएगा.

## ऑल चर्च ख्रीस्तीय एकता प्रार्थना सप्ताह 18 से

**रांची।** ख्रीस्तीय एकता प्रार्थना सप्ताह हर वर्ष 18 से 25 जनवरी के बीच के रविवार को मनाया जाता है. इस प्रार्थना सप्ताह में सभी ख्रीस्त विश्वासी कलीसिया के लोग एक स्थान पर मिलकर प्रार्थना करते हैं. इस अवधि (समय) में ख्रीस्तीयों से आह्वान किया जाता है कि कलीसिया में मेल-मिलाप एवं एकता के लिए प्रार्थना करें. कलीसिया विश्वासी इस प्रार्थना सप्ताह की तैयारी सप्ताह दिन पहले से करते हैं. इस वर्ष ख्रीस्तीय एकता प्रार्थना सप्ताह 25 जनवरी को रांची के बहूबाजार स्थित एचपीडीसी हॉल में सभी चर्चों के पुरोहितगन की गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम ऑल चर्च कमेटी द्वारा किया जाएगा. इस प्रार्थना एकता सप्ताह का इतिहास करीब 100 सालों का है. इस प्रार्थना सप्ताह को ख्रीस्तियों के लिए दृश्य रूप में ख्रीस्तीय एकता के लिए प्रार्थना की जा सके.

## लघु प्रांतीय अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन



**रांची।** रांची मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा समागम लघु प्रांतीय अधिवेशन का पोस्टर विमोचन शुक्रवार को किया गया. झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की 22 वीं प्रांतीय सभा सह लघु अधिवेशन "समागम" आगामी 30 और 31 मार्च को रांची में समर्पण शाखा के आतिथ्य में होगा. इसका पोस्टर विमोचन जूम के माध्यम से सम्पन्न हुआ. राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टर, प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, राष्ट्रीय सहायक मंत्री विकास खंडेलिया की उपस्थिति में "समागम" अनुभव एवं युवा जोश का पोस्टर विमोचन किया गया. इस अवसर पर प्रान्त एवं राष्ट्र के करीब 100 से अधिक युवा सदस्य जुड़े. सर्मपण शाखा से शाखा सचिव सपना सिंघानिया, उपाध्यक्ष शशि बंका, पूर्व अध्यक्ष सुमिता लाठ, पूजा सरावगी, कोषाध्यक्ष दीपिका टेकरीवाल, उपस्थित थे.

## रिम्स में तीन दिवसीय वर्कशॉप की शुरुआत



**रांची ।** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकेयर रिसर्च डेवलपमेंट ऑफ हेल्थ रिसर्च के सहयोग से रिम्स के डेंटल विभाग एक वर्कशोप का आयोजन किया. इस वर्कशोप में मुख्यअतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा शामिल रहे है. इस तीन दिवसीय वर्कशोप का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया. वर्कशॉप का विषय फोटोबाइयोमोड्यूलेशन एंड फोटोडायनेमिक थेरेपी इन डेंटिस्ट्री था. इसके वक्ता डॉ. आशीष जैन, डॉ. सचिन बी मांगलेकर, डॉ. चन्द्रशेखर यवागल, डॉ. पूजा सी यवागल,डॉ. अरुण जयाशिल, डॉ. अमित बसान्नवर और डॉ. राजू पोद्दार उपस्थित रहे. वहीं इसकी ऑर्गनाइजिंग कमेटी में रिम्स के डायरेक्टर प्रो. डॉ. राजीव कुमार गुप्ता, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. अर्पिता राय, डॉ. विवेक गुप्ता और प्रशांत गुप्ता हैं.

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा जल्द कराने की मांग

**रांची ।**आजसू छात्र संघ ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा और मांग की. ज्ञापन में पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2024 जल्द कराने की मांग करते हुए कहा गया है कि 2023 में जो परीक्षा ली गयी है. उसमें भी अभी 68 प्रतिशत सीटें खाली हैं. छात्रों ने इसके अलवा सभी कॉलेजों में बस की सुविधा उपलब्ध कराने. कॉलेजों में वाई फाई की सुविधाएं बहाल करने की मांग की, जिसके लिए झारखंड सरकार 2019 में 4 करोड़ रुपये दे चुकी है.

पेज 01 का शेष ...

## राजद और भाजपा खेमे खेमे में बढ़ी हलचल, तेजस्वी बोले ऑल इज वेल

वहीं, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा के आवास पर भाजपा विधायकों की आपात बैठक हुई. भाजपा की गठबंधन सहयोगी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतनराम मांझी ने भी अपने सभी विधायकों से 25 जनवरी तक पटना में ही रहने के लिए कहा है. मांझी ने नीतीश कुमार को पलटू राम बताते हुए कहा कि जब एक बार पलट चुके हैं तो दूसरी और तीसरी बार पलटने में क्या दिक्कत है? उन्होंने यह भी जोड़ा कि अगर जदयू एनडीए में आता है, तो हम इसका विरोध नहीं करेंगे. मांझी ने साथ ही यह भी दावा किया कि नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव को सीएम बनाने के वादे के साथ महागठबंधन में शामिल हुए थे. मुझे पहले से मालूम था कि वह तेजस्वी को सीएम के रूप में बर्दाश्त नहीं करेंगे. मांझी का यह बयान लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान के घर हुए राजनीतिक जुटान के ठीक बाद आया है. मांझी के साथ ही उपेंद्र कुशवाहा भी चिराग के घर पहुंचे थे. चिराग ने भी अब जदयू के एनडीए में शामिल होने की संभावना जता दी है.

## हेमंत को छुआ, तो जल उठेगा झारखंड

राज्यपाल केंद्र की एजेंटी बंद करें, नहीं तो वापस तमिलनाडु वापस भेज देंगे आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप ने कहा कि केंद्र सरकार अपनी जांच एजेंसियों के माध्यम से एक आदिवासी सीएम को परेशान कर रही है. उन्होंने राजभवन, राज्यपाल और भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि वह साजिश करना बंद करें. राज्यपाल केंद्र का एजेंट बन कर काम करना बंद करें नहीं तो उन्हें तमिलनाडु वापस भेज दिया जाएगा.

## कार्यक्रम में किस संगठन के कौन-कौन लोग शामिल

कार्यक्रम में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, नारायण उरांव, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के कुंदरसी मुंडा, सरना समिति कांके के अध्यक्ष सोनू खलखो, क्षेत्रीय पड़हा समिति के अजीत उरांव, पड़ाहा राजा बुधवा मुंडा, कल्याणपुर सरना समिति के दिनेश कच्छप, वामसेफ के जयंत कच्छप, आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप, एचईसी विस्थापित मोर्चा के राहुल उरांव, सरना समिति पिठोरिया के योंगेंद्र उरांव, सरना समिति कांके सुरेंद्र लिंडा, अखिल भारतीय आदिवासी विकास के लाली महली, जिला परिषद के कमिश्नर मुंडा, मसीही समाज के माइकल कच्छप, संथाल माझी समाज दिशोम के मोहन सोरेन, बेदिया विकास परिषद सहित कई आदिवासी संगठनों के अगुवा एवं कार्यकर्ता शामिल हुए.

## समागम | जमशेदपुर के राम मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ एशियाई ज्योतिष सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

# ज्योतिष शास्त्र विज्ञान और अध्यात्म का समन्वय है : डॉ. रंजन

मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर



जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित आंध्र भक्त श्री राम मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को एशियाई ज्योतिष सम्मेलन का आगाज हुआ. ज्योतिष शिक्षण संस्थान जमशेदपुर के विद्यार्थियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उद्घाटन सत्र की शुरुआत की गयी. मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व कला एवं संस्कृति मंत्री सह वर्तमान विधायक सहरसा डॉ आलोक रंजन समेत मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उदघाटन किया. ज्योर्तिविदों को संबोधित करते हुए डॉ. आलोक रंजन ने इस कार्यक्रम के संचालक प्रो एसके शास्त्री के ज्योतिष शस्त्र के क्षेत्र में योगदान की सराहना की. उन्होंने कहा कि जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने और उसकी सफलता ज्योर्तिविदों की सलाह काफी लाभप्रद होती है.

डॉक्टर एवं मरीज की कुंडलियों के मिलान के उपरांत इलाज सफल होता देखा गया है. उसी प्रकार से यदि सभी संस्थाएं भर्ती प्रक्रियाओं में भी यदि अभ्यर्थी की कुण्डली से संस्था का तालमेल बैठाकर ज्योतिष सामंजस्य के अनुरूप परामर्श लें तो दोनों को विशेष लाभ होगा. इसी तरह यदि स्कूल कॉलेज जैसे संस्थान भी विद्यार्थियों के लिए ज्योतिष परामर्श का लाभ उपलब्ध कराएंगे तो उनको उनके अकादमिक यात्रा के दौरान होने वाले चिंता-अवसाद से मुक्ति मिलेगी. उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक स्वरूप में ज्योतिष को मन, शरीर और आत्मा के तृतीयक संबंध को समझने का एक सटीक माध्यम माना जाता है. वर्तमान परिदृश्य में ज्योतिष शास्त्र की व्यापकता के बावजूद इसे वैज्ञानिक समुदाय में स्वीकृति सहज रूप से नहीं है, बल्कि इसे आध्यात्मिक दृष्टिकोण से लेकर ही ग्रहों के प्रभाव का सामर्थ्य को पूर्ण रूप से मानने वाले लोग हैं. यह भी सत्य है कि जहां विज्ञान समाप्त होता है, वहां से ज्योतिष विज्ञान शुरू होता है. ज्योतिष विज्ञान और अध्यात्म दोनों का समन्वय है.

## हिंदी व बांग्ला में रचित 'हस्तरेखा संजीवनी' का विमोचन

मुख्य अतिथि के रूप में नेपाल से आए आचार्य लक्ष्मण पती, दिल्ली से डॉ भारत भूषण भारद्वाज एवं स्थानीय मुरलीधर केडिया, डॉ तपन राय ने भी अपने अनुभवों को साझा किए. उद्घाटन उपरांत केसर के संस्थापक प्रो एसके शास्त्री ने हिन्दी एवं बांग्ला में रचित पुस्तक "हस्तरेखा संजीवनी" का विमोचन किया गया. उद्घाटन के उपरांत विदेशो से आए ज्योतिषियों को सम्मानित किया गया. इस वर्ष अबतक बांग्लादेश, नेपाल से कई ज्योतिषीगण पहुंच चुके हैं. आने वाले दो दिनों में विदेशों यथा श्रीलंका, आस्ट्रेलिया, कनाडा व अन्य देशों से ज्योतिषियों के आने की संभावना है. दूसरे सत्र में आए हुए ज्योतिषियों ने हस्तरेखा में अपने ज्ञान एवं शोध को साझा किए.

### नि:शुल्क परामर्श

इनके अलावा कई स्थानीय लोगों नेशाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक नि :शुल्क ज्योतिष परामर्श का लाभ उठाने के लिए पंजीयन करवाया . नि :शुल्क ज्योतिष परामर्श शनिवार को भी शाम 5 बजे से किया जाएगा, जिसमें आने वाले जातक लाभ उठा सकते हैं .

# बायोस्कोप





**49** फिल्में और 18 टीवी शो बन चुके हैं रामायण पर अब तक.

**1917** में आई फिल्म लंका दहन ने 10 दिनों में ही 35 हजार रुपए की कमाई कर ली थी.


**23** हफ्ते तक लगातार थिएटर में लगी रही थी फिल्म लंका दहन.

**60** लाख रुपए कमाए थे 1943 में आई फिल्म राम-राज्य ने.

**87** ऐपिसोड वाली रामायण का प्रसारण दूरदर्शन पर पहली बार 25 जनवरी 1987 को शुरू हुआ. आखिरी ऐपिसोड 31 जुलाई 1988 को लाइव हुआ था.

**2023** में आई फिल्म आदिपुरुष बजट के लिहाज से राम पर बनी सबसे महंगी फिल्म जिसका बजट 600 करोड़ रुपए है.

हस्ताक्षर



## रोम रोम में बसने वाले राम



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

**हे रोम रोम में बसने वाले राम
जगत के स्वामी हे अंतर्यामी
मै तुझसे क्या मांगू....**

राम मांगने के लिए हैं ही नहीं, आत्मसात करने के लिए हैं. साहिर लुधियानवी के ये शब्द कहने को 1967 में अपने रचे जाने के बाद राम के प्रति भारतीय मानस की अंतर्मन की अभिव्यक्ति बने. लेकिन सच यही है कि सदियों पूर्व से यही भाव भारतीय मन में व्याप्त रहे, और सदियों बाद भी यही भाव बने रहेंगें. राम हैं तो हम हैं, हम राम से ही निर्मित हैं, मानव जन्म लेने के बाद जिस पहले प्रेरक व्यक्तित्व की हमें जानकारी दी जाती है, वे राम ही होते हैं.

रामकथा जब भी जिस भी रुप में, जितनी बार भी कही जाती है, श्रद्धानवत होकर उसके रस में हम डूब जाते हैं. रामकथा शायद दुनिया की सबसे अधिक देखी सुनी जाने वाली कथा होगी. ऐसी कथा जिसके क्लाइमेक्स को जानने की उत्कंठा नहीं होती, बस उससे गुजरते जाने की इच्छा होती है. एक ही

रामलीला हर साल अमूमन एक ही रुप में होती है, फिर भी हम प्रतीक्षा करते हैं. आश्चर्य नहीं कि रामानंद सागर की 'रामायण' वर्षों बाद भी दूरदर्शन पर दिखायी जाती है तो सबसे अधिक लोकप्रिय शो के रुप में दर्ज होती है. वास्तव में रामकथा हम कथा के लिए देखते ही नहीं, यहां कथा के लिए अनिवार्य ट्वीस्ट और क्लाइमेक्स भी नहीं मिलता, यहां एक ही चीज जो बार बार रामकथा से हमें जोड़ती है, वह है श्रद्धा. अच्छाई, सच्चाई और नैतिकता के प्रति श्रद्धा, साहस और समर्पण के प्रति श्रद्धा. बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रति श्रद्धा.

शायद इसीलिए अपराध कथा में डूबे ओटीटी ने भी रामकथा कहने में संकोच नहीं किया. कुणाल कोहली जैसे फिल्मकार ने पूरे 'रामयुग' में नएपन और भव्यता के साथ रामकथा को एक नए ही रुप में प्रस्तुत करने की कोशिश की. 'रामयुग' में पात्रों के चयन से लेकर वस्त्र विन्यास, रूप सज्जा से लेकर कहने की शैली में भी वे परंपरा से दूर जाने की चुनौती स्वीकार करते हैं. राम को जानते ही आप किस तरह राम से बंध जाते हैं, यह कोई जापानी फिल्मकार यूगो साकी से पूछे. 1983 में वे पहली बार भारत आए. भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी लेते हुए वे रामायण के करीब आए. उन्हें राम का चरित्र इतना पसंद आया कि रामायण के कई वर्सन पढ़ डाले. उन्हें लगा कि इस तरह के चरित्र को कोई भी अभिनेता ईमानदारी से साकार नहीं कर सकता, इसीलिए उन्होंने एमीमेशन फिल्म बनाना तय किया, और कालजयी फिल्म 'रामायण-द लीजेंड आफ प्रिंस राम' बन कर तैयार हुई. 1992 में यह फिल्म पूरी दुनिया में रिलीज हुई.

भारतीय सिनेमा के लिए तो राम हर युग में उद्धारक रहे हैं. दादा साहब फाल्के से आज ओम राउत तक सिनेमा रामकथा को दुहरा धन्य होती रही. अकेले प्रेम अदीब ने 1940 के दौर में आठ बार राम की भूमिका निभायी. जिसमें विजय भट्ट की 'राम राज्य' भी शामिल है, जिसे महात्मा गांधी द्वारा देखी जाने वाली एकमात्र फिल्म के रुप में याद किया जाता है. भरत मिलाप, राम बाण, राम विवाह, राम नवमी, राम लक्ष्मण, राम भक्त विभीषण जैसी फिल्मों का अदीब पर इस तरह प्रभाव पड़ा कि वे शूटिंग के समय पूर्णतः सात्विक जीवन व्यतीत करने लगते थे.

यदि सिर्फ हिंदी सिनेमा को देखें तो 'संपूर्ण रामायण' के नाम से ही आधे दर्जन फिल्में बनी हैं. वास्तव में सिनेमा को पता है भारतीय मानस राम से परे सोच नहीं सकता. दुनिया न चले श्री राम के बिना...सिनेमा हर दौर में लौट कर श्रीराम के श्रीचरणों को समर्पित होता है.

**बॉलीवुड उस जमाने से राम नाम जप रहा है जब इसके बोल भी नहीं फूटे थे. वह मूक फिल्मों का दौर था जब सुनहरे पर्दे पर पहली बार राम की कथा साकार हुई. वर्ष 1917 में बनी फिल्म लंका दहन के बाद बॉलीवुड में अब तक 49 फिल्में राम पर बन चुकी हैं. अयोध्या में राम के आगमन के माहौल में आईए बॉलीवुड में मौजूद राम की करें चर्चा**

## बॉलीवुड ने की छप्पड़फाड़ कमाई

# राम-नाम जप

जब बॉलीवुड ने पहली फिल्म राम पर बनाई तो कृपा ऐसी रही कि टिकट खिड़की पर लंबी कतार लगी रहती थी. करीब 23 हफ्ते तक थिएटर में लगातार यह फिल्म लगी रही. कमाई का आलम यह था कि प्रोड्यूसर के घर बैलगाड़ी में भर-भर के नोट पहुंचाए जा रहे थे. जी हां, बात हो रही है वर्ष 1917 में आई फिल्म लंका दहन की. यह फिल्म कई मामलों में अफसाने गढ़ गई जिसकी चर्चा आज तलक होती है.

### राम के लिए ही फिल्मों में आगमन

थिएटर में जब हिंदी फिल्मों के जनक दादा साहब फाल्के ने 'द लाइफ ऑफ क्राइस्ट' (1906) देखी तो मन बड़े पर्दे पर भगवान राम को उतारने और उनकी कथा को जन जन तक इस माध्यम से पहुंचाने के लिए मचल गया. बेशक पहली फिल्म राम पर नहीं होकर राजा हरिश्चंद्र बनी, पर दूसरी फिल्म के लिए भगवान राम की कहानी को चुना. फिल्म बनाई लंका दहन जो कई मायने में इतिहास रच गई.

### जो राम, वही सीता

दरअसल वह ऐसा दौर था जब फिल्मों के लिए महिला कलाकार सहजता से उपलब्ध नहीं होती. फिल्मों में काम करना तो दूर, महिलाओं का फिल्मों को देखने जाना भी अच्छा नहीं माना जाता था. लिहाजा दादा साहब भी अपनी फिल्म के लिए महिला किरदारों की कास्टिंग के लिए परेशान थे. दादासाहब ने इसके लिए बकायदा विज्ञापन भी निकाले. विज्ञापन पढ़कर कुछ सेक्स-वर्कर्स ने जरूर दिलचस्पी दिखाई, पर बात जमी नहीं. एक दिन ग्रांट रोड के एक रेस्टोरेंट में दादा साहेब चाय पी रहे थे और वहां उनकी नजर रेस्टोरेंट में काम करने वाले कृष्ण हरी उर्फ़ अन्ना सालुंके पर पड़ी. इस लड़के की कद काठी थोड़ी औरताना थी. हाथ भी पतले थे. फाल्के को तभी मिल गया अपने फिल्मों के महिला किरदारों के लिए कलाकार. सालुंके रेस्त्रां में 10 रुपए महीने की पगार पाते थे. उन्हें 15 रुपये की तनख्वाह का वादा लुभाया. अन्ना सालुंके ने भारत की पहली फीचर फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' में रानी तारामती का, पहला फीमेल किरदार निभाया. 'लंका दहन' में सीता के किरदार के लिए अब वे निश्चिंत थे. उधर सालुंके ने इस मौके को खूब संभाला. एक्टिंग को बहुत गंभीरता से ली. मेहनत से अपने हुनर को ऐसा निखारा कि क्या महिला और क्या पुरुष, सभी किरदारों में जमने लगे. इसी खूबी की वजह से दादासाहब ने सालुंके को 'लंका दहन' के हीरो, राम का भी किरदार दिया. इस तरह ये डबल रोल वाली पहली भारतीय फिल्म बनी, और अन्ना सालुंके, डबल रोल निभाने वाले पहले भारतीय कलाकार.




### बापू का राम-राज्य

इकलौती फिल्म जिसे महात्मा गांधी की प्रिय फिल्म माना गया, वह है 1943 में रिलीज फिल्म राम राज्य. यह फिल्म भगवान राम और सीता के 14 वर्षों के वनवास पर आधारित है. विजय भट्ट द्वारा निर्देशित यह फिल्म 1943 की तीसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म थी. यह 88 हफ्तों तक चली और उस दौर में 60 लाख रुपए कमाए थे. फिल्म में प्रेम अदीब राम के रूप में नजर आए थे. वहीं शोभना समर्थ ने सीता का और उमाकांत ने लक्ष्मण का रोल निभाया था.

### मूछों वाले श्री राम

राम विषय पर कई फिल्में और टीवी शो बन चुके हैं. इनमें केवल दो फिल्में ही मूंछों वाले श्री राम प्रतिरूप के दर्शन करवाती है. एक तो गत वर्ष आई फिल्म आदिपुरुष, और दूसरी वर्ष 2000 में रिलीज तेलगू फिल्म देवुल्लू. इस फिल्म में राम की भूमिका श्रीकांत ने निभाई थी और वे मूंछों के साथ नजर आए थे.



### रणबीर बनेंगे श्री राम

डायरेक्टर नितेश तिवारी की इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में हैं. चर्चा है कि फिल्म में रणबीर कपूर 'प्रभु श्रीराम' के किरदार में नजर आएंगे. वहीं फिल्म में यश के रावण और साईं पल्लवी के माता सीता के किरदार निभाने की चर्चा है. इसके अलावा सनी देओल, लारा दत्ता, कुब्रा सैत जैसे कलाकारों के भी इस फिल्म से जुड़ने की खबर है. फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि उन्नत तकनीक और अद्भुत ग्राफिक्स के सहारे यह फिल्म "रामायण" को अब तक से अलग रूप में पर्दे पर उतारेगी.

### जूते-चप्पल उतार कर थिएटर में प्रवेश


यह राम और रामायण में भारतीयों की श्रद्धा ही है कि जब लंका दहन फिल्म थिएटर में लगी, तो लोग बाहर जूते-चपल उतारकर फिल्म देखने अंदर जाते थे.

## बॉलीवुड ने राम के नाम पर पोटली खोल दी


**अयोध्या में राम लला के आने का उत्साह बॉलीवुड में भी दिख रहा है. बॉलीवुड के सितारों ने भी मंदिर निर्माण में अपनी आर्थिक सहभागिता दर्ज की है.**



इस कड़ी में अक्षय कुमार का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने खुद राम मंदिर के निर्माण के लिए राशि देने की बात कही है. यह राशि कितनी है, इसका खुलासा उन्होंने नहीं किया.



यही हाल है अपने जमाने में ड्रीम गर्ल रही हेमा मालिनी का. एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने माना कि भव्य राम मंदिर निर्माण के समय कुछ पैसे दान किए थे. हालांकि, उन्होंने कितने पैसे दिए इसको उन्होंने सीक्रेट ही रखा है.



अनुपम खेर ने राम मंदिर निर्माण के लिए ईंटें दान की हैं.


>> वहीं मुकेश खन्ना ने राम मंदिर निर्माण के लिए 1.11 लाख और साउथ एक्टर पवन कल्याण ने 30 लाख रुपए दान किए हैं.

>> टीवी एक्टर गुरमीत चौधरी ने भी राम मंदिर निर्माण के लिए कुछ पैसे दान किए थे.

>> मलयालम फिल्मों की अभिनेत्री प्रणिता सुभाष ने इस मद में 1 लाख रुपये का दान दिया है.

>> वहीं फिल्म निर्माता मनीष मुंद्रा, जिन्होंने आंखों देखी, मसान और कड़वी हवा जैसी कई बॉलीवुड फिल्में बनाई हैं, ने राम मंदिर के निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए का दान दिया.

## 8 मार्च को दिखेगा शैतान का जादू-टोना!




अजय देवगन की सुपरनैचुरल थ्रिलर मूवी शैतान का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है. अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका स्टारर यह फिल्म इसी साल 8 मार्च 2024 को थिएटर्स में रिलीज होगी. डायरेक्टर विकास बहल हैं.

जादू-टोने के इर्द-गिर्द होगी कहानी!

पोस्टर से जाहिर होता है कि यह फिल्म जादू-टोने के इर्द-गिर्द है. इसमें वूडू डॉल बनी हुई हैं, जो जादू-टोने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं. फिल्म को जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और पैनोरोमा स्टूडियो मिलकर प्रस्तुत कर रहे हैं.

## किसी को मुकम्मल तो किसी को डॉक्यूमेंट्री सी लगी "मैं अटल हूं"

फिल्म रिव्यू

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की बायोपिक है फिल्म मैं अटल हूं कल रिलीज हुई. पंकज त्रिपाठी मुख्य भूमिका में हैं. निर्देशक रवि जाधव हैं. फिल्म का पहला शो देखकर लौट रहे दर्शकों से जब हमने बात कि तो इसकी रिपोर्ट बेहतर आई. दर्शक पंकज त्रिपाठी की अदाकारी के मुरीद दिखे. दर्शकों का कहना है कि फिल्म ने अटल बिहारी बाजपेयी की जिंदगानी वास्तविकता के करीब दिखाई.

फिल्म का पहला शो देखकर लौट रहे एक दर्शक ने कहा कि राजनीति और उसके बदलते स्वरूप पर कोई रुचि रखता है तो उसे यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए. एक अन्य का कहना था कि फिल्म देख कर लौट रहा हूं तो ऐसा लग रहा मानो अटल जी मिल कर ही वापस आ रहा हूं. कमाल की एक्टिंग की है पंकज त्रिपाठी ने. एक पल को अहसास नहीं होने दिया कि वे अटल नहीं हैं, एक्टिंग कर रहे हैं. एक अन्य दर्शक ने इस तरह की फिल्में बनाने की वकालत की और कहा कि तभी हमें पता चलता है कि रियल स्टोरी क्या है'!



### नहीं जीत पाई इनका दिल

एक छात्र ने बताया कि गाहे-बगाहे फिल्म कांग्रेस पार्टी की कमियां गिनाने लगती है. इन वजहों से फिल्म कई बार डॉक्यूमेंट्री वाला अहसास देती है. वहीं एक अन्य युवा दर्शक के अनुसार फर्स्ट हाफ में यूं लगता है कि बस इतिहास के पन्ने पलटे जा रहे हैं.

### यह है फिल्म की कहानी

फिल्म की शुरुआत अटल बिहारी बाजपेयी के बचपन से होती है जब वे अटला नाम से जाने जाते थे. उनके कॉलेज जीवन, आरएसएस से जुड़ाव, राजनीति में प्रवेश और उत्थान, विदेश मंत्रित्व काल और फिर प्रधानमंत्री के रूप में उनके योगदान, जैसे पोखरण टेस्ट, लाहौर बस यात्रा, कारगिल विजय जैसे महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को बेहद प्रभावी तरीके से दिखाया गया है. नेहरू जी के निधन, इंदिरा गांधी का प्रधानमंत्री बनना, इमरजेंसी, ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौर की कहानी भी बयां की गई है. अटल और उनके पिता कृष्ण बिहारी (पीयूष मिश्रा) का दोस्ताना रिश्ता, अटल और राजकुमारी (एकता कौल) के साथ प्यार भरा रिश्ता फिल्म में कोमल अहसास भरता है.

## देवर की ठिठोली पर जब शरमा गईं शूरा

अरबाज खान की नवब्याहता शूरा खान तब शरमा कर हबी का हाथ थामते दिखीं जब देवर से पूरे परिवार के सामने नई नवेली भाभी से ठिठोली शुरू की. मौका था शूरा के 31 वें जन्मदिन का. गुरुवार को इस पारिवारिक पार्टी का आयोजन भी देवर सुहेल खान ने ही किया था जिसमें पूरा खान परिवार एकत्र हुआ. पार्टी की शानदार तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें पूरा खान परिवार मस्ती के मूड में नजर आ रहा. दूसरी बीवी के साथ अरबाज भी थोड़े अधिक फ्रेश और स्टाइलिश लुक में नजर आए. शूरा का सौतेला बेटा अरहान खान भी इन तस्वीरों में एंजॉय करता नजर आया. ब्लैक एंड व्हाइट लुक में अरहान ने फोटो के लिए जम कर पोज दिए. वहीं ननद अर्पिता अपने बेटे-बेटी और पति आयुष शर्मा के साथ पार्टी में शामिल हुईं.

गौरतलब है कि खान परिवार उत्सव का कोई भी मौका साथ मनाता है. चाहे किसी का भी बर्थडे हो, पूरा परिवार एक साथ नजर आता है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## कोपा डेल रे

### 21 मैचों के बाद रियल मैड्रिड को मिली पहली हार

# ग्रीजमैन व रिकेल्मे के गोल से रियल मैड्रिड टूर्नामेंट से बाहर




एजेंसी । मैड्रिड

एथलेटिको मैड्रिड ने कोपा डेल रे के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में अपने चिर प्रतिद्वंदी रियल मैड्रिड को हराया. सिविटास मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में खेले गए मैच में एथलेटिको ने डिफेंडिंग चैंपियन रियल मैड्रिड को 4-2 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. इस हार के साथ रियल मैड्रिड का टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया. रियल मैड्रिड की यह 21 मैचों के बाद पहली हार है. कोपा डेल रे 1 नवंबर से शुरू हुआ और फाइनल 6 अप्रैल को सेविला के ला कार्टुजा स्टेडियम में होगा. सैमुअल लिनो ने एटलेटिको मैड्रिड का मैच में 39वें मिनट में गोल करके जल्दी ही खाता खोल दिया. टीम के गोलकीपर जेन ओब्लाक ने ओवर टाइम (45 1) मिनट में आत्मघाती गोल कर दोनों टीमों को बराबरी पर ला दिया. मैच के 57वें मिनट में अल्वारो मोराटा ने गोल किया और अपनी टीम को 2-1 से आगे करने में मदद की. जोसेलु ने 82वें मिनट में गोल कर फिर रियल मैड्रिड को 2-2 की बराबरी पर ला दिया. इसके बाद एथलेटिको के एंटोनी ग्रीजमैन (100वें मिनट) और रोड्रिगो रिकेल्मे (119वें मिनट) ने एक्स्ट्रा टाइम में गोल कर मैड्रिड पर 4-2 से जीत दिला दी.

### फुटबॉल टूर्नामेंट

**06** अप्रैल को खेला जाएगा टूर्नामेंट का फाइनल

**4-2** से एथलेटिको मैड्रिड ने गत चैंपियन को हराया





### रियल मैड्रिड का ट्रेबल जीतने का सपना अधूरा

कोपा डेल रे में हार के साथ ही इस सीजन रियल मैड्रिड का ट्रेबल जीतने का सपना अधूरा रह गया. फुटबॉल में ट्रेबल तब होता है जब एक टीम एक ही सीजन में तीन प्रमुख ट्रॉफियां जीतती है. इसमें यूरोपियन चैंपियनशिप (यूसीएल), डोमेस्टिक टॉप टियर लीग (स्पेन में लालीगा) और टॉप डोमेस्टिक नॉकआउट टूर्नामेंट (स्पेन में कोपा डेल रे) शामिल है. स्पेन की एफसी बार्सिलोना और जर्मनी की बायर्न म्यूनिख ने सबसे ज्यादा 2 बार ट्रेबल जीता है. वहीं, अयाक्स और पीएसवी (नीदरलैंड), सेल्टिक (आयरलैंड), इंटरन मिलान (इटली), मैनचेस्टर यूनाईटेड और मैंचेस्टर सिटी (इंग्लैंड) ने 1–1 बार ट्रेबल हासिल किया है.

## ब्रीफ खबरें

### श्रीजा अकुला ने पहली अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी जीती

**टेक्सास (अमेरिका)** । भारत की दो बार की टेबल टेनिस राष्ट्रीय चैंपियन श्रीजा अकुला ने डब्ल्यूटीटी फीडर कोरपस क्रिस्टी में महिला एकल खिताब जीता जो उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी है.भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार रात को हुए फाइनल में दुनिया की 46वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी लिली झांग को 3-0 (11-6, 18-16, 11-5) से मात देकर नये सत्र की शानदार शुरूआत की. यह मुकाबला एकतरफा रहा जिसके बाद श्रीजा अकुला ने कहा कि मैं काफी खुश हूं और अपने प्रयासों से वहां पहुंची जहां मैं होना चाहती थी. यह मेरा पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब है.

### टी20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

**क्राइस्टचर्च** । ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिशेल ने न्यूजीलैंड को खराब शुरुआत से उबारकर पाकिस्तान के खिलाफ चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां तीन विकेट से जीत दिलाई. न्यूजीलैंड ने 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी पारी के पहले ओवर में ही दो विकेट गंवा दिए थे. जिसके बाद मिशेल (नाबाद 72) और फिलिप्स (नाबाद 70) ने जिम्मेदारी संभाली. इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी की जो न्यूजीलैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है साथ ही अपनी टीम को जीत दिलाई.

### आर्थर, ब्राडबर्न और पुटिक ने इस्तीफा दिया

**कराची** । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसकी पुष्टि की है कि विदेशी कोच मिकी आर्थर, ग्रांट ब्राडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने राष्ट्रीय टीम और बोर्ड के साथ अपने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है. 50 ओवरों के विश्व कप के बाद उनके पोर्टफोलियो में बदलाव करके उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जिम्मेदारी सौंपी गई थी. इन तीनों के साथ मोर्नी मोर्कल भारत मे विश्व कप में पाकिस्तानी टीम के साथ थे. पाकिस्तान नॉकआउट चरण में भी नहीं पहुंच सका जिसके बाद पीसीबी प्रबंध समिति के प्रमुख जका अशरफ ने उन्हें एनसीए भेज दिया.

## एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर

# इटली को हराकर न्यूजीलैंड की टीम पांचवें स्थान पर

- 3–1 से न्यूजीलैंड ने इटली को हराया

संवाददाता । रांची

पहले तीन क्वार्टर में तीन गोल करके न्यूजीलैंड ने एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को इटली को 3-1 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया. न्यूजीलैंड के लिये रोस टिनान ने सातवें मिनट में, कप्तान ओलिविया मैरी ने 10वें और हन्नाह कोटेर ने 31वें मिनट में गोल दागे. इटली के लिये एकमात्र गोल इवाना पेसिना ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दागा. न्यूजीलैंड ने अपेक्षा के अनुरूप पहले ही मिनट से आक्रामक हॉकी खेली जिसका फायदा तीसरे मिनट में पहले पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला लेकिन उस पर गोल नहीं हो सका. चार मिनट बाद न्यूजीलैंड को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर टिनान ने रिबाउंड पर गोल किया. तीन मिनट बाद मैरी ने फील्ड गोल करके न्यूजीलैंड की बढत दुगुनी कर दी. इस बीच इटली के लिये इवाना ने पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील किया. तीसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में न्यूजीलैंड ने कोटेर के गोल पर बढत फिर दोगुनी कर ली.



सातवें स्थान पर रहा चिली

## चिली ने 1-0 से चेक रिपब्लिक को हराया

फर्नांडो विलिग्रान के पेनल्टी स्ट्रोक पर किये गए गोल की मदद से चिली ने चेक रिपब्लिक को 1–0 से हराकर एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में सातवां स्थान हासिल किया. चिली भले ही पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई नहीं कर सका लेकिन विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज टीम के लिये यह जीत हौसला बढाने वाली रही होगी. यह चिली की चेक टीम पर दूसरी ही जीत है जिसे उसने पूल चरण में 6– 0 से हराया था. पहले क्वार्टर में चिली ने लगातार दबाव बनाया लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी. दूसरे क्वार्टर में हाफटाइम से तीन मिनट पहले चिली को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर विलिग्रान ने गोल किया. इसके बाद दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया और गोल नहीं हो सका



**अंडर-19 विश्व कप :** जीत के साथ आगाज करने उतरेगा भारत

# भारत-बांग्लादेश के बीच मैच आज

भाषा । ब्लोमफोंटेन

अंडर-19 विश्व कप के इतिहास की सबसे कामयाब गत चैंपियन भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को अपने अभियान का आगाज करेगी तो उदय सहारन की कप्तानी में उसका लक्ष्य इस परंपरा को आगे बढाने का होगा. ग्रुप ए में पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम पहले दौर में एशियाई प्रतिद्वंद्वी से खेलेगी. इसके बाद आयरलैंड और अमेरिका से मुकाबले होंगे. भारत ने 2002 में मोहम्मद कैफ की कप्तानी में पहला खिताब जीता था. उसके बाद से 2008, 2012, 2018 और 2022 में भारत चैंपियन रहा. आईसीसी का यह टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होना था लेकिन ऐन मौके पर दक्षिण अफ्रीका को मेजबानी सौंपी गई. इसमें चार समूहों में चार चार टीमें रखी गई है. हर समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी. सेमीफाइनल आठ और छह फरवरी को जबकि फाइनल 11 फरवरी को बेनोनी में होगा. भारतीय टीम राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कई शिविरों के बाद यहां आई है और इसने दो ही टूर्नामेंट (एशिया कप और दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय श्रृंखला) खेले हैं. एशिया कप में भारत सेमीफाइनल में हार गया जिसमें बांग्लादेश ने उसे चार विकेट से मात दी. उसके बाद हालांकि दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय श्रृंखला भारत ने अपराजेय रहकर जीती जिसमें अफगानिस्तान तीसरी टीम थी.



### आज के अन्य मुकाबले

- इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड
- अफगानिस्तान बनाम पाकिस्तान

### भारत के मुकाबले

**25 जनवरी** : भारत बनाम आयरलैंड

**28 जनवरी** : भारत बनाम अमेरिका

### पिछले पांच मैचों में भारत-बांग्लादेश

- **15 दिसंबर 2023** : बांग्लादेश की टीम 4 विकेट से जीती, 43 गेंद बाकी
- **29 जनवरी 2022** : भारत की टीम पांच विकेट से जीती, 115 गेंद बाकी
- **30 दिसंबर 2021** : भारत की टीम 103 रनों से जीती
- **09 फरवरी 2020** : बांग्लादेश की टीम तीन विकेट से जीती, 23 गेंद बाकी
- **14 सितंबर 2019** : भारत की टीम ने पांच रनों से दर्ज की जीत

### टीमें

- **भारत :** उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रूद्र मयूर पटेल, सचिन दास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावेली अवनीश राव, स्वामी कुमार पांडे, मुरूगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्य शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी.
- **बांग्लादेश :** महफुजूर रहमान रब्बी (कप्तान), आशिकुर रहमान शिबली, जिशान आलम, आरिफुल इस्लाम, मोहम्मद शिहाब जेम्स, अहरार अमीन, शेख परवेज जिबोन, वासी सिद्दीकी, मारूफ एम, चौधरी मोहम्मद रिजवान, आदिल बिन सिद्दीक, मोहम्मद अशरफुज्जामन, मोहम्मद रफी उज्जामन रफी, रहनत दौला बोरसन, इकबाल हुसैन एमन.

## गुकेश ने इयान को हराया प्रज्ञानंदा ने गिरि से ड्रॉ खेला

**टाटा स्टीम मास्टर्स**

भाषा । विज्क ऑन जी (नीदरलैंड)

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शुक्रवार को यहां टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में शानदार खेल दिखाते हुए विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को हरा दिया. टूर्नामेंट में दूसरी जीत से गुकेश के पांच दौर में 2.5 अंक हो गये हैं. वह शुरूआती दो बाजियों में हार गये थे. ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रहे और गत चैम्पियन होलैंड के अनीश गिरि से अंक बांटे. जीएम विदित गुजराती ने लगातार पांचवां ड्रा खेला. उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी मैक्स वार्डरमैन से अंक बांटे. अभी टूर्नामेंट में आठ दौर बचे हैं. गिरी ने पांच में से चार अंक लेकर एकल बढ़त बनायी हुई है. प्रज्ञानंदा, फ्रांस के फिरौजा अलीरेजा और उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव चार चार अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं. गुजराती और गुकेश 2.5 अंक लेकर तीन अन्य के साथ शामिल हैं.

### नाराओका और ताइ जू सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली** । जापान के विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता कोडाई नाराओका और चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की. शुक्रवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नाराओका व ताइ जू ने क्रमशः पुरुष और महिला एकल सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की लेकिन दक्षिण कोरिया की आन से यंग चोट के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले के बीच से हट गईं.दूसरे वरीय नाराओका ने मलेशिया के ली जी जिया के खिलाफ पहले गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए तीन गेम में 13-21, 21-9, 21-16 से जीत दर्ज की.

### हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी के सामने वेस्टइंडीज पस्त

# ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता पहला टेस्ट

- 11वीं बार हेजलवुड ने टेस्ट मैच में चटकाए पांच विकेट
- तीन दिन के भीतर ऑस्ट्रेलिया ने दर्ज की जीत

भाषा । एडीलेड



जोश हेजलवुड ने एक टेस्ट पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा 11वीं बार किया जिसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट के तीसरे ही दिन लंच से पहले दस विकेट से हरा दिया. ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज को 13वें ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया जिससे उसे 26 रन का लक्ष्य मिला. स्टीव स्मिथ (11) और उस्मान ख्वाजा (नौ) ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया. ख्वाजा हालांकि उस समय बाउंसर लगने से रिटायर्ड हर्ट हो गए जब ऑस्ट्रेलिया को एक ही रन चाहिये था. मार्नस लाबुशेन ने दो गेंद बाद विजयी रन बनाये. हेजलवुड पहले ही 18 रन देकर चार विकेट ले चुके थे जिसकी वजह से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के छह विकेट 73 रन पर निकाल दिये थे. इससे पहले वेस्टइंडीज के 188 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 283 रन बनाये थे. तीसरे दिन मिचेल स्टार्क ने जोशुआ डा सिल्वा (18) और अलजारी जोसेफ (16) को आउट किया जबकि हेजलवुड ने गुडाकेश मोती (तीन) को पवेलियन भेजा.

## टेनिस

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी को मिली कड़ी शिकस्त

# रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में पहुंची

भाषा । मेलबर्न

भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष युगल के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा. बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की स्थानीय वाइल्डकार्ड जोड़ी को एक घंटे से जरा ज्यादा समय तक चले दूसरे दौर के मैच में 6-2, 6-4 से पराजित किया. अब तीसरे दौर में इस जोड़ी की भिड़ंत नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिच की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगी. भारत के 43 वर्षीय बोपन्ना और एबडेन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर हर तरफ से दबदबा बनाया. उन्होंने पहली सर्विस में 80 प्रतिशत अंक जुटाये जबकि मिलमैन और विंटर की जोड़ी 68 प्रतिशत ही ऐसा कर पायी. बोपन्ना-एबडेन ने इस दौरान मैच की सबसे तेज सर्विस भी लगायी जो 203 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली रही. भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने प्रतिद्वंद्वी के 11 विनर की तुलना में 17 विनर जमाये.

### खास बातें

- बोपन्ना व एबडेन की जोड़ी ने दर्ज की आसान जीत
- 6–2, 6–4 से जीती बोपन्ना व एबडेन की जोड़ी



### बालाजी-कोर्निया की जोड़ी दूसरे दौर में

भारत के एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल के दूसरे दौर में पहुंच गई. उन्होंने इटली के मात्तेओ अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो को 6–3, 6–4 से हराया. अगले दौर में उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पाविच से होगा.



### गत चैंपियन सबालेका चौथे दौर में पहुंची

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने यूक्रेन की लेसिया सुरेंको को 6–0, 6–0 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश कर लिया. बेलारूस की दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेका ने एक साल पहले अपने करियर का पहला ग्रैंडस्लैम जीता था । उन्हें यह मैच जीतने में सिर्फ 52 मिनट लगे. मैच के बाद दोनों ने हाथ नहीं मिलाया क्योंकि यूक्रेन के खिलाड़ी रूस या बेलारूस के प्रतिद्वंद्वियों से हाथ नहीं मिलाते लेकिन सुरेंको ने सबालेंका को बधाई दी.

# बालक व बालिका दोनों वर्गों में झारखंड की टीम जीती



**एसजीएफआई अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता**

- बालक वर्ग में झारखंड ने सीबीएससी को 12–0 से हराया
- बालिका वर्ग में झारखंड ने तमिलनाडु को 5–1 से हराया

संवाददाता । रांची

झारखंड की मेजबानी में आयोजित एसजीएफआई अंडर-14 फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गए मैच में झारखंड की टीम ने बालक और बालिका दोनों वर्गों में शानदार जीत हासिल की. बालक वर्ग में झारखंड और सीबीएससी की टीम के बीच मुकाबला हुए. इस एकतरफा मुकाबले में झारखंड की टीम ने सीबीएससी की टीम को 12-0 से पराजित किया. वहीं वालिका वर्ग में झारखंड और तमिलनाडु की टीम के बीच मुकाबला हुआ. इस मैंच में झारखंड की टीम ने तमिलनाडु की टीम 5-1 से हराया.

## ब्रीफ खबरें

### बेतिया में हेडमास्टर की गोली मारकर हत्या

**बेतिया।** प्रदेश में आपराधिक घटनाएं थमने का नाम ले रही हैं. गोलियों की तड़तड़ाहट से एक बार फिर बेतिया गूंज गया. बेखौफ बदमाशों ने एक हेडमास्टर की गोली मारकर हत्या कर दी जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है. बदमाशों ने हेडमास्टर को तीन गोली मारी जिससे उनकी मौत हो गई. गोली लगने के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई. यह पूरी घटना बेतिया के मटियारिया थाना क्षेत्र के लछनौता गांव की है. मृतक की पहचान मटियारिया थाना क्षेत्र के लछनौता निवासी लालबाबू सिंह के रूप में की गई है.

### दस कांड का आरोपी मो चुन्ना गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया की मदनपुर और बैरगाछी ओपी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब एक दर्जन कांड में संलिप्त वांछित आरोपी मो चुन्ना को एक देसी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है. अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की है. अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ताराबाड़ी थाना के सहयोग से मदनपुर ओपी में 13 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया था. आरोपी चुन्ना के पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा व 3 जिंदा कारतूस बरामद किया है. एसपी ने बताया कि आरोपी चुन्ना कई कांड में पहले से वांछित था.

### प्रदेश भर में 24 जनवरी तक ठंड रहेगी चरम पर

**पटना।** मौसम विभाग ने बिहार के लिए अलर्ट जारी किया है. इसके मुताबिक प्रदेश भर में पछुआ हवा का प्रभाव 24 जनवरी तक बना रहेगा. न्यूनतम व अधिकतम तापमान में घटोतरी की वजह से ठंड चरम पर रहेगा. पटना सहित सभी जिलों में घना कोहरा व शीत दिवस को लेकर चेतावनी जारी की गई है. नेपाल से सटे उत्तर बिहार में अररिया जिले का फारबिसगंज शहर गुरुवार को सबसे ठंडा रहा . यहां का न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. दूसरी ओर जमुई के सिकंदरा में 12.4 मिमी, नवादा के वारसलीगंज में 3.4 मिमी व जमुई में 3.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई.

## लालू और तेजस्वी ने नीतीश से की मुलाकात

# हम लोग मजबूती के साथ मिलकर काम कर रहे : तेजस्वी

**संवाददाता। पटना**



राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की. मुलाकात के बाद तेजस्वी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम लोग मजबूती के साथ आपस में मिलकर काम कर रहे हैं. तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और मैं उप मुख्यमंत्री हूं. इसलिए हमारे बीच मुलाकात तो होते रहती है. इसमें कोई बड़ी बात नहीं है. इसके कोई अलग मायने निकलना कहीं से भी उचित नहीं है. हम लोग सब लोग मजबूती के साथ आपस में मिलकर काम कर रहे हैं. एक-एक करके जितने वादे किए हैं सारे पूरे कर रहे हैं.

नीतीश के भाजपा में जाने से जुड़े सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि आप लोगों को जो ठीक लगे वह आप लोग कीजिए लेकिन अफसोस होता है आप लोगों पर कि आप लोग जो सवाल कर रहे हैं इसकी कोई जमीनी हकीकत नहीं है. इसलिए इस मसले पर बार-बार हमें सफाई देने की कोई जरूरत ही नहीं है. आप एक बात समझ लीजिए भाजपा का इस बार बिहार में हार तय है. तेजस्वी ने कहा कि बिहार में जबसे महागठबंधन की सरकार बनी है तबसे भाजपा की पीड़ा बढ़ी हुई है. भाजपा का काम ही इस तरह का अफवाह उड़ाना है और इस तरह का झूठी बात करना है. अब यहां आप लोग साथ ही बना रहे हैं तो अफसोस होता है. हम आपसे पूछना चाहते हैं कि और आपके चैनल से पूछना चाहते हैं कि भाजपा कितना सीटों पर बिहार में चुनाव लड़ रही है? क्या राजग में सीट शेयरिंग तय हो गया है? आपकी चिंता यहां क्यों होती है, वहां क्यों नहीं होती है?

जदयू की तरफ से 17 सीटों की डिमांड पर तेजस्वी यादव ने कहा कि यह हम लोगों का मसला है. जदयू और राजद भी लड़ रही है. जदयू के साथ हम हैं और जदयू हमारे साथ है. हमलोग मजबूती के साथ लड़ेंगे और नीतीश के नेतृत्व में हम लोग काम कर रहे हैं. भाजपा से नीतीश को ऑफर मिलने के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि उनका तो दरवाजा बंद था.

## बीजेपी अध्यक्ष सम्राट चौधरी बोले-

### अगर नीतीश कुमार बीजेपी में आना चाहते हैं तो उनका स्वागत है

**पटना।** बीजेपी अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि अगर सीएम नीतीश कुमार भाजपा की सदस्यता लेना चाहें तो उनका स्वागत है. सम्राट चौधरी ने तंज भरे लहजे कहा कि मैं तो कह ही रहा हूं नीतीश कुमार और लालू यादव भाजपा की सदस्यता लेना चाहें तो उनका भाजपा में स्वागत है. लालू और नीतीश के बीच शुक्रवार को हुई मुलाकात को लेकर जब सम्राट चौधरी से पूछा गया तो उन्होंने कहा, किसका पैर कौन पकड़ रहा है. बिहार भाजपा को इससे मतलब नहीं है. हमारे गठबंधन में यह स्पष्ट है कि इंडिया गठबंधन को इस चुनाव में 40 की 40 सीटों पर हराना है. भाजपा और जदयू के बीच गठबंधन की अटकलों पर पूछे गए सवाल पर सम्राट ने कहा कि आप लोग सपना देख रहे हैं. क्या गठबंधन को लेकर कोई बैठक हुई है? हमारी बैठक हमारे कार्यक्रम को लेकर हुई है.



### इधर, मंत्री अशोक चौधरी बोले-शाह ने कभी नहीं कहा कि दरवाजा बंद है

**पटना।** 'इंडिया' गठबंधन में सीएम नीतीश की नाराजगी की बात सामने आ रही है. इस चर्चा को लेकर बिहार की सियासत गर्म हो गई है. वहीं, इन सभी मुद्दे पर मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि अमित शाह ने कभी नहीं कहा कि दरवाजा बंद है. नीतीश कुमार के लिए दरवाजा बंद होने की बात कभी नहीं कही. अमित शाह ने कहा है कि प्रस्ताव आएगा तो विचार किया जाएगा, लेकिन उनके पास प्रस्ताव लेकर कौन जा रहा है. हम लोगों ने कोई प्रस्ताव नहीं दिया है वहीं, भाई वीरेंद्र के बयान पर उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को सीएम और बड़ा नेता बनाया है किसी के मेहरबानी से वह इतना बड़े नेता नहीं बने हैं.



### जीतन राम मांझी बोले-सभी विधायक 25 तक पटना में रहें

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री और हम पार्टी के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर बड़े सियासी उलटफेर की अटकलों को हवा दिया है. उन्होंने लिखा है, 'दिल्ली में रहने के बावजूद बिहार के वर्तमान राजनैतिक हालात पर मेरी नजर है. राज्य के राजनैतिक हालात को ध्यान में रखते हुए मैंने अपने सभी विधायकों को 25 जनवरी तक पटना में ही रहने का निर्देश दिया है. जो भी हो राज्यहित में होगा.' मांझी के इस बयान से माना जा रहा है कि शायद बिहार में सियासी उलटफेर का कोई खेल हो सकता है. इससे पूर्व गुरुवार को मांझी की दिल्ली में चिराग और उपेंद्र से मुलाकात हुई थी.

### अस्पताल में इलाज के अभाव में बुजुर्ग की मौत

**बिहारशरीफ।** नालंदा का सदर अस्पताल कर्मियों की लापरवाही के कारण एक बुजुर्ग मरीज की जान चली गई. जानकारी के मुताबिक, सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में एक अज्ञात बुजुर्ग को 13 जनवरी को भर्ती कराया गया था. उसे कमजोरी की शिकायत थी. मरीज का इलाज इमरजेंसी वार्ड में चल रहा था. बुजुर्ग काफी समय तक शीतलहर और ठंड के जबरदस्त प्रकोप के बीच अपने बिस्तर से नीचे फर्श पर अर्धनग्न हालत में पड़ा रहा, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई. इमरजेंसी वार्ड में घटना के वक्त एक नर्सिंग स्टाफ था. इस वाकये का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसके मुताबिक बुजुर्ग फर्श पर अर्धनग्न हालत में पड़ा हुआ है.

## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

1. बिहार में कुल कितने प्रमंडल हैं?–9 2. बिहार में कुल जनसंख्या का कितना भाग कार्यशील है? –एक–तिहाई 3. बिहार में खिलजी वंश के समय के कुछ सिक्के किस स्थान से मिले हैं? – शाहपुर (भोजपुर) 4. बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना किस समाद के प्रयासों से हुई थी?–कुमारगुप्त प्रथम 5. बिहार में प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन कहां हुआ था?–राजगृह 6. बिहार में बुद्ध की सबसे प्राचीनतम मूर्ति कहां से मिली है?–बोधगया 7. बिहार में भारत की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत निवास करता है?–8.07 प्रतिशत 8. बिहार में मानसून का प्रवेश कब होता है?–9–10 जून 9. बिहार में वर्तमान में 38 जिले हैं. झारखंड राज्य बनने से पहले बिहार में कितने जिले थे?–54 10. बिहार में सर्वप्रथम आनेवाला विदेशी यात्री कौन था? – मेगस्थनीज 11. बिहार में सर्वाधिक साक्षरता किसकी है? – नगरीय पुरुष 12. बिहार राज्य का सर्वाधिक ऊंचा स्थान कौनसा है? – कैमूर की पहाड़ी

# आपसी विवाद में एक ही परिवार के 5 लोग घायल

**संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में गुरुवार की देर रात एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी पर हमला कर दिया. इस घटना में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए. मामला बरारी थाना क्षेत्र के बड़ी खंजरपुर सुरखीकल स्थित काली स्थान के पास का है. एक ही परिवार पर चाकू से हमला किया गया. हथौड़ा से भी वार करने का आरोप है.

घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. सबका इलाज जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल मायागंज में चल रहा है. बताया जाता है कि पतंग उड़ाने के चक्कर में बच्चे-बच्चे में विवाद हो गया. इसके कुछ देर बाद शाम करीब छह बजे एक परिवार ने दूसरे परिवार परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया. घायलों में दशरथ तांती का पुत्र रोहित तांती, सोहित तांती, प्रदीप तांती, छोटी कुमारी और चंदा कुमारी शामिल हैं. ये सभी पांच लोग भाई-बहन हैं. घायल प्रदीप कुमार तांती ने बताया कि कुणाल तांती, उसके तीन बेटे और पत्नी ने हमला किया है. पहले से कोई विवाद नहीं था. लगभग छह बजे की घटना है. घटना के बाद आरोपी पक्ष के लोग फरार हैं. घटना के कुछ देर बाद बरारी थाने की पुलिस पहुंची. सभी घायलों को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया.

# लोकगायिका मैथिली ठाकुर ने वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

**संवाददाता। पटना**

पटना के बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के बापू सभाकक्ष में उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ और बिहार खादी, हैंडलूम एवं हैंडिक्राफ्ट की ब्रांड एंबेस्डर लोकगायिका मैथिली ठाकुर द्वारा बिहार खादी स्मारिका, बिहार खादी डायरी व वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया. इस अवसर पर उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि बिहार निरंतर उद्योगों के विस्तार और विकास के लिए प्रयासरत है. खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों पर आधारित उद्योगों के विकास की असीम क्षमताएं हैं. मखाना उत्पादन में बिहार पूरे विश्व में अग्रणी है. वहीं, बिहार खादी की प्रशंसा करते हुए लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई जाने रे' गीत गाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम के अवसर पर रमेश ठाकुर, डॉ. ध्रुव कुमार, एसके. ठाकुर, लेखा पदा. प्रदीप कुमार, अभय कुमार, चिंताहरण शर्मा, कुंज बिहारी मिश्र आदि मौजूद रहे.

### आरा में दोस्त ने मारी गोली, हालत गंभीर

**आरा।** आरा में गुरुवार की देर रात दोस्त ने दोस्त को गोली मार दी. घटना सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव की है. जख्मी व्यक्ति की पहचान एकवारी गांव निवासी 40 वर्षीय आलोक सिंह उर्फ पिंटू सिंह के रूप में की गई है. गोली उनके बाएं साइड सीने में लगी है. गंभीर रूप से जख्मी शख्स को लोगों ने इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है. गोली मारने का आरोप गांव के ही लिली सिंह उर्फ लिलिया पर लगा है. सूचना मिलने पर सहार थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार मौके पर पहुंच मामले की छानबीन कर रहे हैं.

## मुजफ्फरपुर : दीपवाली से भी अधिक उत्सव वाली होगी प्राण प्रतिष्ठा

# 15 लाख दीयों से जगमग होगा मुजफ्फरपुर

**संवाददाता। पटना**

राम नगरी अयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अब पूरे देश भर में जश्न और उत्सव मनाया जा रहा है. वहीं, मुजफ्फरपुर जिले में भी इसको लेकर विशेष तैयारी की जा रही है. शहर का वातावरण राममय हो गया है और सभी मंदिरों में रामधुन हो रही है. 22 जनवरी को दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा. इसको लेकर जिले में लोगों ने तैयारी कर ली है, जिसमें अब तक 15 लाख से अधिक दीयों के ऑर्डर दिए जा चुके हैं.

जानकारी के मुताबिक, 22 जनवरी को प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश के साथ बिहार में भी वातावरण राममय होता जा रहा है. मुजफ्फरपुर जिले में पूजा के साथ 22 जनवरी की शाम को भव्य रूप से दीपोत्सव मनाया जाएगा, इसको लेकर खास तैयारी की जा रही है. प्राण प्रतिष्ठा के दिन के जिले के श्रद्धालुओं ने शहर को दीपमय बनाने की भी तैयारी कर ली है. उस दिन 15 लाख दीयों से घर, प्रतिष्ठान, मठ और मंदिरों को जगमग करने की तैयारी की जा रही है. दरअसल, जिले के डेढ़ सौ से अधिक शिल्पकारों ने मिट्टी के दीये भरपूर संख्या में उपलब्ध कराए है. इन दीयों में पारंपरिक दीयों के ही साथ रंगीन दीये जलाकर इस दिन को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा. दीयों की लगातार मांग को लेकर कुम्हार समाज में भी उत्साह है और इससे उनकी खास आमदनी भी बढ़ी है. स्थानीय कुम्हार और शिल्पकार मोहन कुमार ने बताया कि यह पल बड़ा ही महत्वपूर्ण है. इसलिए इस भीषण ठंड में भी दिन रात काम कर रहे हैं. कारण यही है कि अब कमाई के साथ प्रभु श्री राम की भक्ति का भी बड़ा मौका मिला है. इसलिए इसको गंवाना नहीं चाहते हैं. कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के अध्यक्ष शिवशंकर पंडित ने बताया कि जब से हम सभी शिल्पकारों को जानकारी मिली कि अयोध्या में राम की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन घर, प्रतिष्ठान और सभी मंदिरों में दीयों को जलाया जाएगा.

## कारोबार

### तीन मर्चेन्ट बैंकरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**मुंबई।** सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को तीन मर्चेंट बैंकर के शेयर बिक्री के दौरान अभिदान बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की गतिविधियों में शामिल होने का पता चला है. उन्होंने उनके खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन भी दिया. यहां निवेश बैंकर के समूह की तरफ से आयोजित वार्षिक सम्मेलन में बुच ने कहा कि सेबी को ऐसे मामलों की भी जानकारी मिली है जहां कुछ निर्दोष लोगों के खातों का नियंत्रण लेकर शेयर बाजार में कारोबार किया जाता है.

### अल्ट्राटेक सीमेंट का शुद्ध लाभ 67% बढ़ा

**नयी दिल्ली।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 67 प्रतिशत बढ़कर 1,774.78 करोड़ रुपये हो गया. पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी को 1,062.58 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था. कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस अवधि में उसकी परिचालन आय 7.85 प्रतिशत बढ़कर 16,739.97 करोड़ रुपये हो गई. 2022 की इसी अवधि में यह 15,520.93 करोड़ रुपये थी.

### हिंदुस्तान यूनीलिवर का लाभ 2,508 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली।** साबुन, शैम्पू, कॉफी जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में मामूली 1.08 प्रतिशत बढ़कर 2,508 करोड़ रुपये रहा. हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,481 करोड़ रुपये रहा था. कंपनी ने कहा कि उत्पादों की बिक्री से उसकी आमदनी आलोच्य तिमाही में मामूली घटकर 15,259 करोड़ रुपये रही. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसकी आमदनी 15,314 करोड़ रुपये रही थी.

## यूपीआई ने दिसंबर 2023 में 1202 करोड़ ट्रांजैक्शन का नया रिकॉर्ड बनाया था

# गूगल इंडिया-एनपीसीआई ने मिलाया हाथ

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




इंडियन टूरिस्ट जल्द ही गूगल पे के जरिए दुनियाभर में यूपीआई के जरिए लेन-देन कर पाएंगे. इसके लिए गूगल इंडिया डिजिटल सर्विसेज और एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन किया है. इस एमोयू से यूपीआई की ग्लोबल प्रजेंस मजबूत होगी. विदेशी व्यापारियों की उन इंडियन कस्टमर्स तक पहुंच होगी, जिन्हें अभी डिजिटल पेमेंट के लिए केवल फॉरेन करेंसी, क्रेडिट और फॉरेन करेंसी कार्ड पर निर्भर रहना पड़ता है. गूगल पे ने बयान जारी करते हुए कहा कि इस एमओयू के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं. भारत के बाहर ट्रैवलर्स को यूपीआई पेमेंट के इस्तेमाल को व्यापक बनाना चाहता है, जिससे वह विदेश में आसानी से लेनदेन कर सकें. इसका उद्देश्य अन्य देशों में यूपीआई जैसी डिजिटल पेमेंट सिस्टम स्थापित करने में मदद करना है, जो सीमलेस फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के लिए एक मॉडल प्रोवाइड करेगा. यूपीआई इंफ्रास्ट्रक्चर का यूज करके देशों के बीच रेमिटेंस (फॉरेन करेंसी को प्राप्त करने का जरिया) की प्रोसेस को आसान बनाने के लिए ध्यान केंद्रित करना, जिससे क्रॉस बॉर्डर फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन सिंपल हो जाता है.

**हुआ समझौता**

- इससे विदेशों में लेनदेन करना आसान होगा
- इससे यूपीआई की ग्लोबल प्रजेंस मजबूत होगी

एनआईपीएल के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रीतेश शुक्ला ने कहा कि यह रणनीतिक साझेदारी न केवल इंडियन टूरिस्ट के लिए विदेशी लेनदेन को सरल बनाएगी, बल्कि इससे हमें दूसरे देशों में सक्सेसफुल डिजिटल पेमेंट सिस्टम को ऑपरेट करने के लिए नॉलेज और एक्सपर्टीज भी मिलेगी. उन्होंने कहा कि इस एमओयू से यूपीआई की ग्लोबल प्रजेंस मजबूत होगी. विदेशी व्यापारियों की उन इंडियन कस्टमर्स तक पहुंच होगी, जिन्हें अभी डिजिटल पेमेंट के लिए केवल फॉरेन करेंसी, क्रेडिट और फॉरेन करेंसी कार्ड पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है. गूगल पे इंडिया पार्टनरशिप के डॉयरेक्टर दीक्षा कौशल ने कहा कि यह पेमेंट को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में एक और कदम है. हमें इंटरनेशनल मार्केट में यूपीआई की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एनआईपीएल का सपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है. एक आंकड़े के अनुसार यूपीआई ने दिसंबर 2023 में 1,202 करोड़ ट्रांजैक्शन का नया रिकॉर्ड बनाया था. इस दौरान लोगों ने 18,22,949.45 करोड़ रुपये के ट्रांजैक्शन किए थे. वहीं, एक महीने पहले नवंबर में 1,123 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 17,39,740.61 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए थे.

यूपीआई कैसे काम करता है, यह जानना जरुरी है तो बता दें कि यूपीआई सर्विस के लिए एक वर्चुअल पेमेंट एड्रेस तैयार करना होता है. इसके बाद इसे बैंक अकाउंट से लिंक करना होता है. इसके बाद आपका बैंक अकाउंट नंबर, बैंक का नाम या आईएफएससी कोड आदि याद रखने की जरूरत नहीं होती गै. पेमेंट करने वाला बस आपके मोबाइल नंबर के हिसाब से पेमेंट रिक्वेस्ट प्रोसेस करता है. अगर, आपके पास उसका यूपीआई आईडी (ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर या आधार नंबर) है तो आप अपने स्मार्टफोन के जरिए आसानी से पैसा भेज सकते हैं. न सिर्फ पैसा बल्कि यूटिलिटी बिल पेमेंट, ऑनलाइन शॉपिंग, खरीदारी आदि के लिए नेट बैंकिंग, क्रेडिट या डेबिट कार्ड भी जरूरत नहीं होगी. ये सभी काम आप यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सिस्टम से कर सकते हैं.

### बजट में राजकोषीय घाटे के लिए 5.3 प्रतिशत का लक्ष्य मुमकिन : बोफा

**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में राजकोषीय घाटे को भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रख सकती हैं. एक विदेशी ब्रोकरेज फर्म ने शुक्रवार को यह अनुमान जताया.

बोफा सिक्योरिटीज ने एक टिप्पणी में कहा कि सरकार वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटे को 5.9 प्रतिशत पर लाने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने में सफल रहेगी. ब्रोकरेज फर्म के विश्लेषकों के मुताबिक, हम चुनाव के दबाव के बावजूद केंद्र के राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद के 5.3 प्रतिशत तक सीमित होता हुए देख रहे हैं. इसके मुताबिक, सरकार व्यय में कटौती करने के बजाय पूंजीगत व्यय के सहारे वृद्धि को गति देकर राजकोषीय घाटे को कम करने की अपनी रणनीति पर कायम रहने का विकल्प चुनेगी. ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि डिजिटलीकरण के दम पर संगठित अर्थव्यवस्था को मिले समर्थन ने एक तरफ कर-राजस्व में उछाल और दूसरी तरफ सब्सिडी व्यय जैसे फालतू खर्चों को कम करके राजकोषीय गणित साधने में सरकार की मदद की है.

## 300 से लेकर 400 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ा

# सर्राफा बाजार में तेजी का रुख 63 हजार के करीब पहुंचा सोना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इस सप्ताह लगातार गिरावट का सामना करने के बाद शुक्रवार को घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का माहौल बना हुआ नजर आ रहा है. शुक्रवार को सोने के भाव में 300 से लेकर 400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछाल आई है. इसके कारण ज्यादातर सर्राफा बाजारों में शुक्रवार को 24 कैरेट सोना 63 हजार रुपये के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा है. सोना की तरह ही शुक्रवार को चांदी में 200 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़त नजर आ रही है, जिसके कारण दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी 75,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई. इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है.

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

## उछाल — शेयर बाजार में लौटी तेजी, उतार-चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार

# निवेशकों ने 1 दिन में की 4.04 लाख करोड़ की कमाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लगातार 3 दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन रिकवरी मोड में नजर आया. शुक्रवार के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी. दिन के कारोबार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा. इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में बने रहे. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.70 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए. पूरे दिन के कारोबार के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और मेटल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही. इसी तरह ऑटोमोबाइल और एनर्जी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए. इसके अलावा फार्मास्यूटिकल, रियल्टी और आईटी शेयरों में भी खरीदारी होती रही. शुक्रवार को सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए. मेटल, आईटी, कैपिटल गुड्स, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस और पावर इंडेक्स 1 से लेकर 2 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद हुए. ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.69 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया. शुक्रवार को बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 373.54 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 369.50 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों ने कारोबार से करीब 4.04 लाख करोड़ रुपये की कमाई कर ली.

**खास बातें**

- सेंसेक्स 0.70% व निफ्टी 0.75% पर हुआ बंद
- मिडकैप इंडेक्स 1.69% की मजबूती के साथ बंद हुआ

बीएसई का सेंसेक्स शुक्रवार को 599.88 अंक उछल कर 71,786.74 अंक के स्तर पर खुला. दिन के पहले सत्र के कारोबार में लिवालों और बिकवालों के बीच लगातार खींचतान होती रही. खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 708.78 अंक की तेजी के साथ 71,895.64 अंक तक पहुंचा.

## हवाई यात्रा की बढ़ती मांग का असर

# अकासा एयर ने दिया विमान खरीदने का ऑर्डर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अगस्त 2022 में ऑपरेशन शुरू करने वाली देश की नई एयरलाइंस अकासा एयर ने 150 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने का ऑर्डर दिया है. अकासा ने दावा कि भारत के सिविल एविएशन इंतुहास में ऑपरेशन शुरू करने के महज 17 महीने के भीतर 200 से ज्यादा एयरक्रॉफ्ट का आर्डर करने वाली अकासा एयर पहली भारतीय एयरलाइन बन गई है. अकासा एयर इंटरनेशनल रुट्स में भी उड़ान भरने की योजना बना रही है. किसी भी एयरलाइंस के लिए इंटरनेशनल उड़ान भरने के लिए 20 एयरक्रॉफ्ट का होना बेहद जरुरी है. अकासा एयर के फाउंडर और सीईओ विनय दुबे ने कहा, हम अकासा एयर के फाइनेंशियल स्टैबिलिटी और ग्रोथ की संभावनाओं को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं. उन्होंने कहा हमें सबसे ज्यादा इस बात की खुशी है भरोसे और सर्विसेज देने के साथ ही वैश्विक एविएशन में सुरक्षा देने के मामले में अकासा और उसके कर्मचारियों ने स्टैंडर्ड सेट किया है वो काबिले तारीफ है. अकासा एयर भारतीय शेयर बाजार के दिग्गज निवेश रहे राकेश झुनझुनवाला के परिवार की निवेशित एयरलाइंस है. अकासा ने अगस्त 2022 में अपने घरेलू उड़ान के साथ ऑपरेशन की शुरुआत की थी.

# हनुमान जी के जन्मस्थल से रथ अयोध्या पहुंचा






भाषा। अयोध्या

राम मंदिर में 22 जनवरी को 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से पहले भगवान हनुमान की जन्मस्थली किष्किंधा से एक विशेष रथ अयोध्या पहुंच गया है. देशभर के मंदिरों का भ्रमण करते हुए, रथ को अयोध्या लाने से पहले नेपाल में माता सीता के जन्मस्थल जनकपुर ले जाया गया था. सौ भक्तों का समूह रथ के साथ नाचते-गाते, जय श्री राम का उद्घोष करते हुए और भगवान राम की तस्वीरों वाले भगवा झंडे लहराते हुए यात्रा कर रहा था.

श्री हनुमान जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अभिषेक कृष्णशास्त्री ने कहा, जब हजारों लोग राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के महत्वपूर्ण दिन के लिए अयोध्या जा रहे हैं, तो भगवान हनुमान वहां कैसे नहीं हो सकते? हम इस रथ यात्रा के लिए निकले और पिछले दो महीनों में कई स्थानों की यात्रा की. रथ 25 जनवरी तक अयोध्या में रहेगा. रथ पर भगवान राम की हनुमान को गले लगाते हुए एक मूर्ति है. हनुमान भगवान राम के सबसे बड़े भक्त माने जाते हैं. अयोध्या का भ्रमण करने के बाद, रथ को सरयू नदी के तट पर खड़ा किया गया है जहां पर्यटक और भक्त इस रथ की ओर आकर्षित हो रहे हैं. कर्नाटक में हम्पी स्थित हनुमान जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अगले छह वर्ष में किष्किंधा में 1,200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से भगवान हनुमान की 215 मीटर की प्रतिमा बनाने की भी योजना बना रहा है.

ऐसा माना जाता है कि किष्किंधा यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हम्पी के बाहरी इलाके में स्थित है. कृष्णशास्त्री ने कहा, रथ को 40 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है. इसमें भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, भगवान हनुमान, हम्पी के भगवान विरूपाक्ष और भगवान हनुमान की माता अंजनी की प्रतिमाएं हैं.

### झारखंड की एकमात्र चरण पादुका, जो अयोध्या में पूजी गयी थी

# बिनोद सोनी के घर में है प्रभु की चरण पादुका

संवाददाता। कर्रा (रांची)

अयोध्या के रामजन्म भूमि स्थल पर 30 वर्ष पूर्व पूजी गयी श्रीराम जी का चरण पादुका खूंटी जिले के कर्रा में विराजमान है. 22 जनवरी को इस चरण पादुका का कर्रा में विधिवत धार्मिक अनुष्ठान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. संभवतः श्रीराम जी जन्मस्थली पर पूरे धार्मिक अनुष्ठान से पूजी गयी यह चरण पादुका झारखंड में सिर्फ यहीं है.

यह चरण पादुका पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के सखा रहे वयोवृद्ध 80 वर्षीय बिनोद सोनी जी के कर्रा आवास पर है. यहां उनके पूजा कक्ष में नियमित चरणपादुका की पूजा होती है. बिनोद सोनी कहते हैं कि कार सेवकों पर गोली चलने, विवादित ढांचा गिरने के पहले श्रीराम जी के जन्मस्थान पर ही इस चरण पादुका की विधिवत अनुष्ठान के साथ पूजन की गयी थी. इस पादुका को वहीं जन्मस्थल पर ही स्थापित करनी थी, पर मेरे अंदर श्री राम धुन कुछ ऐसी जागी कि मैं इस पादुका को खुद से अलग नहीं कर सका. श्री राम के मोहपाश में फंस चरणपादुका को कर्रा लेते आया. तब से प्रति दिन इसकी पूजा होती आ रही है.

22 जनवरी को यहां चरणपादुका के सम्मान में वृहद धार्मिक अनुष्ठान कराने का निर्णय लिया गया है. अयोध्या श्री राम जी के जन्मस्थली में पूजित चरण पादुका का यहां होना कर्रा वासियों के लिए सौभाग्य की बात है. श्रीराम जी के चरण को छूकर हम रोज सुबह की शुरुआत करते हैं, इससे बेहतर क्या हो सकता है. 22 जनवरी के चरणपादुका कार्यक्रम को भव्य बनाने की पूरी तैयारी की जाएगी.



## ब्रीफ खबरें

### योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंचे

**अयोध्या।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे और यहां सबसे पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी मंदिर के दर्शन किये. अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद सीएम राम मंदिर गये और सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की.मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन, आरती व परिक्रमा की. तीन दिन बाद 22 को रामलला अपने भव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे. इसलिए सीएम ने यहां की सभी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया.

### महुआ मोइत्रा ने खाली किया सरकारी बंगला

**नयी दिल्ली।** संपदा निदेशालय की एक टीम शुक्रवार को टीएमसी नेता और लोकसभा से निष्कासित सांसद महुआ मोइत्रा से सरकारी बंगला खाली कराने के लिए भेजी गयी. जान लें कि पिछले माह लोकसभा की सदस्यता जाने के बाद महुआ मोइत्रा को दो बार सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भेजा जा चुका था. इस मामले में महुआ मोइत्रा के कार्यालय ने कहा कि अधिकारियों के आने से पहले ही परिसर खाली कर दिया गया.

### पाक में चुनाव कराने के लिए समिति गठित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने देश में आठ फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव में निष्पक्ष मतदान के लिए सात सदस्यीय समिति गठित की है. मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई. प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि संचार, रेलवे तथा समुद्री मामलों के अंतरिम मंत्री शाहिद अशरफ तरार को समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है.

### लड़के से यौन शोषण का आरोप, पादरी गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिणी केरल के तिरुवनंतपुरम जिले में 13 वर्षीय लड़के का यौन शोषण करने के आरोप में पेंटेकोस्टल चर्च के एक पादरी को गिरफ्तार किया गया है. यह घटना बुधवार को कत्ताक्कादा पुलिस थाना के अधिकार क्षेत्र में हुई. पादरी पर लड़के को जाल में फंसाकर उसका यौन शोषण करने का आरोप है. वह अस्पताल गई अपनी दादी का इंतजार कर रहा था जिस दौरान पादरी ने उसे

### 90,000 से अधिक घरों के लाभार्थियों को किया समर्पित

# प्राण प्रतिष्ठा के दिन राम ज्योति जलाएं: पीएम मोदी

एजेंसी। सोलापुर (महाराष्ट्र)

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार पहले ही दिन से प्रयास कर रही है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन और ईमानदारी का राज हो. उन्होंने शुक्रवार को लोगों से 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन राम ज्योति जलाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह उनके जीवन से गरीबी हटाने की प्रेरणा होगी. उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी का मतलब है. गारंटी पूरी होने की गारंटी. भगवान राम ने हमें किये गये वादों का सम्मान करना सिखाया. हम गरीबों के कल्याण और उनके सशक्तीकरण के लिए निर्धारित सभी लक्ष्यों को पूरा कर रहे हैं.

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के सोलापुर में राज्य में लगभग 2,000 करोड़ रुपये की आठ अमृत (कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन) परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत पूरे किये गये 90,000 से अधिक घरों को भी लाभार्थियों को समर्पित किया. पीएम ने सोलापुर में रायनगर हाउसिंग सोसाइटी के 15,000 घरों को समर्पित किया, जिनके लाभार्थियों में हजारों हथकरघा श्रमिक, विक्रेता, बिजली करघा श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक और चालक शामिल हैं.

### राम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन का राज हो : प्रधानमंत्री



### खास बातें

- पीएम ने रखी दो हजार करोड़ के परियोजना की आधाशिला
- मोदी ने कहा- श्री राम ने हमें वादों का सम्मान करना सिखाया

### खुशी तब मिलती है जब लोगों के सपने सच होते हैं

उन्होंने कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र में पीएम-स्वनिधि के 10,000 लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त के वितरण की भी शुरुआत की. इस दौरान प्रधानमंत्री कुछ पल के लिए भावुक भी हो गये. उन्होंने रूंधे गले से कहा कि काश ! उन्हें युवा अवस्था में ऐसे घरों में रहने का अवसर मिला होता. उन्होंने कहा, खुशी तब मिलती है जब लोगों के सपने सच होते हैं. उनका आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी है. जिन लोगों को मकान मिले हैं, उनसे 22 जनवरी को राम ज्योति जलाने की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि यह उनके जीवन से गरीबी मिटाने की प्रेरणा होगी.

### भारत वैश्विक विमानन बाजार में नई जान फूंकने को तैयार : मोदी

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विमानन और वैमानिकी क्षेत्र में भारत की प्रगति और क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि देश वैश्विक विमानन बाजार में नई जान फूंकने को तैयार है. विमान विनिर्माता बोइंग के न्यू बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर के परिसर का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं विमानन तथा वैमानिकी क्षेत्र में अग्रणी हैं, चाहे वह लड़ाकू विमान हो या नागरिक विमान. मोदी ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का समय आ गया है. उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा प्रमुख घरेलू विमानन बाजार बन गया है और एक दशक में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो जाएगी.

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम में

# नाव से माजुली पहुंचे राहुल गांधी

एजेंसी। जोरहाट

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी के सहयोगी शुक्रवार सुबह नौका से माजुली के लिए रवाना हुए. इसी के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम में फिर शुरू हुई. यात्रा में शामिल नेता और समर्थक नावों से जोरहाट जिले के निमतीघाट से माजुली जिले के अफलामुख घाट पहुंचे. वहीं, कुछ वाहनों को भी बड़ी नावों की मदद से ब्रह्मपुत्र नदी के पार पहुंचाया गया. राहुल के साथ पार्टी महासचिव जयराम रमेश, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया सहित पार्टी के कई शीर्ष नेता मौजूद थे.



### पीएम मोदी खुद राम का अवतार बनना चाहते हैं : अधीर रंजन

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी खुद राम का अवतार बनना चाहते हैं. राम को बड़े सोचे समझे तरीके से चुनावी मुद्दे में खींचकर बदनाम कर रहे हैं. कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह कहते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा है. इस क्रम में चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हल्ला बोलते हुए तंज कसा. क्या वह देश में एकमात्र हिंदू है और क्या हम हिंदू विरोधी है. पूछा कि यहां पर शंकराचार्यों को क्या कहा जायेगा, अगर पीएम मोदी ही हिंदू बचे हैं. इससे पूर्व अधीर रंजन चौधरी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार करते हुए कहा था कि भाजपा राजनीतिक मकसद के लिए भगवान राम के नाम का इस्तेमाल कर रही है. अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह जारी है. कई नेताओं और बड़ी हस्तियों को निमंत्रण पत्र भेजे जा चुके हैं. अधिकतर विपक्षी दलों ने निमंत्रण ठुकरा दिया है.

### घबरा गये हैं हिमंत विश्व शर्मा : कांग्रेस

**गुवाहाटी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि लोगों की प्रतिक्रिया से घबराये असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा राज्य में राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं. पार्टी महासचिव रमेश ने कहा कि यात्रा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छह और दिन राज्य में जारी रहेगी. उन्होंने यात्रा के माजुली द्वीप पर पहुंचने के बाद शुक्रवार सुबह एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि असम के मुख्यमंत्री पिछले दो दिन से राज्य में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया से परेशान और घबराये हुए हैं. उन्होंने कहा कि असम के विविध समाज के सभी वर्गों और सभी आयु समूहों के लोग राहुल का उत्साहपूर्वक स्वागत कर रहे हैं. रमेश ने कहा, असम के मुख्यमंत्री अपशब्द कह सकते हैं और बदनाम कर सकते हैं, वह डरा और धमका सकते हैं लेकिन हम डरे नहीं हैं. वह जाहिर तौर पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के असर से परेशान हैं, जो उसे पटरी से उतारने के उनके निरंतर प्रयासों के बावजूद छह और दिन असम में जारी रहेगी. मालूम हो कि असम पुलिस ने गुरुवार को जोरहाट शहर में यात्रा के निर्धारित मार्ग में परिवर्तन करने के आरोप में यात्रा तथा उसके मुख्य आयोजक केबी बायजु के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेकर प्राथमिकी दर्ज की.

## राष्ट्रपति सोमवार को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी

भाषा। नयी दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी. एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पुरस्कार विजेताओं से बातचीत करेंगे. इन बच्चों में दो आकांक्षी जिलों समेत 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नौ लड़के तथा 10 लड़कियां शामिल हैं. बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 छह श्रेणियों - कला और संस्कृति (7), वीरता (1), नवाचार (1), विज्ञान और प्रौद्योगिकी (1), सामाजिक सेवा (4) और खेल (5) में दिए जाएंगे. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य 5 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को पहचानना तथा उन्हें पुरस्कृत करना है. प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक और एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा.



### चार्टर्ड उड़ान से अंतरिक्ष स्टेशन के लिए यात्री रवाना

**केप केनवरल (अमेरिका)।** तुर्किये, स्वीडन और इटली के अंतरिक्ष यात्री गुरुवार को एक चार्टर्ड स्पेसएक्स उड़ान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए. फाल्कन रॉकेट ने तीनों व्यक्तियों को लेकर दोपहर को नासा के केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी. इन तीनों के पास सेना में पायलट का अनुभव है और वे अपने-अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. उनके कैप्सूल के शनिवार को अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने की उम्मीद है. वे वहां दो सप्ताह का वक्त बिताएंगे और इस दौरान कई प्रयोग करेंगे, स्कूली बच्चों से बातचीत करेंगे और वापस लौटने से पहले पृथ्वी के दृश्य देखेंगे.

## वैश्विक नेताओं से विश्वास की बहाली पर जोर देने की अपील

भाषा। दावोस

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के आखिरी दिन शुक्रवार को वैश्विक नेताओं से विश्वास की बहाली, अर्थव्यवस्था में नई जान डालने और भ्रामक सूचना, समाज में ध्रुवीकरण, जलवायु परिवर्तन एवं संघर्षों के जोखिमों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की अपील की गई. डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बोर्ज ब्रेंडे ने कहा, इस बार की सालाना बैठक महत्वपूर्ण और जटिल समय पर हुई. वैश्विक स्तर पर बढ़ते तापमान, नाजुक अर्थव्यवस्था और सीमाओं से परे की सुरक्षा चुनौतियों से पता चलता है कि अकेले आगे बढ़ पाना संभव नहीं है. उन्होंने कहा, इन चुनौतियों की वजह से विश्वास की बहाली बेहद अहम हो जाती है. हम एक साथ काम करके ही ऐसा कर सकते हैं. ब्रेंडे ने कहा कि स्विट्जरलैंड के इस पर्वतीय इलाके में संपन्न बैठक में 350 सरकारी नेताओं समेत करीब 3,000 दिग्गज शामिल हुए. इसके अलावा यूक्रेन मसले पर चर्चा के लिए 80 से अधिक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख भी यहां पहुंचे. उन्होंने कहा, सहयोग हमेशा परिणाम देता है.

**दावोस बैठक**

### भूस्खलन में घर दबने से 10 लोगों की मौत

**दवाओ।** दक्षिणी फिलीपीन में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक घर दब गया, जिससे पांच बच्चों समेत कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई. घटना के समय ईसाई समुदाय के लोग घर में प्रार्थना कर रहे थे. सरकार के नागरिक सुरक्षा कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख एडनार दयानघिरंग ने बताया कि यह घटना दवाओ डी ओरो प्रांत के मोनकायो कस्बे में दूरस्थ पहाड़ी पर स्थित एक गांव में हुई.




## कॅरियर-काउंसिलिंग

# जानिए कैसे बने इसरो में सांइटिस्ट




**एजुकेशन रिपोर्टर / रजनीश प्रसाद।** बेंगलुरु स्थित इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन देश की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी है. यह अंतरिक्ष विभाग द्वारा चलाया जाता है, जिसकी देखरेख सीधे भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा की जाती है, और इसरो के अध्यक्ष भी डॉस के कार्यकारी के रूप में कार्य करते हैं. इसरो की स्थापना 1969 में राष्ट्रीय विकास के लिए स्पेस टेक्नोलॉजी के विकास और उपयोग के साथ-साथ ग्रहों की खोज और अंतरिक्ष विज्ञान रिसर्च को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी.

### इसरो में कॅरियर बनाने के लिए जरूरी बातें

- सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, छात्रों को 10 2 स्तर के दौरान पीसीएम विषयों (गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान) की आवश्यकता होती है.
- उच्च माध्यमिक विद्यालय को 75प्रतिशत से ऊपर अंक के साथ पास करने के बाद, छात्रों को जेईई एडवांस और जेईई मेन्स के माध्यम से उपलब्ध कई इंजीनियरिंग शाखाओं में से एक में दाखिला लेना चाहिए. भले ही सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कोर्सेज की सूची लंबी है, छात्रों को मैकेनिकल इंजीनियरिंग, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, रेडियो इंजीनियरिंग और अन्य संबंधित क्षेत्रों में बीटेक या बीई करना चाहिए.
- बीटेक/बीई डिग्री पूरी होने पर इसरो में वैज्ञानिक बनने का तीसरा चरण है इसरो सेंट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट बोर्ड (आईसीआरबी) की परीक्षा देना. इस परीक्षा में बैठने के लिए योग्यता यह है कि उम्मीदवार के पास कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स या मैकेनिकल या किसी अन्य संबंधित क्षेत्र में बीटेक या बीई डिग्री होनी चाहिए, जिसमें न्यूनतम कुल 65प्रतिशत अंक हों या 10 के पैमाने पर 6.8 सीजीपीए हो. परीक्षा, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को संगठन में सफलतापूर्वक शामिल होने के लिए एक लिखित परीक्षा और एक साक्षात्कार दौर के लिए उपस्थित होना होगा.
- डिग्री प्रोग्राम के पूरी होने पर, कुछ शीर्ष एमटेक कोर्सेज में शामिल हो, जैसे कि जियोफिजिक्स, जियोइन्फॉर्मेटिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन, अप्लाइड मैथमेटिक्स आदि. इसरो में सीधे आवेदन करने के लिए, चयन प्रक्रिया में एक लिखित परीक्षा और एक साक्षात्कार शामिल है. इसे पास करके उम्मीदवार इसरो में वैज्ञानिक के रूप में नौकरी पा सकते हैं.
- कोई भी छात्र इसरो में जूनियर रिसर्च फेलो के पद के लिए आवेदन कर सकता है, जो उन्हें वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के रूप में रिसर्च करने की अनुमति देता है. ऐसे संगठन में एक वैज्ञानिक के लिए चयन प्रक्रिया अत्यंत कठिन है और इसके लिए उच्चतम स्तर की बुद्धि और प्रस्तुत करने योग्य और आराम से व्यवहार की आवश्यकता होती है.

### 12वीं के बाद स्पेस साइंस कोर्स

- बीटेक इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग
- बीटेक एमएस और एमटेक
- बीएसी इन फिजिक्स
- एमएससी इन फिजिक्स
- बीटेक इन इंजीनियरिंग फिजिक्स
- मास्टर इन एसट्रोनॉमी

### इसरो के लिए योग्ता

- इसरो साइंटिस्ट योग्यता के अनुसार कैंडिडेट की अधिकतम आयु 28 वर्ष होनी चाहिए.
- शिक्षा के लिए इसरो साइंटिस्ट योग्यता के अनुसार, न्यूनतम 65 प्रतिशत अंकों होना चाहिए.
- कैंडिडेट का लास्ट सिलेक्शन इंटरव्यू के इसरो साइंटिस्ट रिजल्ट के आधार पर होगा.

### कंप्यूटर इंजीनियरिंग के बाद इसरो में नौकरी कैसे पाएं?

- आपको अपने बीटेक/बीई प्रोग्राम में कम से कम 65 प्रतिशत स्कोर करने की आवश्यकता है.
- आपकी उम्र 35 साल से कम होनी चाहिए.
- आपको इसरो केंद्रीकृत भर्ती बोर्ड द्वारा परीक्षा देनी होगी.
- परीक्षण में टीम में शामिल होने के लिए एक लिखित परीक्षा और एक साक्षात्कार शामिल है.

### साइंटिस्ट बनने के लिए प्रवेश परीक्षा

- भारत में इसरो साइंटिस्ट बनने के लिए इसरो सेंट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट बोर्ड एग्जाम देना होता है.

### जॉब अलर्ट



**पुणे नगर निगम ने जूनियर इंजीनियर के पदों पर भर्ती निकाली है.**

- संस्था – पुणे नगर निगम
- पद नाम – जूनियर इंजीनियर
- पद संख्या – 113
- अधिसूचना – जारी
- योग्यता – डिग्री/डिप्लोमा
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- फॉर्म भरने तिथि – 16 जनवरी–5 फरवरी 2024
- ऑफिसियल वेबसाइट – https://www.pmc.gov.in
- शैक्षणिक योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री डिप्लोमा होनी चाहिए.
- आयु सीमा – 18 से 38 वर्ष
- आवेदन शुल्क –
- सामान्य व पिछड़ा वर्ग – 1000
- एससी/एसटी/दिव्यांग महिला – 900

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)